RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 220
लखनऊ, रविवार, 2 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथः शाह
राष्ट्रीय-10

# मतदान खत्म, अब चार जून का इंतजार

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**19 अप्रैल से** शुरू हुआ लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार शनिवार को संपन्न हो गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सहित 57 सीटों पर सातवें दौर के मतदान के बाद (शाम 5 बजे) 60 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत को अपडेट किये जाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों के बीच हिंसा की घटनाएं सामने आईं तथा कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी और धांधली की शिकायतें दर्ज की गईं। इस चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट सहित 57 सीट पर मतदान हो रहा है। ओडिशा की शेष 42 विधानसभा सीट के वास्ते चुनाव और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ हो रहे हैं।

शनिवार को होने वाले मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुई मैराथन मतदान प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधानसभाओं के लिए भी मतदान हुआ। भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करके सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है। विपक्षी इंडिया गठबंधन कुछ राज्यों में संयुक्त लड़ाई लड़कर राजग का मुकाबला कर रहा है। मतों की गिनती 4 जून को होगी। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना 2 जून को होगी।



कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

झारखंड में करीब 67.95 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश में ॉ54, पश्चिम बंगाल में 69.89, बिहार में 48.86 और हिमाचल प्रदेश में 66.56 प्रतिशत मतदान हुआ। पंजाब में शाम 5 बजे तक 55.20 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि चंडीगढ़ में 62.80 प्रतिशत मतदान हुआ। ओडिशा में करीब 62.46 प्रतिशत मतदान हुआ। आम चुनाव के पहले छह चरणों में मतदान क्रमशः 66.14 प्रतिशत, 66.71 प्रतिशत, 65.68 प्रतिशत, 69.16 प्रतिशत, 62.2 प्रतिशत और 63.36 प्रतिशत रहा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया था। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडों ने मतदाताओं को मतदान करने से रोका। टीएमसी ने पलटवार करते हुए पात्रा और भाजपा के गुंडों पर चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बसंती एक्सप्रेस हाईवे पर जब दोनों समूहों में झगड़ा हुआ, तो पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू (शेष पेज 9)

# एग्जिट पोल में फिर मोदी की सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने की पूरी संभावना है, क्योंकि शनिवार को कई एग्जिट पोल में लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। इन सर्वेक्षणकर्ताओं के अनुसार, पूरी संभावना है कि सत्तारूढ़ गठबंधन तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलेगा और कर्नाटक में जीत हासिल करेगा, लेकिन बिहार, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में इसकी संख्या में गिरावट देखी जा सकती है। रिपब्लिक टीवी-पी मार्क पोल में दावा किया गया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन 359 सीटों तक जीत हासिल करेगा और विपक्षी इंडिया ब्लॉक 543 सदस्यीय लोकसभा में 154 सीटें हासिल करेगा। रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़ पोल ने एनडीए को 353-368 सीटें और विपक्ष को 118-133 सीटें दी हैं। जन की बात पोल में सत्तारूढ़ एनडीए को 362-392 सीटें और विपक्षी गठबंधन को 141-161 सीटें दी गईं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ने उन्हें क्रमशः 371-401 और 109-139 सीटें दीं, जबकि न्यूज नेशन द्वारा अनुमानित संख्या 342-378 और 153-169 थी।

एक्सिस माई इंडिया और टुडेज चाणक्य सहित कुछ अन्य एग्जिट पोल ने रिपोर्ट दाखिल होने तक पूर्ण नतीजों का पूर्वानुमान नहीं लगाया था।

एग्जिट पोल 2024



| स्रोत | एनडीए | इंडिया गठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|
| एनडीटीवी | 361 | 145 | 37 |
| इंडिया टीवी | 371-401 | 109-139 | 28-38 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |
| रिपब्लिक भारत-माटरिज | 353-368 | 118-133 | 43-48 |
| रिपब्लिक टीवी-पी मार्क | 359 | 154 | 30 |
| सीएनएन न्यूज 18 | 355-370 | 125-140 | 42-52 |

2019 के चुनावों में, भाजपा ने 303 सीटें जीतीं, जबकि एनडीए की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 सीटें और उसके सहयोगियों को 38 सीटें मिली थीं। लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों द्वारा इंडिया ब्लॉक का गठन किया गया था। शनिवार को सातवें और आखिरी चरण का मतदान समाप्त होने के बाद, मोदी ने विश्वास जताया कि लोगों ने एनडीए सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है और कहा कि 'अवसरवादी इंडिया गठबंधन' मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा, जिन्होंने उनके प्रतिगामी राजनीति को खारिज कर दिया। हालांकि, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों ने एक सक्षम, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए और तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए वोट किया है, उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी 370 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगी और एनडीए 400 से ज्यादा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# केजरीवाल आज जाएंगे जेल, जमानत पर फैसला पांच जून को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय राजधानी** स्थित एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शनिवार को अपना फैसला पांच जून तक के लिए सुरक्षित रख लिया। मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन से संबंधित है जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह उल्लेख करते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया कि आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने के लिए है, न कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत के विस्तार के लिए। शीर्ष अदालत ने 10 मई को मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव में (शेष पेज 9)

# रक्त नमूना बदलने का मामलाः पोर्श हादसे में नाबालिग चालक की मां गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे



**पुणे** पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे पांच जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा, हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर (शेष पेज 9)

# इंडिया गठबंधन को मिलेंगी 295 से ज्यादा सीटें: खड़गे

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को दावा किया कि आज संपन्न हुए सात चरण के आम चुनाव 2024 में इंडिया ब्लॉक गठबंधन 295 से अधिक लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। खड़गे ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी सहित ब्लॉक के शीर्ष नेताओं के साथ 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर मुलाकात की। विपक्ष की बैठक के बाद खड़गे ने कहा, 'इंडिया ब्लॉक को बड़ा बहुमत मिलेगा, हमारे साथ लोगों का सर्वे है।' उन्होंने कहा कि पार्टियों ने वोटों की गिनती के दौरान उठाए जाने वाले कदमों के लिए रविवार को चुनाव आयोग से भी समय मांगा है और अपने कार्यकर्ताओं को 4 जून को सभी औपचारिकताएं पूरी होने तक मतगणना हॉल नहीं छोड़ने के लिए कहा है।

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, सीपीआई-एम, सीपीआई, डीएमके, जेएमएम, आप, राजद, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) के वरिष्ठ नेताओं ने चर्चा की, यहां तक कि अंतिम चरण का मतदान भी चल रहा था। बैठक में शामिल होने वाले विपक्षी नेताओं में शरद पवार,



नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, माकपा के नेता सीताराम येचुरी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, आप नेता अरविंद केजरीवाल तथा संजय सिंह, भाकपा नेता डी राजा शामिल हुए।

अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अनिल देसाई, सीताराम येचुरी, अरविंद केजरीवाल, भागवत मान, संजय सिंह और राघव चड्ढा, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, टीआर बालू, फारूक अब्दुल्ला, डी राजा और मुकेश सहनी शामिल थे। डीएमके का प्रतिनिधित्व पार्टी कोषाध्यक्ष और डीएमके संसदीय दल के नेता टी.आर. बालू.थिरु ने किया। बैठक में मौजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इंडिया अलायंस को 295+ सीटें मिल रही हैं और भाजपा लगभग 220 सीटें जीतेगी और एनडीए गठबंधन 235 सीटें जीतेगा। केजरीवाल ने कहा, इंडिया गठबंधन अपने दम पर एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाएगा। (पीएम का चेहरा) 4 जून को तय किया जाएगा। केजरीवाल ने पंजाब को छोड़कर दिल्ली सहित अन्य जगहों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, जहां पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ लड़ीं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में भाजपा की सभी सीटें हार जाएंगी और इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। यादव ने बैठक में कहा, बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी, सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स का भूचाल आ गया। ये सभी भूकंप समाप्त हो जाएंगे। जबकि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकसभा चुनाव में 295+ हासिल करने का भरोसा जताया। तेजस्वी ने कहा, इंडिया (गठबंधन) जीत रहा है। हम (पीएम के चेहरे पर) बाद में फैसला करेंगे...उनकी (बीजेपी की) फिल्म '400 पार' पहले चरण में ही फ्लॉप हो गई। बैठक में मौजूद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के नेता अनिल देसाई ने कहा कि कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा सहित इंडिया के सहयोगी दल महाराष्ट्र से 30-35 सीटें जीतेंगे और 295 प्लस सर्वेक्षण में प्रमुख योगदानकर्ता होंगे। (शेष पेज 9)

# ग्राउंड जीरो से पायनियर की रिपोर्ट

## उत्तर प्रदेश



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीट पर शनिवार को शाम छह बजे तक 55.55 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इस चरण में मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत 144 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखपुर शहर के प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ कन्या में बने मतदान केंद्र में वोट डाला। राज्य की इन 13 सीट पर लोकसभा चुनाव के साथ-साथ सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) पर उपचुनाव के लिए भी मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया।

निर्वाचन आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक बलिया में 50.56 प्रतिशत, बांसगांव में 50.06 प्रतिशत, चंदौली में 58.19 प्रतिशत, देवरिया में 54.13 प्रतिशत, गाजीपुर में 53.53 प्रतिशत, घोसी में 53.19 प्रतिशत, गोरखपुर में 52.53 प्रतिशत, कुशीनगर में 56.04 प्रतिशत, महाराजगंज में 58.66 प्रतिशत, मिर्जापुर में 55.83 प्रतिशत, रॉबर्ट्सगंज में 54.25 प्रतिशत, सलेमपुर में 50.21 प्रतिशत और वाराणसी में 54.58 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा (सुरक्षित) उपचुनाव के लिए छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सोनभद्र जिले में दुद्धी (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से 2022 में चुने गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राम दुलाल को दुष्कर्म के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। सोनभद्र जिले के दुद्धी (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव भी शनिवार को हो रहा है। शाम पांच बजे तक दुद्धी में 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ। (शेष पेज 9)

## हिमाचल प्रदेश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीट के लिए शनिवार को जारी मतदान के दौरान शाम पांच बजे तक 66.56 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 64.07 प्रतिशत, मंडी में 69.07 प्रतिशत, हमीरपुर में 65.90 प्रतिशत और शिमला (सुरक्षित) सीट पर 67.50 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ जिन छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो रहे हैं उनमें से धर्मशाला में 66.27 प्रतिशत, लाहौल-स्पीति में 73.72 प्रतिशत, सुजानपुर में 63 प्रतिशत, बड़सर में 50 प्रतिशत, गगरेट में 68.28 प्रतिशत और कुटलेहड़ में 71.40 प्रतिशत मतदान हुआ।

भाजपा ने हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि सुक्खू ने नादौन में मतदान के दौरान कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया का पटका पहना था, जो आपत्तिजनक था। भाजपा ने मुख्यमंत्री और चुनाव एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।चंबा जिले के चुराह उपमंडल में सांवल ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले माखन-चचूल क्षेत्र के निवासियों ने उचित सड़क संपर्कऔर बिजली आपूर्ति (शेष पेज 9)

## पंजाब

**चंडीगढ़।** पंजाब के 13 लोकसभा क्षेत्रों में शनिवार को शाम पांच बजे तक 55.20 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि चंडीगढ़ लोकसभा सीट के लिए इस समय तक 62.80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अधिकारियों ने बताया कि मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया लेकिन मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी, क्योंकि कई लोग कतारों में खड़े होकर वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में पंजाब में 65.96 प्रतिशत और चंडीगढ़ में 70.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम पांच बजे तक बठिंडा लोकसभा सीट पर 59.25 प्रतिशत और गुरदासपुर सीट पर 58.34% मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, अमृतसर में 48.55, खडूर साहिब में 55.90, जालंधर में 53.66, होशियारपुर में 52.39, आनंदपुर साहिब में 55.02, लुधियाना में 52.22, फतेहगढ़ साहिब में 54.55, फरीदकोट में 54.38, फिरोजपुर में 57.68, संगरूर में 57.21 और पटियाला में 58.18% मतदान हुआ। सुबह जल्दी वोट डालने वालों में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़, आप नेता राघव चड्ढा, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार मालविंदर सिंह कंग, भाजपा उम्मीदवार तरणजीत सिंह संधू, शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार अनिल जोशी, (शेष पेज 9)

## ओडिशा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में झड़पों की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर, लोकसभा की छह और विधानसभा की 42 सीट के लिए शनिवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ तथा शाम पांच बजे तक 62.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य में संभवतः भीषण गर्मी की चपेट में आने से एक मतदान अधिकारी और एक मतदाता की मौत हो गई। मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर संसदीय क्षेत्रों के साथ-साथ इन लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ था। मतदान शाम छह बजे तक हुआ। राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एन.बी. ढल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की कुछ खबरों को छोड़कर अब तक 10,882 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा है। ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतों को दूर कर दिया गया। शाम पांच बजे तक, 99.61 लाख से अधिक मतदाताओं में से करीब 62.46 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जगतसिंहपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 65.93% मतदान हुआ, इसके बाद मयूरभंज में 64.17 प्रतिशत, जाजपुर में 62.92%, केंद्रपाड़ा में 62.02%, बालासोर में 61.91 और भद्रक में 58.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। (शेष पेज 9)

## पश्चिम बंगाल



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में शनिवार को पश्चिम बंगाल की नौ लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 69.89 प्रतिशत मतदान हुआ। एक निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था और शाम छह बजे तक जारी रहा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सर्वाधिक 76.56 प्रतिशत मतदान बशीरहाट सीट पर हुआ। इसके बाद मथुरापुर में 74.13 प्रतिशत, जयनगर में 73.44 प्रतिशत, डायमंड हार्बर में 72.87 प्रतिशत और बारासात में 71.80 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जादवपुर में 70.41 प्रतिशत, दमदम में 67.60, कोलकाता उत्तर में 59.23 और कोलकाता दक्षिण में 60.88 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारी ने बताया कि बारानगर विधानसभा सीट पर हो रह उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 66.70 प्रतिशत मतदान हुआ। बंगाल में नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान के दौरान बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच व्यापक हिंसा हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। सातवें चरण में पश्चिम बंगाल के शेष आठ संसदीय क्षेत्रों में भी हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। वैसे निर्वाचन आयोग ने दावा किया है कि अबतक मतदान शांतिपूर्ण रहा है तथा उसे ईवीएम के काम नहीं करने एवं एजेंट को मतदान स्थल पर जाने से रोकने जैसी 1,899 शिकायतें मिली हैं। जादवपुर निर्वाचन क्षेत्र के भांगर में टीएमसी और आईएसएफ समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें दोनों ओर से देसी बम फेंके जाने का आरोप लगाया गया।

# एक बार फिर प्रचंड बहुमत वाली मोदी सरकार बननी तयः योगी

## सातवें चरण के चुनाव में वोट डालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की जनता जनार्दन के प्रबल समर्थन और आशीर्वाद से 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के अलग अलग चरणों मे हुए मतदान का फैसला आएगा तो एक बार फिर प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बननी तय है। जनता ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को भरपूर आशीर्वाद दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को 'पहले मतदान फिर जलपान' के मंत्र का अनुसरण करते हुए गोरखनाथ स्थित प्राथमिक विद्यालय कन्या इंग्लिश मीडियम) के बूथ संख्या 249 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह सात बजे ही बूथ पर पहुंचे मुख्यमंत्री अपने बूथ के पहले वोटर भी बने। मतदान करने के



बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की और फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर जलपान किया।

मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण का चुनाव आज देश के 8 राज्यों की 57 सीटों पर हो रहा है। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश की 13 सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, घोसी, रॉबर्ट्सगंज, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली व मिर्जापुर पर भी आज वोट डालें जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई महीने से अधिक समय से जो देश के अंदर आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों ने जनता जनार्दन के सामने अपने-अपने मुद्दे रखे। अपनी सरकारों के समय के कार्य और कारनामों को रखा। देश के अंदर नई सरकार का गठन करने के लिए मतदाताओं ने सभी राजनीतिक दलों के शासनकाल और कुछ दलों की पूर्व सरकारों के कारनामों का अवलोकन करते हुए उनका मूल्यांकन किया है। देश के अंदर जो समर्थन मिला है उसको ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि 4 जून को जब जनता जनार्दन का फैसला आएगा तो देश के अंदर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, विरासत भी-विकास भी, गरीबों के प्रति संवेदना भी और युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए जिन लोगों ने, जिन पार्टियों ने, जिन सरकारों ने काम किया है, उनको जनता का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। जनता को यह सुखद अनुभूति होगी देश में मोदी जी एक बार फिर से प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे और उत्तर प्रदेश इसमें अपनी भूमिका का पूरी मजबूती से निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोगों ने 10 वर्षों में बदलते हुए भारत को तथा पिछले 7 वर्षों में डबल इंजन की सरकार में नए उत्तर प्रदेश का दर्शन किया है। यहां युवाओं के लिए, किसानों के लिए, व्यापारियों के लिए, महिलाओं के लिए और समाज के हर तबके के लिए सुरक्षा, सम्मान और विकास की भावना से जो कार्य मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है, उससे जनता का आशीर्वाद मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी को पूरे प्रदेश के अंदर देश के अंदर प्राप्त हुआ है और हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की इस महापुर में आदि आबादी का शत प्रतिशत आशीर्वाद मोदी को मिल रहा है इसके लिए कारण गिनाते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने शक्ति वंदन अधिनियम, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना आदि योजनाओं से नारी सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि जो दल, जो लोग अपनी हार से पस्त होकर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य में ही हम सबका भविष्य उज्जवल है और युवाओं को भी इसी लक्ष्य के प्रति मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी ने सिर्फ चार जातियों को माना है, युवा, गरीब, महिला व किसान। इनके लिए उन्होंने जो कार्य किए हैं, उसके लिए जनता पूरा आशीर्वाद दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आध्यात्मिक-राष्ट्र साधना पर विपक्षी दलों के नेताओं की तरफ से दिए जा रहे बयानों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिना थके, बिना डिगे, बिना रुके भारत माता की सेवा करने वाले पीएम मोदी की आध्यात्मिक आराधना पूरी तरह राष्ट्र आराधना है। पर जो लोग भोग में लिप्त हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, अनाचार और दुराचार में लिप्त हैं, वे लोग आध्यात्मिक आराधना के महत्व को नहीं समझ सकते। आध्यात्मिक आराधना को समझने के लिए भारत और भारत जैसा मन चाहिए। भारत के सनातन मूल्यों और आदर्शों के प्रति निष्ठा का भाव चाहिए। जिनके मन में भारत के प्रति आस्था का भाव नहीं है, भारत के सनातन मूल्यों और आदर्शों की धज्जियां उड़ाना जिन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य समझ लिया था, जिनके कारनामों से जनता ने उन्हें बार-बार ठुकराया, वे लोग मोदी जी के ध्यान साधना और राष्ट्र आराधना का मखौल भले उड़ा सकते हैं लेकिन जनता जनार्दन अपने नेता के समर्थन में पूरे समर्पण भाव के साथ जुड़ी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी की ध्यान साधना का कार्यक्रम राष्ट्र आराधना का हिस्सा है और इसका लाभ भी देश को प्राप्त होगा।

इंडी गठबंधन के दलों की आज होने वाली समीक्षा बैठक के संबंध में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि अच्छा है कि इंडीगठबंधन के दलों के नेता 4 जून के पहले आज बैठकर ठंडई पी लें। क्योंकि, इस गठबंधन में जितने दल हैं 4 जून के बाद उतने ही फाड़ होने वाले हैं। ये सभी तब एक-दूसरे के ऊपर दोषारोपण करेंगे, एक दूसरे को गाली देंगे। अच्छा है उससे पहले एक बार ठंडई पी लें, जिससे गालीगलौज कम हो।

समाजवादी पार्टी की तरफ से मतगणना से पहले अपने कार्यकर्ताओं की तरफ से ईवीएम की रखवाली कराने, निर्वाचन आयोग की मंशा पर प्रकारणतर में उठाए गए सवाल पर भी मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। सीएम योगी ने कहा कि जिनको प्रदेश में 80 सीटों पर उम्मीदवार नहीं मिले उन्हें किसी न किसी पर दोषारोपण तो करना ही है। ये लोग ईवीएम पर दोषारोपण करते करते थक चुके हैं। अब निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाकर लोकतंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निशाना साधते हुए कहा कि कौन नहीं जानता है कि लोकतंत्र में इनकी कोई निष्ठा नहीं है। यह हल्ला बोल माध्यम से अराजकता फैलाने वाले लोग हैं।

# सातवें चरण के दौरान गर्मी से एक पीएसी जवान सहित आठ निर्वाचन कर्मियों की मौत

- मृतक आश्रितों को 15-15 लाख रुपए मिलेगा मुआवजा
- बीते शुक्रवार को भी 25 कर्मियों की गई थी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए तैनात होमगार्ड व पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मियों में से कुल 33 लोगों की मौत की पुष्टी की गई है। लखनऊ में शनिवार को ईवीएम के स्ट्रांग रूम की निगरानी में तैनात एक पीएसी जवान की भी मौत हो गयी। पूर्वांचल में शनिवार को चुनाव ड्यूटी में लगे तीन मतदानकर्मियों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें दो कर्मचारी मिर्जापुर और एक गाजीपुर का है। शुक्रवार को भी पोलिंग पार्टियों के रवानगी के दौरान बढ़े तापमान से 25 कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

मिर्जापुर में कटरा निवासी 48 वर्षीय उमाशंकर नपा में सफाईकर्मी था। पालीटेक्निक में उसकी ड्यूटी लगी थी। वहां लू लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं चील्ह के खुलुआ गांव निवासी सफाईकर्मी 48 वर्षीय लालबहादुर यादव की मझवां के आही मतदान केंद्र पर ड्यूटी थी। अचानक वह जमीन पर गिरा, कुछ ही देर में उसकी जान चली गई। मिर्जापुर में ही अलग-अलग क्षेत्रों में चार अन्य की गर्मी से मौत हुई है। इधर, गाजीपुर के खानपुर में तैनात सफाई कर्मचारी प्रमोद कुमार की जंगीपुर में चुनाव ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गई। वह अचेत होकर गिर गया। जिला अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर, बलिया में पंदह ब्लॉक के चक बहाउद्दीनपुर बूथ पर वोट देने आए 60 वर्षीय रामबचन की जान चली गई। वह कतार में खड़े थे, तभी गश खाकर गिर गए। गौरतलब है कि पिछले तीन दिन से लगातार गर्मी की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हो रहीं हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव ड्यूटी में लगे इन कार्मिकों की मौत के बाबत सम्बंधित जिलाधिकारियों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज मिलने के बाद इनके आश्रितों को 15-15 लाख रुपये के मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। शनिवार को गोरखपुर में मतदान के दौरान दो पीठासीन अधिकारियों समेत 12 लोग बेहोश हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद अब यह लोग स्वस्थ बताये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बलिया लोकसभा सीट के बूथ संख्या 257 पर मतदान के लिए कतार में लगे एक मतदाता राम बदन सिंह पुत्र गणेश की अचानक मौत हो गयी।

# हर चरण में जनता का मोदी के प्रति स्नेह उमड़ता रहाः भूपेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के सात चरण शनिवार को संपन्न हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन के प्रति जो प्रेम दिखाया है उससे मन आह्लादित है। जनता जनार्दन के इस विश्वास के प्रति उनका कोटि-कोटि वंदन और अभिनंदन है।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि लोकतन्त्र के इस महापर्व में लगे हुए चुनाव आयोग के अधिकारियों, सभी मतदान कार्मिकों, सुरक्षाबलों, पुलिसबल के जवानों का भी अभिनंदन है कि उन्होंने निर्बाध रूप से मतदान को संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, पार्टी के प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी ज़िम्मेदारी के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर कमल खिलाने के लिए अपना अनथक परिश्रम किया। मैं प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर सभी का अभिनंदन करता हूँ।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को मिले जनाशीर्वाद की अनुभूति पहले चरण से ही होने लगी थी। हर चरण में जनता जनार्दन का मोदी के प्रति स्नेह उमड़ता रहा। चार जून को हमें मिलने वाले वोट से इसकी पुष्टि भी हो जाएगी। चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बँटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया। चुनाव में हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण, महिला कल्याण, किसान कल्याण और युवाओं के लिए किए गये कार्यों के नाम पर चुनाव में जनता के बीच गये थे, जबकि नेता और नेतृत्व विहीन विपक्ष भ्रष्ट नीयत और नीति के नाम पर वोट माँगने निकला था।

चौधरी ने कहा कि भाजपा के नेताओं को जनता ने हाथों हाथ लिया और हर बूथ तक पार्टी के नेता पहुँचे। भाजपा का ही प्रचार चहुंओर रहा। विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि जनता ने मोदी जी के नेतृत्व में किए गये जनहित के कल्याणकारी कार्यों का समर्थन किया और भाजपा के पक्ष में दनादन कमल का बटन दबाया।

अपार जनविश्वास की बदौलत भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। बहुत सी सीटों पर विपक्ष की जमानत भी जब्त होने जा रही है। चुनाव में मतदान करने की अपनी सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाने के लिए प्रदेश और देश की जनता जनार्दन का हार्दिक वंदन एवं अभिनंदन एवं नमन करता हूँ।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक के सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक में हार ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग तथा चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से किया गया अनुपालनः नवदीप

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया गया। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 31 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,41,285 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 27,02,473 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

लोकसभा चुनाव-2024

# 18 दिन अन्य राज्यों में पहुंचे योगी ने 46 कार्यक्रमों में की शिरकत

- कई केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा के बड़े नेताओं के लिए भी योगी ने पसीना बहाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी रैली के दौरान 18 दिन अन्य राज्यों में भी पहुंचे। 12 राज्यों व दो केंद्रशासित प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने 46 चुनावी कार्यक्रम किए। इनमें से 44 जनसभा और दो रोड शो शामिल है।

भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में योगी आदित्यनाथ ने कई केंद्रीय मंत्रियों समेत राजग के राष्ट्रीय नेताओं के लिए भी रैली-रोड शो किया। सीएम योगी ने सर्वाधिक 9-9 रैली महाराष्ट्र व बिहार में की। वहीं राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने यूपी के मुखिया को सिर आंखों पर बैठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को सत्ता सौंपी। राजस्थान में सीएम योगी ने चार जनसभा व दो रोड शो किया, जबकि छत्तीसगढ़ में उनकी तीन रैली हुई।



योगी आदित्यनाथ ने सर्वाधिक रैली महाराष्ट्र और बिहार में की। दोनों जगहों पर उनकी 9-9 रैलियां हुईं। महाराष्ट्र में योगी आदित्यनाथ तीन दिन पहुंचे, जबकि बिहार में उनकी जनसभा पांच दिन हुई। सीएम योगी ने बिहार के पटना साहिब लोकसभा सीट से सांसद, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के लिए एक ही दिन में दो-दो रैली भी की। महाराष्ट्र में भाजपा के साथ ही शिवसेना प्रत्याशियों के लिए भी उन्होंने वोट मांगा। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के साथ ही बाहर के राज्यों में चुनाव लड़ने वाले केंद्रीय मंत्रियों के पक्ष में जनसभा व रोड शो किया। केंद्रीय मंत्री व महाराष्ट्र की नागपुर सीट से प्रत्याशी नितिन गडकरी, जम्मू की उधमपुर सीट से जितेंद्र सिंह, उत्तराखंड की नैनीताल-उधम सिंह नगर सीट से प्रत्याशी अजय भट्ट, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। केंद्रीय मंत्री व मध्य प्रदेश की गुना लोकसभा सीट पर चार मई को प्रचार करते हुए योगी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को जिताने की अपील की। बिहार के बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पक्ष में भी योगी की जनसभा हुई। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सीएम योगी ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के लिए वोट मांगा।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के कई बड़े नेताओं के लिए भी पसीना बहाया। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के लिए हरिद्वार में पहुंचे। राजस्थान की चित्तौड़गढ़ सीट से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। छत्तीसगढ़ की कोरबा सीट से भाजपा उपाध्यक्ष सरोज पांडेय के लिए भी योगी ने जनसभा की। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री व कद्दावर नेता एसएस अहलूवालिया के पक्ष में सीएम ने रैली की। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता राजीव प्रताप रुड़ी के लिए सीएम योगी 17 मई को सारण पहुंचे। वहीं नामचीन अधिवक्ता व मुंबई उत्तर मध्य से प्रत्याशी उज्ज्वल निकम के लिए भी उन्होंने वोट मांगा। हरियाणा की दोनों सीट कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और सिरसा से अशोक तंवर के लिए भी योगी 20 मई को पहुंचे। 23 मई को ओडिशा के पुरी से प्रत्याशी व भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा, केंद्रपाड़ा से बैजयंत जय पांडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्वी चंपारण से उम्मीदवार राधा मोहन सिंह के लिए भी योगी पहुंचे। 28 मई को सीएम योगी ने पटना साहिब लोकसभा सीट पर एक ही दिन में दो बार जनसभा की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सीएम योगी ने फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के पक्ष में हिमाचल प्रदेश की मंडी में जनसभा की।

सीएम योगी ने यूपी के बाहर भी कई कार्यक्रम कर कमल खिलाने की अपील की। सीएम योगी ने 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेश में भी प्रचार किया। इसमें उन्होंने 44 जनसभा और दो रोड शो किया। दोनों रोड शो राजस्थान में हुए। चित्तौड़गढ़ से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व जोधपुर से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए रोड शो कर सीएम योगी ने कमल खिलाने का संकल्प दिलाया।

# मतदाताओं ने लिख दी है भाजपा के पराजय की पटकथाः अखिलेश

## सपा प्रमुख ने मतदाताओं का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के सातवें चरण के अंतिम मतदान के दिन मतदाताओं ने भाजपा के विरुद्ध मतदान कर सत्ता से हटाने के लिए पूरी तरह से अपना पूरा आक्रोश निकाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने केन्द्र की सत्ता में आने का मार्ग समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बासगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर एवं राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो गया। प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में भी मतदाताओं ने उनके प्रति घोर उदासीनता दिखाई। यादव ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण से ही सत्ता परिवर्तन की लहर दिखी। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण अन्याय, अत्याचार, महंगाई, भ्रष्टाचार और बेतहाशा बेरोजगारी से क्षुब्ध मतदाताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर वोट डाला। महंगाई से बुरी तरह परेशान जनता ने भाजपा हटाओं अभियान के तहत पश्चिम से लेकर पूरब तक भाजपा का पूरी तरह से सूपड़ा साफ कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी पीडीए इंडिया



गठबंधन के पक्ष में पश्चिम से जो हवा चली थी वह सातवें चरण में सुनामी में बदल गयी। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, कर्मचारी, अधिवक्ता, सहित समाज के सभी वर्गों ने भाजपा को हटाने के लिए वोट डाला। यादव ने कहा कि आज जब मतदान का अंतिम चरण था, भाजपा शासन-प्रशासन का आदतन दुरुपयोग करने से बाज नहीं आई। सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई है। मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में खराब ईवीएम में मतदान कराया गया। शिकायत पर महिला को धक्का मार कर बाहर कर दिया गया।

वाराणसी के रोहनियां विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 191, 192, 193 पर कांग्रेस के बटन पर टेप लगा दिया गया। बरहज के भाजपा विधायक स्वयं चुनाव प्रक्रिया के खिलाफ समाजवादियों को धमकाते रहे। फर्जी मतदान की भी शिकायतें बदस्तूर जारी रहीं।

# हर रैली में दहाड़े योगी, जनता भी लगाती रही जय श्रीराम का जयघोष

## माफिया, पाकिस्तान और औरंगजेब पर जब-जब गरजे योगी, तालियों, सीटियों और योगी-योगी से गूंजा पंडाल

- माफिया को उलटा लटकाने से लेकर पाकिस्तान की पैंट गीली जैसे भाषणों ने पार्टी में भरा उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दो** माह से भी अधिक चले चुनाव प्रचार कार्यक्रम और सात चरण के मतदान संपन्न होने के बाद अब सभी की नजर 4 जून को आने वाले जनता के फैसले पर है। वहीं इससे पहले 61 दिन में 12 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश में कुल 204 चुनावी कार्यक्रमों में यूपी के मुख्यमंत्री योगी का जलवा कायम रहा। न केवल जनता उन्हें देखने के लिए घंटों तपती धूप की परवाह किये बगैर जनसभा स्थलों पर डटी रही, बल्कि योगी के मुख से विपक्षियों के लिए निकली हर एक ललकार को भी पब्लिक ने हाथों हाथ लिया और जय श्रीराम के जयघोष से जनसभाओं में जोश में भर दिया। विगत सात साल से यूपी की सत्ता संभाल रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि एक कठोर प्रशासक की भी बनकर उभरी है। प्रदेश से दुर्दांत माफिया साम्राज्यों को उखड़ने वाले योगी के भाषणों में भी उनका यही तेवर देखने को मिला। हर जनसभा में योगी ने माफिया तत्वों को मिट्टी में मिलाने और बेटी व व्यापारी को अभय प्रदान करने की बात कही। मंच से माफिया को मिट्टी में मिलाने की बात सुनते ही जनता भी जयश्रीराम और योगी-योगी के जयघोष से अपने जोश का हाई पारा दर्ज कराती रही। पश्चिमी यूपी में कभी सक्रिय रहे माफिया तत्वों को शिमला की ठंड याद दिलाने वाले योगी पूर्वांचल में भी गुंडे, बदमाशों और अपराधी तत्वों के खिलाफ जमकर गरजे। यही हाल बुंदेलखंड में हुई चुनावी जनसभाओं में भी देखने को मिला, जब योगी ने सैंड से लेकर लैंड माफिया और डकैतों की नकेल कसने की बात कही। जनता ने हर जगह माफिया के खिलाफ छेड़े गये योगी के संग्राम का एक स्वर से साथ दिया। योगी ने अपनी प्रत्येक रैली में प्रधानमंत्री के 10 साल के कार्यकाल का बखान तो किया ही, इस बीच पाकिस्तान के हालात को भी सीएम ने अपनी जनसभाओं में बखूबी बयां किया। योगी के मुंह से पाकिस्तान के लिए निकलने वाली हर चुनौती ने जनसभा में आई जनता को भरपूर जोश से भर दिया। सीएम ने पाकिस्तान के मौजूदा हालात के बारे में बताते हुए अपनी हर रैली में कहा कि मोदी राज में भारत के भीतर अगर कहीं पटाखा भी जोर से फट जाता है तो पाकिस्तान बिना देर किये सफाई देने लगता है, कि इसमें उसका कोई हाथ नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि ये नया भारत है जो छेड़ता नहीं है और अगर किसी ने छेड़ने की कोशिश की तो उसे छोड़ता भी नहीं है। यही नहीं योगी लगे हाथ देश के अंदर बैठे उन लोगों पर भी निशाना साधते, जो पाकिस्तान की तरफदारी करते हैं। योगी ऐसे लोगों को मंच से ही सलाह दे डालते कि वो पाकिस्तान जाकर भीख मांगे। इसके बाद तो जनता भी योगी-योगी के नारों से पूरे पंडाल को जोश से भर देती। 2024 के चुनावी महासमर में योगी ने इतिहास के सबसे क्रूर मुगल बादशाह की भी जमकर लानत-मलामत की। कांग्रेस को उसके घोषणापत्र के आधार पर घेरते हुए योगी ने अपनी तकरीबन हर जनसभा में औरंगजेब का जिक्र किया। उन्होंने एक तरफ कांग्रेस के घोषणापत्र को औरंगजेब का जजिया कर बताया, तो वहीं यूपी में औरंगजेब को अपना रोल मॉडल मानने वाले माफिया तत्वों को मिट्टी में मिलाने और कब्र में गाड़ देने वाला भाषण देकर जनता का भारी जोश बटोरा।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

Lost original allotment letter dated 03/07/2014 and builder Bayer agreement dated 27/06/2016 and 17 receipt as par affidavit dated 31/05/2024 Of flat no 401 on forth floor situated in tower omaxe palace A T1 the palace Lucknow having carpet area 92.34 sqmt situated at sector 7 Ahmamau Lucknow belonging to Sri Mukesh Khandelwal s/o Sri Shyam kumar Khandelwal and mrs Seema Khandelwal w/o Mukesh Khandelwal both R/O New obri Gaytri Nagar Vikas bhawan road Barabanki 225001

**मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने की अधिसूचना**

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (एमआरडी) ने 2018 से 2020 तक की अवधि के सभी सामान्य डिस्चार्ज इन-पेशेंट मेडिकल रिकॉर्ड (आईपीडी नंबर 01 से 29376) को नष्ट करने का निर्णय लिया है। सभी वैधानिक दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करके मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट किया जाएगा। जो मरीज़ अपने मूल मेडिकल रिकॉर्ड की फोटोकॉपी प्राप्त करना चाहते हैं, वे आईडी प्रूफ और मरीज़ आईडी नंबर के साथ 30.06.2024 तक या उससे पहले एमआरडी को लिखित अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तिथि के बाद किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए एमआरडी से संपर्क करें:
संपर्क नंबर 0522-6666666

एस/डी
(मेडिकल सुपरिटेंडेंट)

**चन्दन हॉस्पिटल लिमिटेड,** फैजाबाद रोड, चिनहट फ्लाईओवर के पास, विजयंत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

# हीट वेव को लेकर राहत कार्यों में लाएं तेजी, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

## बोले सीएम, हर हफ्ते मुख्यमंत्री कार्यालय को राहत संबंधी कार्यों की रिपोर्ट करें सबमिट

● संवेदशनशील जिलों पर विशेष निगरानी, 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक्शन में आते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हीट वेव को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिये कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ियों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हीटवेव को लेकर जनहानि और पशुहानि न हो, इसकी विशेष मॉनीटरिंग की जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यकाल में सबमिट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी और हीट वेव का दौर चल रहा है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और राहत विभाग पहले ही सतर्कता बरत रहा है और लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने के साथ साथ अन्य एहतियाती उपायों के विषय में जानकारी दी जा रही है।

राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में हर साल पड़ने वाली भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए विभाग की ओर से अप्रैल माह में ही एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया था। इसके तहत प्रदेश के हर जिले में लगातार काम किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश में तहसील स्तर पर प्रदेशवासियों को हीट वेव से अलर्ट करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस को हीट वेव से बचाव एवं खुद को सुरक्षित रखने के लिए डूज एंड डोन्स के बारे में अलर्ट किया जा रहा है। प्रदेशवासियों को समाचार पत्रों, रेडियो जिंगल्स, पोस्टर और लाउडस्पीकर के जरिये जागरुक किया जा रहा है ताकि वह अपने साथ दूसरों को भी सावधान कर सकें। इसके अलावा विभाग की ओर से प्रदेश के अति संवदेनशील शहरों में विशेष निगरानी की जा रही है। इन शहरों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम फील्ड में लगातार मुआयना कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को हीट वेव से होने वाली जनहानि संबंधी जानकारी तुरंत विभाग से साझा करने को कहा गया है ताकि 24 घंटे में पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए प्रदेशर सरकार ने 21 तरह की जनहानियों को प्राकृतिक आपदा में शामिल किया गया। वहीं इसके 24 घंटे में भुगतान के लिये प्रदेश के सभी जिलों को एडवांस धनराशि जारी कर दी जाती है ताकि इस तरह की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।

राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में पिछले तीन-चार दिन से गर्मी और हीटवेव का प्रकोप बढ़ा है। इसे देखते हुए समाचार पत्रों और रेडियो जिंगल्स के माध्यम से हीटवेव को लेकर डू एंड डोन्स की संख्या बढ़ा दी गयी है। साथ ही प्रदेशवासियों से विभिन्न माध्यम से लगातार दोपहर में घर से न निकलने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा हीटवेव से संबंधित कोई भी संकेत नजर आने पर विभाग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की जा रही है ताकि उनका समुचित इलाज कराया जा सके। साथ ही हीटवेव पर जनहानि पर 4 लाख का मुआवजा देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है।

# भयंकर गर्मी के बीच विद्युत मांग और आपूर्ति का बना नया रिकार्ड

● शनिवार को प्रदेश के इतिहास में विद्युत मांग सर्वाधिक 29727 मेगावाट पहुंची

● राज्य के उत्पादन गृहों ने भी 15788 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड किया स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग एवं आपूर्ति के लगातार रिकार्ड टूट रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29727 मेगावाट पहुंच गई, जिसे कारपोरेशन ने पूरा कर नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही राज्य के उत्पादन गृहों ने भी 15788 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया है। उल्लेखनीय है कि विगत 27 मई को विद्युत की मांग 29261 मेगावाट पहुंच गई थी जिसे पावर कारपोरेशन ने पूरा करके एक नया रिकार्ड बनाया था।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को एक बार फिर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

उत्तर प्रदेश राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) को और प्रभावी किया जाएगा, जिससे विद्युत प्रणाली के एकीकृत संचालन को और बेहतर बनाया जा सके। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के समक्ष एसएलडीसी प्रबन्धन के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए उसे और प्रभावी तथा आधुनिक बनाने हेतु कार्य योजना को दिखाया गया। अध्यक्ष ने प्रस्ताव पर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। एसएलडीसी का कार्य राज्य में उत्पादन कम्पनियों के साथ किए गए अनुबन्धों के अनुसार राज्य के भीतर विद्युत का प्रेषण, ग्रिड परिचालन की निगरानी, ग्रिड के माध्यम से वितरित बिजली की मात्रा का हिसाब, अन्तर राज्यीय पारेषण प्रणाली पर पर्यवेक्षण और नियन्त्रण रखना तथा ग्रिड मानको और राज्य ग्रिड कोड के अनुसार राज्य ग्रिड के सुरक्षित और किफायती संचालन के माध्यम से राज्य के भीतर ग्रिड नियन्त्रण और बिजली के प्रेषण के लिए वास्तविक समय संचालन आदि है।

अध्यक्ष ने एसएलडीसी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भयंकर तापमान और गर्मी के इस समय विद्युत वितरण व्यवस्था पर विशेष सावधानी बरतें। विद्युत कटौती न हो और सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो। इसके आधुनिकीकरण से विद्युत मांग एवं खपत का क्षेत्रवार और बेहतर अनुमान करके व्यवस्था और प्रभावी बनाई जा सकेगी।

# 30 बीघा जमीन पर बन रहे अवैध रो-हाउस व चार शॉपिंग कॉम्पलेक्स सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**एलडीए** द्वारा गुड़म्बा व इंदिरा नगर क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गयी। एलडीए द्वारा चार अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व 30 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध निर्माण करने पर नोटिस भेजकर सीलिंग के आदेश दिए थे। प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे रो-हाउस भवनों और व्यवसायिक कॉपलेक्स को सील किया गया।

बीते शनिवार को एलडीए ने इंदिरानगर, गुडम्बा क्षेत्र में अवैध ।चार व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, 30 बीघे क्षेत्रफल पर कार्रवाई की। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि राकेश सिंह व अन्य द्वारा कुर्सी रोड स्थित गुड़म्बा चैराहा बस स्टॉप के पास लगभग 1800 वर्गफिट क्षेत्रफल में बेसमेंट व भूतल पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा राम सिंह व अन्य द्वारा गुड़म्बा के अतरौली में सृष्टि अपार्टमेंट के सामने 2500 वर्गफिट क्षेत्रफ्ल के एक भूखण्ड पर व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट का निर्माण व 2500 वर्गफिट क्षेत्रफ्ल के दूसरे भूखण्ड पर भूतल पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में जोनल अधिकारी राजकुमार और प्रवर्तन जोन-5 की टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त अमर अग्रवाल व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के ग्राम चांदन में मानस सिटी कालोनी के पास लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से रो-हाउस भवनों का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी साइट पर अमर अग्रवाल द्वारा लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में तीन-तीन मंजिल के दो शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भी निर्माण कराया जा रहा था। मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे उक्त निर्माण कार्यों को प्राधिकरण द्वारा पूर्व में सील किया गया था। लेकिनए इसके बाद भी विपक्षियों द्वारा स्थल पर चोरी.छुपे निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। स्थल निरीक्षण में निर्माण कार्य प्रचलित पाये जाने पर दोबारा सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने प्रश्नगत स्थलों को दोबारा सील कर दिया।

# 8 जून को शक्ति भवन सहित प्रदेश भर के डिस्कॉम मुख्यालयों पर आयोजित होगी पेंशन अदालत

● पेंशनर अपनी समस्या का जल्द समाधान पाने के लिए पेंशन अदालत में कर सकते हैं अप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेवानिवृत्त** कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए 8 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) मुख्यालय शक्ति भवन एवं प्रदेश भर के डिस्कॉम मुख्यालयों पर पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत में वो सेवानिवृत्त कार्मिक अप्लाई कर सकते हैं, जो पेंशन को लेकर किसी तरह की परेशानी झेल रहे हैं और समस्या का समाधान चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि हर तीन माह में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशन विवादों को समाप्त कर पेंशनरों को लाभ दिलाया जाता है। इससे पूर्व विगत 9 मार्च को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया था। यूपीपीसीएल के निदेशक कार्मिक कमलेश बहादुर सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के निर्देशों के अनुपालन में सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालतें आयोजित की जाती हैं, जिसमें पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पेंशन अदालतें कारपोरेशन मुख्यालय सहित डिस्काम मुख्यालयों पर आगामी 8 जून को आयोजित की जाएंगी। उन सभी पेंशन भोगियों से आग्रह है कि यदि पेंशन से संबंधित कोई समस्या है तो इन अदालतों में आकर लाभ उठाएं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा

● सुरक्षा में सीआईएसएफ है तैनात, मतगणना स्थल की सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोकसभा** चुनाव के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रमाबाई रैली स्थल पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड भी देखी। मतगणना स्थल की सुरक्षा सीआईएसफ करेगी, वहीं सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आज रमाबाई स्थल में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने बताया की स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल की सुरक्षा का ज़िम्मा सीआईएसएफ को दिया गया है और परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। जिससे राजनैतिक दल और प्रत्यशिगण भी स्ट्रांग रूम और परिसर पर निगरानी कर सकते है। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर कंट्रोल रूम की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया है।

कंट्रोल रूम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड भी देखी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए विधानसभा वार सभी कक्षो की तैयारी लगभग पूरी हो गई है, जिनमे मतगणना की जाएगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतगणना वाले दिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए परिसर में चिकित्सा कैम्प, एम्बुलेंस और अग्निशमन गाड़ी की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 04 जून की सुबह 6 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टिया रमाबाई स्थल पहुच जाएगी और 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। साथ ही बताया कि पोस्टल बैलेट और सर्विस पोस्टल बैलेट की गणना भी 8 बजे से शुरू हो जाएगी। केवल वीवीपैट की पर्चियों का मिलान इवीएम की मतगणना के बाद किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक मतगणना सहायक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक प्रत्याशी का नियुक्त किया गया मतगणना अभिकर्ता उपस्थित होगा। जो गणना एवं उसकी समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया और निर्देशित किया कि मतगणना की प्रत्येक कार्यवाही में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरस: पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से रंगदारी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गाजियाबाद** जिले के कविनगर थाने में दर्ज एक मुकदमे में वांछित पचास हजार के ईनामी बदमाश देवेंद्र प्रताप सिंह को एसटीएफ ने लखनऊ कमिश्नरेट के ईम्पीरिया मल्टीसिटी अस्पताल, इन्दिरा नगर से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ धारा 419/420/386 आईपीसी एवं 8 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा 66 सी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। देवेन्द्र प्रताप सिंह ग्राम जमुबुबा, थाना पीरपुरा, अमेठी का मूल निवासी है। वर्तमान में वह वैष्णोपुरम कॉलोनी देवकाली बाईपास, थाना कोतवाली शहर, जनपद अयोध्या में रह रहा था।

एसटीएफ नोएडा टीम को अभिसूचना संकलन के दौरान 31 मई को ज्ञात हुआ कि अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह, ईम्पीरिया मल्टीसिटी अस्पताल, इन्दिरानगर, लखनऊ में किसी से मिलने आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने लखनऊ पहुंचकर देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। देवेन्द्र प्रताप सिंह ने पूछताछ पर बताया कि उसने बीएससी द्वित्तीय वर्ष तक पढ़ाई की है। उसके पिता उमाशंकर की जनपद सुलतानपुर में ब्रिटानियों बिस्कुट कम्पनी की एजेन्सी थी, जो वर्ष 2011 में बन्द हो गयी थी। उसके पश्चात वह परिवार के साथ जनपद अयोध्या में आकर रहने लगे थे। यहां पर उसने (देवेन्द्र प्रताप सिंह) प्रापर्टी एवं पीजी हॉस्टिल चलाने का काम करना शुरू कर दिया और यही पर उसकी मुलाकात पीडब्ल्यूडी के 2 जूनियर इंजीनियर सूरजभान सिंह एवं राम कुमार से हो गयी थी। देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सूरज भान सिंह एवं राम कुमार के साथ मिलकर पीडब्ल्यूडी में सड़क की ठेकेदारी का काम कमिशन के आधार पर करना शुरू कर दिया और इस ठेकेदारी में हुए घपलों का खुलासा होने पर अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह के विरूद्ध जनपद झांसी, उन्नाव एवं मैनपुरी में अभियोग पंजीकृत हो गया। जनपद उन्नाव के अभियोग में पुलिस द्वारा देवेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और जेल में रहने के दौरान देवेन्द्र

प्रताप सिंह की मुलाकात अतुल सिंह निवासी कैथवल ऊंचाहार, रायबरेली, जो जेल में बन्द था, से हुई थी। जेल से छूटने के उपरान्त अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अतुल सिंह व उसके सदस्यो के साथ मिलकर प्रापर्टी का काम करना शुरू कर दिया था। वर्ष 2016 में अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा शराब के ठेके पर झगड़ा होने पर सेल्समैन के साथ मारपीट एवं लूटपाट किया गया था। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह के विरुद्ध थाना कैन्ट, अयोध्या पर मुकदमा दर्ज हुआ और वह जेल गया था। जेल में रहने के दौरान अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अतुल सिंह के साथ मिलकर एप का प्रयोग कर गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नम्बर डिस्प्ले करके जनपद गाजियाबाद के व्यक्तियों से रंगदारी मांगी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में जनपद गाजियाबाद के कविनगर थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ। इसी मुकदमे में वह पिछले छह वर्षों से फरार चल रहा था।

# रमाबाई मैदान में 4 जून को होगी मतगणना, परिसर में मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित

● सुबह 6 बजे पहुंचेगी काउंटिंग पार्टियां, 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोकसभा** और विधानसभा उप निर्वाचन 2024 की मतगणना को आयोग की मंशा के अनुरूप निर्बाध पूरा कराने में जिला प्रशासन जुटा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समयबद्धता के साथ सभी अधिकारी अपनी अपनी तैयारियां करेंगे। सुबह 4 जून को 6 बजे से सभी काउंटिंग पार्टियां रमाबाई स्थल पहुंचेंगी, जहां 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। परिसर में मोबाइल सहित कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवासई प्रतिबंधित रहेगा।

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना व्यवस्था के लिए दोनो लोकसभा और विधानसभा उप निर्वाचन के प्रत्यशिगण व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई और निर्वाचन अभिकर्ताओं के द्वारा पूछे गए मतगणना से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में लोक सभा एवम विधानसभा उप चुनाव का मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने के उपरांत अब जिला प्रशासन की ओर से आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना को शांतिपूर्वक रूप से पूरा कराने के लिए तैयारियां शुरु कर दिया है। उन्होंने मतगणना कराने के संबंध में टेबल लगाने के साथ साथ मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण और अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए और अधिकारियों से कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा अपनी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 4 जून की सुबह 6 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टिया रमाबाई स्थल पहुच जाएगी और 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। साथ ही बताया कि पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएमएस की गणना भी 8 बजे से शुरू हो जाएगी। केवल वीवीपैट की पर्चियों का मिलान ईवीएम की मतगणना के बाद किया जाएगा। कोई भी मतगणना अभिकर्ता या मतगणना कर्मी मोबाईल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नही ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आरओ टेबल पर कैलकुलेटर की व्यवस्था की गई है। सर्वप्रथम प्रत्यशिगण अपने मतगणना अभिकर्ताओ की नियुक्ति फार्म 18 को भर कर करेंगे।

मतगणना अभिकर्ता अपने पास के अनुसार निर्धारित विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करेंगे। जो अभिकर्ता जिस टेबल पर होगा उसको अपनी टेबल छोड़ कर दूसरे की टेबल या इधर उधर टहलने की अनुमति नही होगी। केवल प्रत्यशिगण और उनके इलेक्शन अभिकर्ता ही आपनी लोकसभा की दूसरी टेबलो पर जा सकते है। परन्तु एक समय मे केवल प्रत्याशी या उसका इलेक्शन अभिकर्ता ही मतगणना कक्ष में उपस्थित रह सकेगा।

### रैंडमली 5 वीवीपैट मशीनों का होगा चयन

**उन्होंने** बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक मतगणना सहायक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक प्रत्याशी का नियुक्त किया गया मतगणना अभिकर्ता उपस्थित होगा। जो गणना एवं उसकी समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। प्रत्येक विधानसभा में रैंडमली 5 वीवीपैट मशीनों का चयन किया जाएगा और उनकी गणना करके उनका मिलान किया जाएगा। उक्त कार्य मतगणना समाप्त होने के बाद किया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन कन्ट्रोल यूनिट को मॉक पोल के बाद भूलवश क्लियर नही किया गया था तो ऐसे कन्ट्रोल यूनिट की गणना नही की जाएगी बल्कि उनके वीवीपैट की गणना की जाएगी।

### परिसर में धूम्रपान निषेध होगा

**मतगणना** परिसर में पूर्णतया धूम्रपान निषेध परिसर होगा। परिसर में पान मसाला, सिगरेट, बीड़ी, गुटका आदि प्रतिबंध है। साथ ही कोई भी धारदार या ज्वलनशील पदार्थ परिसर में प्रतिबंधित है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतगणना के दौरान 9:30 से 10 बजे तक टी ब्रेक और 12:30 से 1 बजे तक लंच ब्रेक होगा। इस समय प्रत्यशिगण अपने मतगणना अभिकर्ताओ को चाय या भोजन भिजवा सकते है। जिन कन्ट्रोल यूनिट की गणना हो चुकी होगी उसको एईआरओ टेबल के पीछे लगी टेबल पर सील करने के लिए दे दिया जाएगा। सीलिंग के बाद इन कन्ट्रोल यूनिट को अलग स्थान पर रखा जाएगा। किसी बीमार या शुगर व ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता न बनाए। साथ ही बताया कि किसी एलएलए, एलएलसी, मेयर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष, प्रधान, नगर निकाय या सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नही किया जा सकता।

# आवारा कुत्तों के हमलों का हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

● नगर निगम से पूछा, समस्या का समाधान करने में क्या बाधा

विधि संवाददाता। लखनऊ



**आवारा** कुत्तों द्वारा लोगों खास तौर पर बच्चों पर हो रहे हमलों का स्वत: संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नगर निगम से सवाल जवाब किया है। पूछा है कि इस समस्या के समाधान के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं और समस्या का पूर्णतया समाधान करने में क्या बाधा आ रही है। पीठ ने नगर निगम को हलफनामा दाखिल कर जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह के दूसरे हफ्ते में होगी। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने वरिष्ठ निबंधक को इस मामले को 'आवारा कुत्तों से खतरा' नाम से स्वत: संज्ञान जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करने का आदेश दिया है। पीठ के समक्ष कुछ वकीलों द्वारा अखबारों में छपी उस खबर को रखा गया, जिसमें विकास नगर इलाके में आवारा कुत्तों से बचकर भागने के चक्कर में दो बच्चों की मौत हो गई। पीठ ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस प्रकार की अन्य खबरों का भी जिक्र किया। इस सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने बताया कि आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स, 2023 के तहत किया जा रहा है। पीठ ने इस पर कहा कि जिस कुत्ते की नसबंदी व टीकाकरण हो गया है, वह यदि लोगों को काटने लगता है तो इस सम्बंध में क्या उपाय किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि हम फिलहाल यह नहीं कर रहे कि क्या करना आवश्यक है लेकिन संबंधित अधिकारियों के लिए जरूरी है कि वह इस खतरे को गंभीरता से लें।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# कैसे आकलन करते हैं कि कितने सरकारी वकील रखें

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि वह किस आधार पर तय करती है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में कितने सरकारी वकीलों की नियुक्ति करनी है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे हफ्ते में होगी। जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश महेंद्र सिंह पवार व अन्य की ओर से अलग अलग दाखिल जनहित याचिकाओं पर दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार ने हलफनामा पेश कर बताया था कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के अनुरूप सरकारी वकीलों की तैनाती की जाती है। पीठ हलफनामे से संतुष्ट नहीं हुई और सरकार से नया हलफनामा मांगा है। इस सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने जरिये वीडियो कांफ्रेसिंग सरकार का पक्ष रखा और कहा कि सरकार अपनी आवश्यक्ताओं के अनुरूप ही सरकारी वकीलों की नियुक्ति करती है।

## सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे सरकारः हाईकोर्ट

**लखनऊ (विसं)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे। पीठ ने इसके पूर्व पूछा था कि सरकार के पास हाईकोर्ट के सरकारी वकीलों के लिए ऐसी कोई योजना है जिससे दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। इसके जवाब में बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई स्कीम नहीं है। पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा मानते हुए राज्य सरकार को चार हफ्ते में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश वकील एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है।

# नमामि गंगे का दूसरा चरण पूरा होने पर स्वच्छ और निर्मल होगी गंगा की जलधारा

- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के पदाधिकारियों ने किया बड़ा दावा
- दूसरे चरण के बाद गंगा में प्रदूषण का स्तर होगा कम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गंगा** में सफाई पर मचे सियासी बवाल के बीच नमामि गंगे योजना से राहत भरी खबर आयी है। नमामि गंगे का दूसरा चरण पूरा होने पर गंगा में प्रदूषण का स्तर तो कम होगा ही जलधारा भी निर्मल होगी। यही नहीं सीवरेज क्षमता में भी 3,108 एमएलडी तक की अभूतपूर्व वृद्धि होगी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के पदाधिकारियों ने बताया कि नमामि गंगे योजना 2014 में शुरू हुई थी। इसके तहत गंगा समेत इसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने और सीवरेज क्षमता बढ़ाने पर खासा ध्यान दिया गया, जिसका नतीजा है कि नमामि गंगे मिशन के दूसरे चरण के पूरा होने तक अतिरिक्त 3,108 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्षमता हासिल कर ली जाएगी। जबकि मार्च 2014 में यह क्षमता केवल 1,221 एमएलडी थी, जो मौजूदा एसटीपी के पुनर्वास और नई क्षमताओं के विकास के बाद बढ़कर 3,110 एमएलडी हो गई है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार को इंगित करती है। रिपोर्ट की मानें तो बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) की मात्रा मानक के अनुसार पायी गई। इससे स्पष्ट होता है कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर भी निर्धारित मानकों के भीतर है। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर और सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज (सी-गंगा) के संस्थापक डॉ. विनोद तारे ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत सीवेज उपचार के लिए अपनाई गई सभी तकनीकें निर्धारित मानकों के अनुसार फेकल कोलीफॉर्म का उपचार करने में सक्षम हैं। इसके परिणामस्वरूप गंगा बेसिन के भीतर जलीय जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा बेहतर जल गुणवत्ता और सीवरेज बुनियादी ढांचे में सुधार ने नदी में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में अभूतपूर्व योगदान दिया है। यही नहीं इससे गंगा डॉल्फ़िन, ऊदबिलाव और कछुओं की आबादी भी बढ़ी है। एनएमसीजी अधिकारियों ने बताया कि नमामि गंगे के तहत सीवरेज प्रोजेक्ट भविष्य की जरुरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। अकेले वाराणसी की ही बात करें तो एसटीपी क्षमता 2014 में 100 एमएलडी से 4.5 गुना तक बढ़ गई है। वर्तमान में 55 एमएलडी का एक अतिरिक्त एसटीपी निर्माणाधीन भी है। नमामि गंगे के तहत अब तक 38,696 करोड़ रुपए की लागत वाले 465 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

हीटवेव का असर

# भीषण गर्मी बना रही बीमार, डिहाइड्रेशन और कमजोरी के मरीज बढ़े

- उल्टी दस्त बेचैनी थकान कमजोरी व चक्कर आने की शिकायत लेकर सीएचसी पहुंच रहे मरीज

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**भीषण** गर्मी ने मोहनलालगंज सीएचसी में उल्टी दस्त व बेचैनी और कमजोरी के मरीज बढ़ा दिए हैं। सीएचसी की ओपीडी में प्रतिदिन ऐसे कई मरीज पहुंच रहे हैं। जांच में कुछ खास न निकलने के बाद डाक्टर ऐसे मरीजों को पर्याप्त पानी पीने और खान पान की जरुरी सावधानियां बताकर बेवजह धूप में न निकलने की सलाह देकर घर पर आराम करने की सलाह दे रहे हैं।

मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे मरीज लगातार पहुंच रहे हैं। अधिकांश मरीजों में उल्टी दस्त व पेट दर्द और बदहजमी के लक्षण उभरकर सामने आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त बेचैनी चक्कर आने और कमजोरी की शिकायत भी मरीजों में पाई जा रही है। गनीमत है कि अधिकांश मरीज बेडरेस्ट और जरुरी सावधानियां बरतने की सलाह के साथ दवाएं लेने से ही ठीक हो रहे हैं। कुछ एक मरीजों को ही ड्रिप चढ़ाने की जरुरत पड़ रही है। सीएचसी के डाक्टर मनीष अवस्थी ने बताया ओपीडी में आ रहे ज्यादातर मरीजों में हल्के फुल्के लक्षण ही उभरकर सामने आ रहे हैं। थोड़ी सी सावधानी बरतकर ऐसे मरीज बहुत शीघ्र ही स्वस्थ हो रहे हैं। अस्पताल में ऐसे मरीजों की जांच और उपचार के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी भी तरह की परेशानी होने पर लोगों को तुरन्त अस्पताल पहुंचकर डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

## त्वचा रोगियों की तादात में इजाफा

**भीषण** गर्मी के चलते लोगों को त्वचा सम्बन्धी रोग भी हो रहे हैं। बदन में लालरंग के दाने का निकलना और चकत्ते पड़ने की शिकायत लेकर मरीज सीएचसी पहुंच रहे हैं। इसके अतिरिक्त पसीने की वजह से दाद खाज व खुजली के मरीज भी आ रहे हैं। वहीं कुछ लोगों को सिर में दाने निकलने की शिकायत भी हो रही है। डाक्टर मनीष ने बताया सीएचसी आ रहे मरीजों को सही सलाह और उपचार दिया जा रहा है।

### जरुरी सावधानियां

- भीषण गर्मी के दृष्टिगत खूब पानी पिएं। शिकंजी छांछ व नींबू पानी लाभदायक है।
- बाहर के खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें । घर का गर्म और ताजा भोजन ही करें।
- बाहर का जूस पीने के बजाए ताजे फल लाकर घर में ही जूस निकालकर पिएं।
- घर से नाश्ता करके ही बाहर निकलें बेवजह धूप में निकलने से परहेज करें।
- कटे फलों का सेवन न करें ताजी हरी सब्जियां ही घर लाएं।

## आंखों में एलर्जी के मरीज भी पहुंच रहे अस्पताल

**मोहनलालगंज** सीएचसी में भीषण गर्मी की वजह से कन्जक्टिवाइटिस और आंखों की एलर्जी की शिकायत लेकर भी मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों को आंखों में लालपन खुजली व सूजन के लक्षण पाए जा रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डा. अशोक कुमार ने बताया अस्पताल आ रहे मरीजों को नेत्र रोग विशेषज्ञ के तौर पर वह स्वयं जरुरी इलाज उपलब्ध करा रहे हैं।

# कस्टडी से फरार अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मृत बदमाश मनोज उर्फ उत्तम (फाइल फोटो)

**प्रदेश** के मथुरा जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 50 हजार रुपए कास इनामी हिस्ट्रीशीटर मनोज उर्फ उत्तम निवासी ग्राम मई, थाना शेरगढ़, मथुरा मारा गया। मनोज के खिलाफ दुष्कर्म और डकैती के कई मामले दर्ज हैं।

बीते गुरुवार की रात क्राइम ब्रांच और शेरगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में मनोज को एक मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसे उपचार के लिए मथुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से वह फरार हो गया था। जिसके बाद आईजी ने उसके ऊपर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित किया। पुलिस की लापरवाही पर हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया था। इस घटना के 15 घंटे बाद शुक्रवार की रात तीन बजे शेरगढ़ पुलिस और एसओजी ने दलौता से सेई रोड पर लौहलारी माता मंदिर तिराहा के पास मनोज उर्फ उत्तम की फिर से घेराबंदी की। पुलिस मुठभेड़ में उसे गोली लगी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल, अन्य हथियार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मनोज एक हिस्ट्रीशीटर था और 2015 में बंदूक के बल एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में जेल में था। वह 15 मई को एक माह की पेरोल पर जेल से बाहर आया था। हालांकि 25 मई को उसके खिलाफ महावन थाने में मामला दर्ज किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने लिफ्ट देने के बहाने एक बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म किया और लूटपाट की।





गर्मी का कहर लगातार जारी, राजधानी में शनिवार को भी आसमान से बरसी आग

# हीटवेब से हो रही मौतों से हड़कंप

- घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

**संवाददाता।** चित्रकूट



**गर्मी** और गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां हीटवेब व लू लगने से दो दिन में चार लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगातार मौसम का पारा बढ़ने से लोग चिंतित हैं। गर्मी से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

शुक्रवार की शाम मानिकपुर के सुभाषनगर के होटल में हलवाई विजय कुमार (60) ट्रेन से बांदा गये थे। बस से घर लौट रहे थे। भीषण गर्मी के चलते शर्ट उतारकर खड़ी बस के बाहर घूमने लगे। बस मानिकपुर को रवाना हुई तो वह बस की सीट पर बैठ गया। मानिकपुर पहुंचने पर सभी यात्री उतर गये, विजय कुमार नहीं उतरा। ये देख चालक ने उठाने को हाथ लगाया तो वह गिर गया, उसकी मौत हो गई। अफरा-तफरी मच गई। परिजनों को सूचना दी गई। बड़े भाई ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि लू लगने से मौत हुई है।

राजापुर तहसील क्षेत्र के रेड़ीभुसौली गांव के शिव लोचन (56) पुत्र रामबहादुर गुरुवार को छोटे भाई दर्शनलाल के साथ आम के बगीचे की रखवाली कर रहे थे। अचानक लू लगने से मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। भतीजे रामेन्द्र कुमार ने बताया कि हीटवेब से मौत हुई है। परिवार में पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री है। जिला मुख्यालय के तरौंहा के राजेश (45) पुत्र दुलीचन्द्र गुरुवार को पड़ोसी शिव पुत्र दीवान की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गये थे। आते समय अचानक गश खाकर गिर गये। परिजन जिला अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे नकुल ने बताया कि दोपहर में अंतिम संस्कार दौरान नहाते समय अचानक लू लग गई थी। शहर के चकरेही चौराहे के संतोष कुमार (63) पुत्र कल्लू गुरुवार की दोपहर घर में पंखा के पास बैठा था। गर्म हवाओं के लगातार संपर्क में रहने से लू लग गई। पत्नी गायत्री ने बताया कि वह ड्यूटी पर थी। बेटी का फोन आने पर पति को अस्पताल ले गई। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पांच पुत्री व एक पुत्र है।

# चोरी में दो वर्ष की सजा-जुर्माना

**संवाददाता।** चित्रकूट

**न्यायालय** में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार वेदांत पाण्डेय ने न्यायालय से चोरी के आरोपी को दो वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

शनिवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने कोतवाली कर्वी में दर्ज चोरी के आरोपी शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू पुत्र विनोद उपाध्याय बूढ़ा सेमरवार को दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि चार सितम्बर 2021 को कोतवाली कर्वी में अविनाश कुमार पुत्र रामभरोसा कछार पुरवा कोलगदहिया ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसका मोबाइल फोन अज्ञात ने चुरा लिया है। मामला दर्जकर विवेचना तत्कालीन दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने की। आठ सितम्बर 2021 को विवेचना से शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू को चोरी के नौ मोबाइल समेत गिरफ्तार किया था। चोरी का मोबाइल बरामदगी पर धारायें बढाई थी। विवेचक ने चार दिसम्बर 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने हत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित कलुआ उर्फ कल्लू पुत्र मेवालाल, कुटकू व भस्मा पुत्र मेवालाल निवासी लमियारी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, सिपाही राजकुमार, अतुल मिश्रा शामिल रहे।

# मतगणना कार्यो को लेकर डीएम ने नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

**फतेहपुर।** फतेहपुर संसदीय क्षेत्र के लोक सभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की अगुवाई में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में नामित नोडल अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 49-संसदीय क्षेत्र फतेहपुर की मतगणना चार जून को कृषि उत्पादन मंडी समिति बाँदा सागर रोड में की जानी है। मतगणना का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार नामित नोडल अधिकारी आपस मे समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाओ को पूरा कराये। मतगणना कार्य की व्यवस्थाओ को मंडी परिसर के बनाये गए नक्शे के अनुरूप पूर्ण कराये। सभी विधानसभाओ के रिटर्निंग अधिकारी मतगणना का कार्य अपनी जिम्मेदारी के साथ आयोग के दिशा निर्देशानुसार सम्पन्न कराये। मतगणना टेबल, कैमरा, बेरिकेडिंग की व्यवस्था सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही किया जाय साथ ही कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर, पब्लिक कम्युनिकेशन सेंटर, डिकोडिंग सेंटर, आदि में आवश्यकतानुसार उपकरण/अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाय। पेयजल, शौचालय, टेन्ट्स, विद्युत, की पर्याप्त व्यवस्था कर ले। स्ट्रांग रूम से मतगणना टेबल तक ईवीएम मशीन ले जाने वाली बेरिकेडिंग विधानसभावार निर्धारित कलर कोडिंग में तैयार की जाय। सभी प्रवेश द्वार में सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जायें। सुरक्षा के लिए पुरूष/महिला सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। गर्मी को देखते हुए पंखा, कूलर, ऐसी, छाया आदि की व्यवस्था कराये के निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी डॉ अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर डिपो की चलती बस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सवारियों में मची भगदड़

**संवाददाता।** सुमेरपुर(हमीरपुर

**हमीरपुर** से सवारियां लेकर बांदा जा रही हमीरपुर डिपो की बस का सेल्फ फंस जाने से वायरिंग में आग लग गई। इससे बस में धुआं भर गया। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में भगदड़ मच गई।

जल्दबाजी में नीचे उतरने के चक्कर में कई यात्री चुटहिल भी हो गए। शनिवार सुबह हमीरपुर डिपो की बस बांदा जाने को निकली थी। बस स्टॉप सुमेरपुर में कुछ देर तक रुकने के बाद जैसे ही बस बांदा की रवाना हुई और सुमेरपुर लक्ष्मीबाई तिराहा के पास पहुंची वैसे ही बस का सेल्फ फंस गया। जिसकी वजह से उसकी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से बस में तेजी से धुंआ भरने लगा। अचानक हुई इस घटना से पात्रियों में भगदड़ मच गई और घबराहट और जल्दबाजी में नीचे उतरने के चक्कर में कई यात्री चुटहिल भी हो गए। बस चालक ने तत्काल पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके बाद यात्रियों को दूसरी बस से बांदा के लिए रवाना किया गया। तब कही यात्रियों को राहत मिल सकी, वही बस के चालक ने पुलिस को बताया कि बस में आग नही लगी है तकनीकी कारणों से धुंआ उठने लगा था सभी यात्री सुरक्षित हैं किसी को किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई है, इसी तरह 30 अप्रैल को कस्बा सुमेरपुर में गायत्री तपोभूमि के सामने महोबा डिपो की बस के पहिए अचानक जाम हो गए थे तब यात्रियों को घंटो खड़े रहकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, दूसरी बस के आने पर सभी यात्रियों को गंतव्य तक ले जाया गया था, इस तरह यात्रियों को हमीरपुर और महोबा डिपो की बसों पर जरा भी भरोसा नहीं रह गया है, कौन बस कहां खड़ी हो जाय कोई भरोसा ही नहीं है।

# तीन अधिकारियों को मतगणना से करें अलगः मयंक द्विवेदी

- बसपा प्रत्याशी ने डीएम को सौपा पत्र

**चित्रकूट।** बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने जिलाधिकारी समेत मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग व रिटर्निंग आफीसर 48 लोकसभा क्षेत्र बांदा-चित्रकूट को लिखे पत्र में कहा कि मतगणना से कुछ अधिकारियों को अलग किया जाये, ताकि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। शनिवार को बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने जिलाधिकारी समेत निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा कि उपायुक्त मनरेगा धर्मजीत सिंह व बीएसए लवप्रकाश यादव तथा एसडीएम सदर/एआरओ सौरभ यादव के मतगणना प्रक्रिया बाधित करने व पक्षपात की प्रबल सम्भावना है। तीनों अधिकारियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मतगणना प्रक्रिया से अलग किया जाये। इनके स्थान पर किसी अन्य समकक्षीय अधिकारी की तैनाती की जाये।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस मनाया

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में अन्तर्राष्ट्रीय बाल संरक्षण दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह ने सभी संवासियों को बालकों के संरक्षण व अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शनिवार को जिला सह परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना पोडवाल ने संवासियों को बाल श्रम की हानियों बाबत बताया। संचालन करते हुये योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को बाल अधिकारों की जानकारी देने के साथ कर्तव्यों का पालन कर अनुशासन से रहने का संकल्प दिलाया। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर के सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव, परामर्शदाता दीपक शर्मा, केयरटेकर सुरेशचन्द्र, राहुल आदि मौजूद रहे।

# राबर्ट्सगंज में हुआ 55.61 प्रतिशत मतदान

## लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज पर हुआ 55.61 प्रतिशत मतदान, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बूथों का लेते रहें जायजा



**सोनभद्र।** लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज व दुद्धी विधानसभा उप चुनाव को लेकर शनिवार को मतदाता शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। कहीं से भी मतदान में किसी व्यवधान की खबर नही रही कुछ मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मे तकनीकी खराबी के चलते मतदान कुछ देर से शुरू हुआ। लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज में कुल 55.61 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज के विधानसभा क्षेत्र चकिया मे 62.45 प्रतिशत घोरावल मे 60.14 प्रतिशत राबर्ट्सगंज मे 55.46 प्रतिशत ओबरा मे 43.27 प्रतिशत व दुद्धी 54.76 प्रतिशत मतदान हुआ। शनिवार को अन्तिम चरण के मतदान के साथ ही देश की अट्ठारहवीं लोकसभा के लिए मतदान की प्रक्रिया का समापन भी हो गया। लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज पर जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के अलावा सामान्य प्रेक्षक जी0 जया लक्ष्मी के निगरानी में सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों में तैनात पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय सलखन के मतदान केन्द्र व राजा बलदेव दास बिड़ला सोन घाटी इंटर कालेज सलखन सोनभद्र का भी जायजा लिया इस मौके पर जिलाधिकारी ने मतदाताओं से वार्ता कर मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तों मतदाताओं द्वारा बताया गया कि मतदान के दौरान के किसी प्रकार की कोई समस्या नही हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में स्थापित एकीकृत कन्ट्रोल रूम से भी जनपद के चारों विधान सभाओं में स्थापित मतदान केन्द्रों में हो रहे मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते रहें। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसको लेकर नजर रखी जा रही थी और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट जमा कराने के लिए आ रहे पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया और मतदान प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। सायंकाल से पोलिंग पार्टियों के पॉलिटेक्नीक कालेज लोढ़ी स्थल पर बने स्ट्रांग रूम में ई0वी0एम मशीन व अन्य निर्वाचन सम्बन्धी कागजात के जमा कराने का सिलसिला जारी रहा। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन में लगे समस्त अधिकारियों कर्मचारियों मीडिया का जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने बधाई दी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार अपर जिलाधिकारी वि0रा0 सहदेव कुमार मिश्र अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादव अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## मतदान पर्ची न मिलने से भटकते रहे मतदाता

बीजपुर/सोनभद्र। लोकसभा व विधानसभा दुद्धी उप चुनाव का मतदान शनिवार को बीजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के बूथों पर सुबह सात बजे से सायं चार बजे तक चला प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज पाण्डेय के नेतृत्व में जगह जगह तैनात पुलिस बल के जवानों, क्षेत्र में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों के निरीक्षण एवं विभिन्न जनपदों से ड्यूटी में आए हुए पुलिस बल के जवानों की देख-रेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान केंद्रों के बाहर कुछ मतदाता मतदान पर्ची समय से न मिल पाने के कारण इधर उधर भटकते भी दिखे। जिन मतदाताओं को वहां भी पर्चियां नहीं मिल पाई वे मजबूरी की हालत में बैरंग घर भी लौटते दिखे। हालांकि जिन मतदाताओं को समय से मतदाता पर्चियां मिल चुकी थीं वे सभी बढ़ चढ़ कर तेज धूप की परवाह किए बिना भी लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किए। ग्राम सभा बीजपुर के एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित केंद्रीय विद्यालय रिहंद नगर तथा ग्राम सभा जरहाँ के कुछ बूथों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी कहें अथवा मतदान कराने आए कर्मियों की कमी के कारण उन बूथों पर समय सुबह सात बजे के बजाए कुछ देरी से मतदान शुरू हुआ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थल का गहन निरीक्षण

# भीषण गर्मी को देखते हुए अस्थाई अस्पताल बनाने के दिए निर्देश



**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मतगणना 04 जून को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मतगणना स्थल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ताएविधानसभा अकबरपुरए कटेहरीए टांडाए आलापुरए जलालपुर के सहायक रिटर्निंग आफिसर मौके पर उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक विधानसभा के मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुविधाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक फ्लोर पर एक अस्थाई अस्पताल स्थापित किया जाए साथ ही साथ हर विधानसभा के मतगणना स्थल पर चिकित्सक नियुक्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि मतगणना के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएए साथ ही साथ प्रत्येक विधानसभा वार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर विद्युत संबंधित समस्त व्यवस्थाएं को सुनिश्चित किया जाए।जिससे सुचारू रूप से मतगणना संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आलापुर विधानसभा के मतगणना स्थल हाल की वातानुकूलित व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पीने के पानी एछाया सहित अन्य आवश्यक आवश्यकताओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मीडिया गैलरी का भी निरीक्षण किया गया और वहां की व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।गर्मी को देखते हुए सभी स्थानों पर कूलर एएग्जॉट फैन लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर मिस्ट फैन; हवा के साथ पानी फेकनाद्ध छत एवं दीवारों पर पानी डालने की व्यवस्था की जाए तथा गर्मी से बचाव हेतु ठंडा पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ता ए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् राजकुमारए अधिक्षण अभियन्ता विद्युतए अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभागएअपर पुलिस अधीक्षकए जिला सूचना अधिकारी तथा अन्य अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## भदोही में कक्षा पांच की छात्रा से अश्लील हरकत करने के दोषी को पांच वर्ष की कैद

**भदोही।** भदोही जिले की एक विशेष अदालत ने शनिवार को पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली 10-वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई और सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) कौलेश्वर नाथ पांडेय ने बताया कि यौन उत्पीड़न से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से जुड़े मामलों की विशेष न्यायाधीश मधु डोगरा ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद शनिवार को ऑटो चालक रवि शंकर (21) को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष कठोर कैद और सात हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। डोगरा ने जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को डेढ़ साल अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया। घटना के संबंध में डोगरा ने बताया कि जिले के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में 10 साल की बच्ची को स्कूल लाने-ले जाने का जिम्मा कांसापुर निवासी ऑटो चालक रवि शंकर को दिया गया था। उन्होंने बताया कि तीन अक्टूबर 2023 को रवि बच्ची को स्कूल न ले जाकर एक नहर के पास ले गया और उसे मोबाइल पर अश्लील फिल्म दिखाते हुए उसके साथ अश्लील हरकत की, जिसकी जानकारी बच्ची ने प्रिंसिपल को दी और चालक के साथ घर वापस जाने से इनकार कर दिया।

# सीखने का सभी करते रहें अभ्यासः कृपाशंकर सिंह

## गुरुकुल मांटेसरी स्कूल फाफामऊ में समर कैंप का हुआ समापन




**प्रयागराज।** गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल शांतिपुरम फाफामऊ में चल रहे 12 दिवसीय समर कैंप का समापन आज हम इसमें छात्रों ने कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की मंच पर प्रस्तुति दी। प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही। जिसका सभी करतल ध्वनि से बच्चों को उत्साहित किया। समर कैंप में स्केटिंग ताइक्वांडो क्लासिकल डांस वेस्टर्न डांस सिंगिंग वादन बैडमिंटन पेंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट कैलीग्राफी पेन से फ्रेंडशिप ब्रेन बूस्टिंग ज्ञान विज्ञान जेनरेशन जीनियस जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेल्फ एनहैंसमेंट वाली बाल फुटबॉल जुंबा टेबल टेनिस रोबोटिक्स आर्चरी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने स्विमिंग का खूब आनंद उठाया। संस्थान के अध्यक्ष कृपा शंकर सिंह रिटायर्ड आईपीएस ने कार्यक्रम की संयोजक डॉ वंदना सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत ही कम समय में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों का प्रशिक्षण छात्रों को दिलवाया। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है इसका अभ्यास अवश्य करते रहे। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कैंप के दौरान छात्रों में टीम वर्क शिष्टाचार की भावना इत्यादि को विकसित करने का प्रयास किया गया। सह निदेशक क्षितिज विक्रम सिंह प्रधानाचार्य अमिता मिश्रा तथा संस्थापिका प्रधानाचार्य अलका अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के शिविर में विद्यार्थी खेल.खेल में बहुत कुछ सीख लेते हैं और खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समर कैंप का आयोजन डॉ वंदना सिंह ने किया। टीम में कविता भार्गव अविनाश कुमार शांतिदीप आराधना कृतिका सिंह सत्य नारायण गौरव विजय खुशी श्रीमती अमोला कामिनी तिवारी के नेतृत्व में हुआ। समर कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षकों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हीट वेब से बचाव के लिए प्रयागराज मंडल कर्मचारियों को कर रहा जागरूक



**प्रयागराज।** वर्तमान भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रयागराज मंडल अपने कर्मचारियों को जागरूक कर रहा है। मण्डल के सभी स्टेशनों पर कार्यरत रेल कर्मियों को हीट वेव से बचने और रखी जाने वाली सवधानियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल हिमांशु बडोनी ने मिर्ज़ापुर में प्रगति कार्यों और संरक्षा का जायजा लेने की बाद मिर्ज़ापुर स्टेशन पर सभी पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के बारे में जागरूक किया। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा सभी कर्मचारी को गर्मी से बचने के लिए ओआरएस घोल पानी एवं गमछा अपने साथ अवश्य रखे। हीट वेव से बचाव के लिए जागरूकता एवं सावधानी ही प्रभावशाली उपाय है। उन्होंने कहा है कि भीषण गर्मी गर्म हवा व लू से बचने के लिए खिडकियों को रिफ्लेक्टर गत्ते इत्यादि से ढककर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। जिन खिड़कियों व दरवाजों से दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं उन पर काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े इत्यादि से ढककर रखें। इसी क्रम में स्टेशन अधीक्षक इटावा ने हीट बेव से बचने के लिए सभी कर्मचारियों को गर्मी के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में काउंसिल किया और स्टाफ को गमछा वितरण किया।इसी प्रकार से मण्डल के अन्य स्टेशनों पर भी सभी पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों को काउंसिल किया गया। यह जानकारी अमित कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे ने दी।

# एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल ने सुबह-सुबह अपना वोट डाला



**मिर्जापुर।**अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एनडीए प्रत्याशी श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने शनिवारए 1 जून की सुबह 7 बजे मिर्जापुर नगर स्थित सेंट मैरी स्कूल के मतदान केंद्र पर पहुँच कर अपना वोट डाला। इस अवसर पर श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए मैंने सुबह. सुबह अपना वोट दे दिया है। आपसे निवेदन है कि आप भी अपने घर से निकलिए और सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कर्तव्य का पालन कीजिये। आप का एक वोट देश की दशा और दिशा बदल सकता है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मतदाताओंए चुनावकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों से धूप से बचाने एवं अवश्यक सावधानी बरतने की अपील की।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में आरेडिका ने की सहभागिता



**रायबरेली।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ;नराकासद्ध की छमाही बैठक बैंक ऑफबड़ौदाए क्षेत्रीय कार्यालयए रायबरेली में सम्पन्न हुई जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय से श्री छबिल कुमार मेहेरए उप निदेशकए क्षेत्रीय कार्यालयए गाजियाबाद उपस्थित रहे जिन्होने राजभाषा क्रियान्वयन की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की । इसी के साथ ही नराकासए रायबरेली के तत्वाधान में एनण्टीपीण्सीण् ऊंचाहारए रायबरेली द्वारा आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के प्रतिभागी सौरव सचान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ । बैठक में आरेडिकाए रायबरेली के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तवए उप मुख्य वित्त सलाहकार एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉण् सत्य व्रत एवं सहायक सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार आदि उपस्थित थे ।

## एनसीएल से मई माह में सेवानिवृत्त हुए 43 कर्मी

**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल से मई माह के अंत में 8 अधिकारी व 35 कर्मचारी सहित 43 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों में महाप्रबन्धक उत्पादन एल पी गोडसे महाप्रबन्धक सिविल ए के सिंह महाप्रबन्धक कार्मिक शफ्दर खान मुख्यप्रबन्धक सामग्री प्रबंधन ओ पी श्रीवास्तव, केन्द्रीय अस्पताल, सिंगरौली से वरीय कक्ष सहायक चंद्रिका राम शामिल रहे। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम निदेशक कार्मिक मनीष कुमार, निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी संचालन जितेंद्र मलिक निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना एस पी सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष श्रमिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में सभी का जीवन वृतांत का वाचन भी किया गया। सेवानिवृत्त हुए कर्मियों ने अपने एनसीएल सहित कोल इंडिया में लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया एवं कंपनी के उत्तरोतर विकास की कामना की। साथ ही उपास्थित सह कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े अपने संस्मरण साझा किया।

# नौ कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई




**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 31मई को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 09 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी श्यामलाल राम उप प्रबंधक एमजीआर विरेश कुमार दुबे, उप प्रबन्धक संविदा एवं सामग्री शाजी जार्ज सहायक प्रबन्धक मानव संसाधन लीलाधर गायकवाड़ अभियंता एसएलपीएस प्रचालन लाल दिवाकर सिंह अभियंता एसएलपीएस प्रचालन सतीश चन्द्र ठाकुर, अभियंता एसएलपीएस प्रचालन जागेंद्र प्रसाद दुबे, उप अधिकारी एफ ई एस सुनील कुमार अतुलकर उप अभियंता बीएमडी) एवं रामलगन बियार, सहायक ग्रेड-4 एफक्यूए। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार एवं मुख्यमहाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजेश भारद्वाज नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य परियोजना प्रमुख विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकों द्वारा श्री फ्ल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण पत्र आदि भी प्रदान किया गया। अभिनंदन समारोह का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# पूर्व एमएलसी सपा नेता पर मुकदमा दर्ज

## मतगणना को लेकर अभद्र टिप्पणी करना महंगा पड़ा



**शाहजहांपुर** । पूर्व एमएलसी और सपा नेता को फेसबुक अकाउंट से मतगणना को लेकर अभद्र टिप्पणी करना महंगा पड़ गया। पोस्ट में लिखा गयाए मतगणना में कोई बेईमानी न करवाना खून बह जाएगाए अधिकारी मशहूर है बेईमानी मेंए इसके अलावा पोस्ट के माध्यम से मतगणना में बेईमानी होने पर लोगों को उकसाने की कोशिश की गई।

उपनिरीक्षक ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट लेकर अमित यादव नाम के व्यक्ति के खिलाफकई धाराओं में एफ्आईआर दर्ज कराई है। अमित यादव सपा से पूर्व विधायक राजेश यादव के भाई हैं। वहीं राजेश यादव ने कहा किए एफ्आईआर के मामले में जानकारी नहीं है। अगर एफ्आईआर हुई है तो उसको देखा जाएगा।लोकसभा और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए चार जून को मतगणना होगी। ऐसे में विपक्ष लगातार मतगणना को निष्पक्ष कराने की मांग करता रहा है। पूर्व एमएलसी और सपा नेता अमित यादव के फेसबुक अकाउंट के एक पोस्ट शेयर की गई। इसमें जनप्रतिनिधियों और डीएम का उल्लेख करते हुए काफी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। पोस्ट का संज्ञान लेते ही सदर थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू है।पुलिस लगातार कर रही निगरानीचार जून को मतगणना का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको देखते हुए आपराधिक व असामजिक तत्वों पर सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस के द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। 30 मई को सोशल मीडिया पर अमित यादव नाम के व्यक्ति के सोशल मीडिया अकाउंट से डीएम और जनप्रतिनिधियों का उल्लेख करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लिखा गया। मतगणना में कोई बेईमानी न करवानाए खून बह जाएगाए अधिकारी मशहूर हैं बेईमानी मेंए इसके अलावा भी अभद्र टिप्पणी की गई।बाद में हटाई गई फेसबुक से पोस्ट एफ्आईआर के साथ जारी की गई अभद्र टिप्पणी के स्क्रीनशॉट भी पुलिस ने शामिल किए हैं। जारी पोस्ट से जाहिर है कि अमित यादव नाम का व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार सहिंता व धारा 144 का उल्लंघन करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने के लिए उकसाया गया। पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर ली है। हालांकि बाद में फेसबुक अकाउंट से पोस्ट को हटा दिया गया।पूर्व एमएलसी ने जानकारी से किया इंकार। वहीं इस मामले में जब पूर्व एमएलसी अमित यादव से फोन पर बात कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। पूर्व एमएलसी के भाई पूर्व विधायक राजेश यादव ने बताया किए एफ्आईआर के संबन्ध में जानकारी नहीं है। अगर एफ्आईआर दर्ज हुई है तो उसको देखा जाएगा। उन्होंने कहा किए आजकल पुलिस जो कह दे वही सही होता है। इसलिए इसको बाद में देखेंगे। सदर थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया किए अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एफ्आईआर दर्ज की गई है। अमित यादव नाम का व्यक्ति कौन है इसकी जानकारी की जा रही है।

## 13 की लोक अदालत में सुलह से हल हों मामलेः जिला जज

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने को शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/ जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। शनिवार को जनपद न्यायालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों को सुलह–समझौते से निस्तारित कराया जाये। सुलह पर वाद निस्तारित होने से दोनों पक्षों में से किसी की हार नहीं होती। हमेशा के लिए विवाद समाप्त हो जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को निरंतर प्री–ट्रायल बैठकें हो रही हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने कहा कि सुलह योग्य वादों को चिन्हित कर लिया जाये। सम्बन्धित वादकारियों को नोटिस भेजा जाये। नोटिस व सम्मन सम्बन्धित थानों के पुलिस कर्मी समय से तामीला कराने पर ध्यान दें। इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, नीरज श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम मो जसीम, सीओ सिटी राजकमल, अग्रणी बैंक प्रबंधक तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट जिला मुख्यालय में चला बाल श्रम उन्मूलन अभियान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन बाबत जारी अभियान में लेबर इंस्पेक्टर राजेश द्विवेदी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राकेश माथुर, बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, बाल कल्याण समिति के राजेश दुबे, हिमांशी चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष जीआरपी विवेक शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू संजीव कुमार, दरोगा दुर्ग विजय सिंह, सदानंद सिंह ने रेलवे स्टेशन व आसपास के होटल/दुकानों पर काम कर रहे छोटे बच्चों बाबत जानकारी ली।

शनिवार को पुलिस टीम के साथ बाल संरक्षण अधिकारी आदि ने पुरुषोत्तम दास गुप्ता किराना दुकान रेलवे स्टेशन रोड से शुभम (16) पुत्र कमलेश मिशन अस्पताल एलआईसी को काम करते पाया। इस बाबत लेबर इंस्पेक्टर ने कार्यवाही की। अन्य कहीं पर कोई बच्चा कार्य करता नहीं मिला। इस बाबत रेलवे स्टेशन व आसपास के लोगों को जागरुक किया कि किसी बच्चे से काम न करायें। नाबालिग बच्चे काम करते पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को मजदूरी में न रखें।

## मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हाकी का समर कैंप आज से

प्रयागराज। कायस्थ पाठशाला द्वारा संचालित मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हॉकी का समर कैंप रविवार दो जून से लगाया जाएगा जिसका उद्घाटन कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा रविवार को सुबह 6रू30 बजे करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह सपोर्ट चेयरपर्सन सिद्धार्थ नंदन करेंगे। हॉकी के इच्छुक सभी बालक बालिका जो समर कैंप में शामिल होना चाहते हैं वह मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अपना रजिस्ट्रेशन रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे से आठ बजे एवं शाम चार बजे से साढ़े छह के बीच सनी पांडे के पास करा सकते हैं। यह जानकारी सचिव स्पोर्ट्स मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स ने आज दी है।

## मतगणना स्थल पर गुटखा-सिगरेट पर प्रतिबंध

शाहजहांपुर। 4 जून को प्रात: 8:00 बजे से सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन मंडी रोजा मे मतगणना प्रारंभ होगी।। जिलाधिकारी ने शनिवार को मतगणना स्थल पहुंच कर अब तक की गयी तैयारियों को जायजा लिया तथा मतगणना हेतु समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी के दृष्टिगत डीईओ ने मतगणना हॉल में पर्याप्त कूलरए पंखे बढ़ाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होने मतगणना स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सुरक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय प्रबन्ध किये गये है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जांच उपरान्त ही मतगणना कक्ष में कर्मिकों की एंट्री की जायेगी। उन्होने कहा कि किसी भी तरहा का पानए पुड़ियाए गुटखाए सिगरेट मतगणना कक्षों में लेजाना पूर्णतया प्रतिबंधत है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेयए नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्रए नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मटेरियल रिकवरी प्लांट का अधिकारी ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर ।नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र के निर्देश पर उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी दूहा ने महा नगर क्षेत्र के ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एवं गीला कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्लांट में मौजूद कर्मचारियों से फीडबैक लिया और दैनिक जनित ठोस अपशिष्ट के समय से निस्तारण हेतु समस्त आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु प्लांट्स संचालकों को दिशा निर्देश दिए साथ ही प्लांट एवं आने वाले ठोस अपशिष्ट की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कचरे के ठोस निस्तारण हेतु उप नगर आयुक्त द्वारा सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि महानगर क्षेत्र से नियमित रूप से आने वाले कूड़े को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विधि से नियमित निस्तारण कराया जाए। निरीक्षण के समय श्री सैफ सिद्दीकी ए एम आर एफ सुपरवाइजर तथा अन्य प्लांट कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद में बस की टक्कर से ऑटो सवार पांच लोगों की मौत, छह घायल

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के राजावली थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज़) की बस की टक्कर से एक ऑटो सवार पांच यात्रियों की मौत हो गई और करीब छह लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार फिरोजाबाद जिले के राजावली थाना क्षेत्र के तजापुर के समीप एटा की ओर से आ रही एक बस ने आगे जा रही एक कार को टक्कर मारी जो ऑटो से जा टकराई। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार महिला सपना (30), अनिल (28), कार्तिक (पांच) की मौके पर मौत हो गई जबकि जिला अस्पताल में कार्तिक की मां रेनू (26) एवं ऑटो चालक मोनू (22) की उपचार के दौरान मौत हो गई। मिश्रा ने बताया कि बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

## बदायूं मे अनियंत्रित पिकअप की चपेट मे आने से चार लोगों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**बदायूं ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के कोतवाली बिसौली क्षेत्र के बिसौली-आंवला मार्ग पर स्थित एक गांव मे शनिवार दोपहर को पीपल के पेड़ के नीचे बैठे लगभग आधा दर्जन लोगों को बेकाबू पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिससे इस घटना मे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बिसौली कोतवाली इलाके के पैगाम भीकमपुर गांव मे आज दोपहर बाद लगभग आधा दर्जन लोग चबूतरे पर बैठे हुए थे तभी बेकाबू पिकअप वाहन चबूतरे पर बैठे पर बैठे ग्रामीणो के ऊपर चढ़ गया और उन्हे कुचल दिया। उन्होने बताया कि इस हादसे मे प्रकाश(42), ब्रह्मपाल (35), धनपाल (55), ज्ञान सिंह (40) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामवीर और नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने पिकअप समेत चालक को हिरासत मे ले लिया है। जिलाधिकारी (डीएम) मनोज कुमार ने बताया कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के पैगाम भीकमपुर गांव मे आज दोपहर एक पेड़ के नीचे बैठे लोगों पर पिकअप के चढ़ जाने से कुचल कर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हीट बेव के साथ ही अब मलेरिया से भी किया जा रहा है जागरूक



## जून माह मलेरिया रोधी के रूप में मनाया जायेगा

**मिर्जापुर।** हीट बेव के बीच मलेरिया जैसी बीमारी बढ़ने की आंशका को देखते हुए जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मना रहा है। इस माह में स्वास्थ्य कर्मी तैनात स्थल पर लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करेगे। मलेरिया रोग से जिले में 2021.22 में 67 रोगी मलेरिया से पीड़ित पाये गये थे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर छोटे लाल वर्मा ने बतया कि हीट बेव के साथ ही साथ मलेरियाए डेगू व चिकनगुनिया जैसी गम्भीर बीमारियों से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। इसी के तहत जिले में 30 जून तक मलेरिया रोधी अभियान मनाया जायेगा। इससे आगे आने वाले महीनों में मलेरिया बीमारी पर आसानी से रोकथाम किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी संजय द्विवेदी ने बताया कि इस बार पहलें की तरह जागरूकता अभियानए गोष्ठियां और रैलियां आयोजित नहीं होगी। सोशलए मीडियाए बैनरए पोस्टर माइक से प्रचार ए दीवारों पर पेंटिंगए व अन्य साधनों से मलेरिया के बचाव के बारे में लोगों को जानकारी दिया जा रहा है।

**क्या है मलेरियाः** मलेरिया प्लाज्मोडियम वाइवैक्स परजीवी से होने वाली बीमारी है। यह मादा एनेफिलीज मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर साफ बहते हुए पानी में पनपते है। अधिकतर ये मच्छर सूर्यास्त के बाद ही काटते हैं। कुछ मरीजों में मलेरिया अन्दर ही अन्दर बढ़ता है। बुखार ज्यादा न होकर कमजोरी आने लगती है। एक स्टेज पर मरीज में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है।

**मलेरिया के मुख्य लक्षण:**ण्संक्रमित व्यक्ति के सिर में तेज दर्द का होनाए उल्टी या मितली का होनाए तेज बुखार का होनाए ठंड या कंपकंपी भी लगती है। बुखार काफी लम्बे समय तक रहनाए थोड़ीण्थोड़ी देर में प्यास का लगनाए हाथ व पैर में ऐंठन बननाए थकान या कमजोरी का महसूस होनाए घबराहट व बेचैनी का होनाए

**मलेरिया से बचाव के मुख्य तरीका::** घर के आसपास कभी भी पानी इकठ्ठा न होने देंए बारिश के पहले घर के गमलों को ढक कर रखेंए घर में लगे कूलर के पानी को नियमित रूप से बदलेंए घर के फर्श और आसपास फिनायल जैसे कीटाणुनाशक से साफकरते रहेए रात को सोते समय मच्छर मारने वाली क्वाइल या मच्छरदानी का ही प्रयोग करेंए बारिश के दिनों में हाथ व पैर ढकने वाले कपड़ों की ही प्रयोग करें।

## आरेडिका में वेब गोष्ठी व हिंदी कार्यशाला का हुआ आयोजन



रायबरेली। राजभाषा विभागए आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली द्वारा हिंदी कार्यशाला के अंतर्गत भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के तत्वाधान में संसदीय समिति की संशोधित निरीक्षण प्रश्नावली विषय पर वैब गोष्ठी के आयोजन में सहभागिता की गई । वैब गोष्ठी में वक्ता डॉण् बरुण कुमारए निदेशक ;राजभाषाद्धए रेलवे बोर्डए नई दिल्ली ने उक्त विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव ने संसदीय समिति की संशोधित निरीक्षण प्रश्नावली की समीक्षा एवं व्यवहारपरक बनाने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया । कार्यशाला में समस्त विभागो से हिंदी केंद्रक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे । बैठक का सफल संचालन सहायक सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार द्वारा किया गया।

## इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया

इटावा। इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नीरजा का यह पहला प्रजनन है और नवजात शावक तथा शेरनी दोनों ही स्वस्थ हैं।इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा ने अपने पहले प्रसव में शुक्रवार रात्रि नौ बजकर 50 मिनट पर एक शावक को जन्म दिया तदुपरांत 10 बजकर 51 मिनट पर दूसरे, तीन बजकर 17 मिनट पर तीसरे और एक जून को सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर चौथे शावक को जन्म दिया। पटेल ने बताया कि इसके साथ ही यहां शेरों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह ने बताया कि शेरनी नीरजा और उसके नवजात शावकों के स्वास्थ्य और व्यवहार पर निरंतर नजर रखी जा रही है। भीषण गर्मी से बचाव के लिए कूलर और पानी का छिड़काव किया रहा है।

# भदोही में एक ही परिवार के तीन लोग गंगा में डूबे

भदोही। भदोही जिले में गंगा नदी में नहाने गए एक ही परिवार के छह लोग डूब गए जिनमें से तीन लोगों को मल्लाहों ने बचा लिया लेकिन पिता–पुत्र समेत तीन लापता हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब एक बजे एक ही परिवार के छह लोग भीषण गर्मी में गंगा में स्नान करने गए थे। कोइरौना थाना के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि गंगा किनारे इटहरा गांव निवासी शेषमणि सिंह के परिवार के विकास, शक्ति, देवा, विनय सिंह, शिवा और किशन सभी गंगा में नहा रहे थे तभी वे गहरे पानी की तरफ चले गए। उन्होंने बताया कि बचाओ–बचाओ की पुकार सुनकर कुछ मल्लाहों ने तीन को डूबने से बचा लिया और विनय सिंह (38), उनका बेटे शिवा (13) और भतीजा किशन (12) तेज बहाव में बह गए।थाना प्रभारी ने बताया कि उनकी तलाश की जा रही है।राय ने बताया मौके पर कई गोताखोर और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) टीम के साथ स्थानीय मल्लाह तलाश में जुटे हैं, लेकिन शाम तक तीनों का पता नहीं चल सका।

# डीएम-एसपी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

## मतगणना स्थल पर प्रतिबंधित रहेंगे मोबाइलः डीएम

**चित्रकूट** ।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष संपन्न कराने को मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का निरीक्षण कर कहा कि 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के मतगणना स्थल पर मतगणना को मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा संचालन, पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखे, आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश आदि की जानकारी ली।

शनिवार को डीएम ने एडीएम एफ्आर से कहा कि मतगणना स्थल में जो कार्य शेष हैं, उन्हें तत्काल पूरा करायें। चार जून को मतगणना स्थल पर किसी कर्मचारी, एजेंट व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य किसी को मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने एक्सईएन विद्युत से कहा कि मतगणना स्थल को जो विद्युत तार गई है, उसे चेक कर लें, ताकि मतगणना में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। विद्युत आपूर्ति लगातार जारी रहेगी।

## महिलाओं का ई-रिक्शा चलाने के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत 125 महिलाओं का दस दिवसीय ई–रिक्शा चलाने के प्रशिक्षण का समापन शनिवार को जे0पी0 इण्ठरमीडिएट कालेज कर्वी चित्रकूट में जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एस0 एल0 एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेन्द्र नाथ ने किया।

इस मौके पर जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रोजगार के अवसर बढ़ेगे जिससे आप धनोपार्जन करके अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण आप सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा। यह सरकार की आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल है। कार्यक्रम संयोजक राकेश कुशवाहा ने इस प्रशिक्षण के में आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन बैजनाथ सिंह ने किया ने किया।

# रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब विंध्याचल ने दुल्हन की तरह सजाया सखी बूथ

**मीरजापुर** लोकसभा चुनाव में शासन द्वारा नामित सखी बूथ ;पिंक बूथद्ध और युवा पोलिंग बूथ जो की रानी कर्णावती प्राथमिक विद्यालयए लालडिग्गी में पास हुआ है उसे सजानेए संवारने और इसकी समुचित व्यवस्था की जिम्मेदारी रोटरी क्लब विंध्याचल ने ली।रोटरी क्लब विंध्याचल द्वारा पूरे परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया जिसमें आकर्षक तोरण द्वार एखूबसूरत गैलरीए टेंटए पंडाल ए मैटिंगए सेल्फी प्वाइंट एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई जिसके पूरे नगर में चर्चा है।जहां एक तरफस्थानीय नागरिकों एवं मतदाताओं ने इस प्रयास को खूब सराहा वहीं दूसरी ओर निर्वाचन अधिकारियों ने उत्साह पूर्वक कहा कि इस प्रकार के चुनावी बूथ की साथ सजा और व्यवस्था उन्होंने पहली बार देखी। इस अवसर पर उपस्थित आगामी रोटरी मंडलाध्यक्ष रोटेरियन पारितोष बजाज ने रोटरी क्लब विंध्याचल के प्रयास



की भरकस सराहना की एवं आम जनों से बढ़ . चढ़ कर मतदान करने की अपील की। अध्यक्ष सुशील झुनझुनवाला ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें एवम पूरे परिवार सहित इस चुनावी अनुष्ठान का हिस्सा बनें।

इस अवसर पर संजय सिंह गहरवारए मयंक गुप्ताएमुकेश जायसवालए सुशील केसरवानीए प्रवि कुमारए जयप्रकाश गुप्ताए डॉ अमित केसरवानीए अमित सिंहए श्री गोपाल सोनीए मुकेश अग्रवालए शशांक टंडनएप्रियांशु अग्रवालए नीतू सोनी एसत्यम गुप्ता एआदित्य सिंहएप्रखर गुप्ताएअंश वर्माएसत्यम गुप्ता मुदित भार्गव व अन्य उपस्थित रहें।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान संघ ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

## खोखला साबित हो रहा सीएम का आश्वासन-सुनील

**चित्रकूट।** प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में लामबन्द प्रधानों ने एडीएम न्यायिक राजेश कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 15 दिसंबर 2021 को प्रदेश के प्रधानों को मुख्यमंत्री ने बुलाकर कई घोषणायें की थी। जिन पर अमल करना दूर, गांवों को प्रयोगशाला बनाकर नए–नए शासनादेश जारी कर विकास कार्यों में अवरोध पैदा किया जा रहा है। शनिवार को प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में प्रधानों का जत्था कलेक्टेऊट पहुंचा। यहां एडीएम न्यायिक राजेश कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तीसरी सरकार के निर्वाचित प्रतिनिधियों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ रहा है, जिसे रोकना आवश्यक है। सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर, शौचालय केयरटेकर, प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार ने अलग से करने का वायदा किया था। तत्काल अमल कर रजिस्टर्ड डिप्लोमा होल्डर अथवा जिले में नियुक्त तकनीकी सहायक से स्टीमेट बनवाने की छूट का प्राविधान का भरोसा दिया था। इस पर अमल किया जाये। प्रधानों, बीडीसी व डीडीसी की सहभागिता में पंचायतों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को जिला स्तर पर माह में एक बार डीएम–एसपी की अध्यक्षता में पंचायत दिवस मनाने का वायदा किया था। यथाशीघ्र क्रियान्वयन किया जाये। जिला योजना समिति में प्रधानों को प्रतिनिधित्व देने का वायदा किया था। अभिनव प्रयोग करते हुए निदेशक पंचायतीराज ने मानदेय पर नियुक्त अप्रशिक्षित पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री आपरेटर को पंचायत गेट–वे साफ्टवेयर को एकीकृत करते हुए पंजीकृत मोबाइल से पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से भुगतान को अधिकृत कर दिया गया। बिना किसी तकनीकी प्रशिक्षण व क्षमता आंकलन किये, उन्हें सत्यापन का अधिकार दे दिया गया है। विकास कार्य में बाधक अव्यवहारिक आदेश को वापस लिया जाए। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष कर्वी विष्णुकांत पांडेय, गोविंद निषाद, प्रदीप सिंह, कमल यादव, लवलेश निषाद, निहारिका सिंह, विक्की सिंह, विपिन मिश्रा, विनोद त्रिपाठी, बीटू शुक्ला, हेम सिंह, विद्यासागर, प्रमोद कुमार, धीरेन्द्र कुमार, अरिमर्दन सिंह, जहूर अली, यूसुफअली आदि मौजूद रहे।

**प्रधानों की मांगें:** चित्रकूट। 237 रुपये रोजाना की मजदूरी पर मजदूर काम करने को तैयार नहीं है। इसे बढ़ाकर चार सौ रुपये प्रतिदिन किया जाए। वर्ष 1993 में पारित 73वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत 29 विषय व उनसे जुड़े अधिकार, कोष, कार्य व पंचायत कर्मियों को पंचायतों को सौंपकर सत्ता विकेंद्रीकरण की आदर्श व्यवस्था लागू की जाये। राज्यवित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाये। प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा को शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाये। प्रधानों व सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने से पूर्व उपनिदेशक पंचायतीराज से अनुमति का प्राविधान किया जाये। बिना शपथ पत्र के प्रधानों की जांच न करायी जाये। झूंठी शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अनिवार्य की जाये। गांव के विकास को सरकार टैक्स आदि से प्राप्त राजस्व का 70 फीसदी ग्राम पंचायतों को दिया जाये। पंचायत से जुड़े राजस्वकर्मी, पंचायतकर्मी, आंगनबाड़ी, राशन कोटेदार व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों की उपस्थिति कार्य प्रमाणन, निलंबन की संस्तुति समेत सभी मामलों में पंचायतों को पूर्ण अधिकार दिया जाये।

# डीएम ने की पौराणिक स्थलों के संरक्षण कार्यों की समीक्षा

संवाददाता। अयोध्या



**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अयोध्या धाम के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि की ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोन-संवारने एवम् संरक्षित करने हेतु किए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल ने बताया कि चौरासीकोसी, चौदहकोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के समीप/किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा पौराणिक कुण्डों, आश्रमों आदि के पर्यटन विकास/निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि चौरासीकोसी, चौदहकोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के किनारे स्थित लक्ष्मीसागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मली कुंड, गिरजा कुंड, विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं विभीषण कुंड, सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वर नाथ मंदिर, क्षीरेश्वर नाथ मंदिर, मुंडा शिवालय, दन्तधावन कुंड, प्रहलाद कुंड, जानकी कुण्ड, मौनी बाबा आश्रम, कौशल्या घाट, विद्या देवी कुंड, सीता कुंड, दशरथ कुंड दुग्धेश्वर कुण्ड (सीताकुंड), महर्षि वामदेव आश्रम, जन्मेजय कुंड, नरकुंड, महर्षि वेद व्यास गेट गौराघाट, महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब, त्रिपुरारी कुंड, दशरथ समाधि स्थल, नंदीग्राम भरतकुंड, श्रवण कुमार आश्रम, आस्तिक आश्रम, ऋषि च्यवन आश्रम, मेधा ऋषि आश्रम, श्री बंधु बाबा आश्रम व महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब पर पर्यटन सुविधाओं का कार्य किया जा रहा है जिसमें से सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वरनाथ मन्दिर, मुण्डा शिवाला, सिद्धेश्वर मन्दिर, जानकी महल का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसी के साथ ही दंतधावन कुण्ड 85 प्रतिशत, सीताकुण्ड 70 प्रतिशत, विद्यादेवी कुण्ड 90 प्रतिशत, दशरथ कुण्ड 50 प्रतिशत, गिरिजा कुण्ड 70 प्रतिशत, लक्ष्मीसागर कुण्ड 50 प्रतिशत, विभीषण कुण्ड 40 प्रतिशत, मेधा ऋषि आश्रम 45 प्रतिशत, ऋषि च्यवन मुनि आश्रम 55 प्रतिशत, जन्मेजय कुण्ड 80 प्रतिशत, दुग्धेश्वर कुण्ड (सीताकुण्ड) 75 प्रतिशत, विघ्नेश्वर नाथ मन्दिर 20 प्रतिशत, नन्दीग्राम भरतकुण्ड 80 प्रतिशत, वैतरणी कुण्ड 10 प्रतिशत, महर्षि वेद व्यास गेट गौरा घाट 90 प्रतिशत, महर्षि वामदेव कुण्ड 80 प्रतिशत व आश्रम 70 प्रतिशत, आस्तीकन आश्रम 70 प्रतिशत, श्रवण कुमार आश्रम 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर परियोजना प्रबन्धक, यू0पी0पी0सी0एल0 ने बताया कि विद्या कुंड, दंतधावन कुंड, गिरजा कुंड, वामदेव कुंड, गौरा घाट, जन्मेजय कुंड कुंड का कार्य 30 जून 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही मौनी बाबा आश्रम, नर कुण्ड आदि पर भी कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

जिलाधिकारी ने समस्त कार्य स्थलों पर अलग-अलग टीमें व प्रत्येक टीम में अधिक से अधिक कुशल कारीगरों/मानव संसाधनों को लगाकर तीव्र गति से कार्य कराने तथा सभी कार्यों में गुणवत्ता एवम् कार्य की विशिष्टियों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना प्रबन्धक, यू0पी0पी0सी0एल0 ने यह भी अवगत कराया कि जनपद के बीकापुर में स्थित सिद्धेश्वर मन्दिर का पर्यटन विकास, माता कवरजाधाम मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास तथा अयोध्या में स्थित प्राचीन सन्त रविदास मन्दिर में मूलभूत सुविधाओं एवं सौन्दर्यीकरण का भी कार्य पूर्ण हो चुका है

# एसबीआई के कैश आफिसर की तत्परता एक महिला के लिए साबित हुई संजीवनी

● प्रधानमंत्री ज्योतिर्बीमा योजना के लाभ से अंजान महिला को दिलाए 2 लाख

संवाददाता। महराजगंज, रायबरेली



**स्टेट** बैंक ऑफ इंडिया शाखा महराजगंज के कैश आफिसर निखिल सिंह की दरिया दिली एक सड़क दुर्घटना में अपने पति को खो चुकी बेहद गरीब महिला के लिए संजीवनी के समान साबित हुई है जिसकी लोग तारीफ कर रहे हैं।

क्षेत्र के गांव कपूर मजरे जमुरावां की रहने वाली ललिता के पति शिवकुमार 32 की पिछले वर्ष एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसके बाद शिव कुमार का परिवार बेहद आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था। क्योंकि मजदूरी करके घर चलाने वाले मुखिया की मौत हो चुकी थी शिव कुमार का खाता महराजगंज स्थित एसबीआई की शाखा में था जिसमें एक हजार रुपए थे। उन्हें रुपयों को निकालने के लिए शिवकुमार की पत्नी ललिता दिनांक 31.1.2024 को बैंक पहुंची जहां काउंटर पर उनकी मुलाकात कैश आफिसर निखिल सिंह से हुई और उनसे अपनी पूरी व्यथा बताते हुए एक हजार रुपए खाते से निकालने की बात कही कैश आफिसर निखिल सिंह ने बताया कि उन्होंने खाता चेक किया तो उसमें एक हजार रुपए थे तभी खाता चेक करने के दौरान उन्हें खाता धारक के नाम प्रधान मंत्री ज्योतिर जीवन बीमा होने की बात पता चली जो महज बीस दिन पहले ही शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि इस बाबत उन्होंने ने पूरी बात बैंक मैनेजर मनोज कुमार वर्मा से बताई।

और अथक प्रयासों से सड़क दुर्घटना में जान गंवा चुके शिव कुमार की पत्नी ललिता को आज शनिवार को बैंक बुलाकर बीमा के दो लाख रुपए का चेक सौंपा दिया गया। इस मौके पर बैंक मैनेजर मनोज कुमार वर्मा कैश आफिसर निखिल सिंह फील्ड आफिसर अभिषेक कुमार शाश्वत मिश्रा सहित आदि मौजूद रहे।

# मतगणना स्थल पर डीएम-एसपी ने तैयारियों का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा और पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में बनाये गये मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर पंखे कूलर आदि के व्यापक इंतजाम किये जाएं। इसके अलावा पेयजल आदि की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए। उन्होने मतगणना स्थल पर बैरिकेडिंग लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि अभ्यर्थी अभिकर्ता सहित कोई भी अधिकारी/कर्मचारी मतगणना स्थल पर बिना पास के प्रवेश न करने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा उपजिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी ई0वी0एम0 अरूण कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झोपड़ी में आग लगने से मजदूर के आठ वर्षीय बेटे की मौत, बेटी भी झुलसी

● मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दिया मुआवजा दिलाने का भरोसा

संवाददाता। जालौन, उरई



**मजदूर** के झोपड़े में अज्ञात कारणों के चलते आग लगी। आग की चपेट में आने से मजदूर का आठ वर्षीय पुत्र की जलकर मौत हो गई जबकि नौ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना मिलने पर एसडीएम, सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर को सांत्वना देने के साथ ही दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में लोकेंद्र सिंह के यहां मध्यप्रदेश के ग्वालियर जनपद के थाना आरोन निवासी परमाल पुत्र प्रताप मजदूरी का काम करता है। घर के पास ही वह अपनी पत्नी गुड्डी देवी व चार बच्चों के साथ रह रहा है। शनिवार की दोपहर वह मजदूरी का काम कर रहा था। घर पर झोपड़ी में पत्नी बच्चों के साथ ही थी। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे अचानक से झोपड़ी में आग लग गई। घास फूस की झोपड़ी में आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगी हुई देखकर झोपड़ी के अंदर गुड्डी देवी बच्चों को लेकर बाहर की ओर भागी। लेकिन जलती हुई आग में उनका आठ वर्षीय बेटा दीपक और नौ वर्षीय बेटी निशा फंस गए। उधर, आग लगी देखकर परमाल और गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आग में झुलस गई निशा को किसी तरह बाहर निकाल लिया लेकिन वह दीपक को बाहर नहीं निकाल सके। आग में झुलसकर दीपक की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी एसडीएम व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह व कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दीपक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। निशा को पहले सीएचसी भेजा गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पहले मेडिकल कॉलेज उरई और वहां से झांसी रेफर किया गया।

## मासूम से दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**सेमरियावां, संतकबीरनगर।** दुधारा थानाक्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में बीती शुक्रवार की देर रात एक 35 वर्षीय युवक ने छः वर्षीय मासूम को अकेले पाकर बहला-फुसलाकर एवं डरा-धमकाकर उसके साथ कुकर्म किया और फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं स्थानीय थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने परिजनों से पूछताछ की तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी वहीं एक होटल पर कार्य करता था तथा मौका पाकर उसने मासूम के साथ घिनौना अपराध किया। तहरीर के आधार पर दुधारा पुलिस ने इस संबंध में पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द पकड़ा जाएगा।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीणों ने हिरन के घायल बच्चे को बचाया

**संतकबीरनगर।** जिले के ग्राम सभा फेरूसा के इमिलडीहा गांव में हिरन के एक बच्चों को कुत्तों ने काट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने हिरन के बच्चे की जान बचाकर वन विभाग को सूचित किया। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम गांव में नहीं पहुंची थी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा फेरूसा के इमिलडीहा गॉव में घायल हिरण के बच्चे को पकड़ा गया। कुछ दिन पहले एक हिरण को कुतों ने काट लिया था जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। यह उसी का बच्चा बताया जा रहा है। इसको भी कुतों ने एक जगह काट लिया है। घायल हिरण को गांव के ही राजेंद्र मौर्य, ओमकार नाथ तिवारी, अजय उपाध्याय, अष्टभुजा, अभय, दयाराम उपाध्याय, कन्हैया सिकंदर व अन्य लोगों ने घायल हिरण को पकड़कर वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया।

### अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**संतकबीरनगर।** अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस 5 जून कों विविध कार्यक्रम का आयोजन बखिरा पक्षी बिहार में होगा। यह जानकारी वन विभाग की रेंजर सुश्री प्रीति पांडेय ने दी है। उन्होंने बताया की 5 जून कों प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमे सफाई अभियान, नेचर वाक, बर्ड वचिंग, थीम वेस अवरनेस प्रोग्राम इसके आलावा मुख्य अतिथि द्वारा झील के किनारे पौधरोपण किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक डीएफओ अशोक कुमार सिंह होंगे।

### दहेजलोभियों पर मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** थाना दुधारा ग्राम भिउरा निवासी पीड़िता जैनब पत्नी इरशाद ने महिला थाना में तहरीर देकर ससुर, पति समेत 6 लोगो पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। दिये गये तहरीर में पीड़िता जैनब पत्नी इरशाद ने कहा है कि उसका विवाह 2019 में दोनो पक्षों की सहमति पर हुआ था। हैसियत के अनुसार माता-पिता ने दहेज दिया था। शादी के बाद दहेज को लेकर आये दिन उसे मारते पीटते थे। इस दौरान एक लड़की भी पैदा हुई। लड़की पैदा होने पर भी ससुराल वालों में गुस्सा रहा। 4 लाख रूपये व वाशिग मशीन, कूलर, सिलाई मशीन लेकर आओ तभी ससुराल में रहना है। तहरीर के आधार पर महिला थाना ने इरशाद अहमद, तेजन अली, साबिया खातून, कैसर जहॉ, नौसाद व राजिया के विरूद्व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू की है।

### प्रचंड गर्मी से धू धूकर जल उठा ट्रांसफार्मर

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला स्थित ट्रांसफार्मर शनिवार की दोपहर अचानक धू धूकर जल उठा। जिससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना पावर स्टेशन को दी। शटडाउन के बाद आग बुझाई गई। प्रचंड गर्मी के कारण जहां एक और इंसान हाल बेहाल है, वही विद्युत उपकरण जवाब दे रहे हैं। गर्मी और ओवरलोड होने से अचानक ट्रांसफार्मर में आग लगना, जंपर उड़ना, एमसीबी गिर जाना आम बात हो गई है। शनिवार को कस्बे के तेजगांव परिसर के सामने लगे ट्रांसफार्मर के तार अचानक जल उठे। तेज लौ देखकर बाजार में भगदड़ मच गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पावर कारपोरेशन के कर्मचारियों को दी। हालांकि समय रहते शटडाउन हो गया। जिससे आग विकराल रूप नहीं ले सकी।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराया बाइक सवार, मौके पर ही मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदाखेड़ा- राजामऊ मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास अंधा मोड़ होने के चलते अपने बहनोई के यहां उधारी का पैसा चुकाने जा रहा एक बाइक सवार अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गईस जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि गुरु प्रसाद यादव पुत्र सत्यनारायण यादव उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी ग्राम रामबक्श खेड़ा मजरे हिलौली थाना मौरावा जनपद उन्नाव अपने बहनोई कृष्णपाल निवासी ग्राम मुसाही खेड़ा मजरे इचौली थाना बछरावा के यहां उधारी का पैसा चुकाने जा रहे थे, अचानक सड़क पर अंधा मोड़ होने के चलते वह एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिय।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सुबंश खेड़ा मजरे इचौली गांव की रहने वाली गुलाबा देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी राममूर्ति शनिवार की सुबह खेत पर पुआल लेने गई थीस जैसे ही वह पुआल निकाल रही थी, तभी वहां पर बैठे जहरीले सर्प ने उन्हे डंस लियास सर्पदंश से वह जोर से चिल्लाई। घर आकर उसने पूरी बात परिजनों को बताई, और तब तक उसकी हालत बिगड़ने लगी, परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचेस वहां पर मौजूद चिकित्सक ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।रास्ते में गुलाबा देवी की मौत हो गई।

# अवैध खनन बना उद्योग, काली कमाई के सरपरस्त बने जिम्मेदार

संवाददाता। नसीराबाद, रायबरेली

**नसीराबाद** थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर चुप रहता है राजस्व, खनन और पुलिस विभाग। लुका छिपी और चोरी से नहीं, सीनाजोरी से होता है अवैध खनन। मिट्टी भरे ट्रैक्टर भोजपुरी अश्लील गाने बजाते हुए रात भर अवैध मिट्टी लादे हुए पुलिस चौकी परैया नमकसार के सामने से गुजरते हैं,जेसीबी मशीनों से हर रात अवैध उत्खनन होता है और पुलिस चुप रहती है।तहसील सलोन के थाना क्षेत्र नसीराबाद में रोजाना जेसीबी मशीनें धड़धड़ाती हुई धरती का सीना चीरती हैं। लाखों की मिट्टी बेची जाती है और पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है।

नसीराबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी परैया नमकसार के 300 मीटर दूरी पर गुरुवार की रात भर खुदाई हुई, ट्रैक्टरों में गाना बजाते हुए पुलिस चौकी के सामने से मिट्टी ढोई गई। हद तो तब हो गई जब अवैध खनन की मिट्टी ढो रहे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे सोए व्यक्ति की चारपाई में टक्कर मार दी। संयोगवश वह बच गया। ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर ने ही सड़क के किनारे खेत की बोरिंग को क्षति पहुंचाई। बुधवार की रात इसी क्षेत्र के बरियार गंज पूरे मतऊ मजरे लहेंगा में भी जेसीबी से अवैध खनन होता रहा। सभी घटनाओं के फोटो और वीडियो भी उपलब्ध हैं। इन दिनों नसीराबाद थाना क्षेत्र खनन माफियाओं का अभयारण्य बना हुआ है और पड़ोसी जनपदों अमेठी तथा प्रतापगढ़ की जेसीबी मशीनें भी निर्भय होकर अवैध खनन के जरिए मिट्टी बेचकर रूपए छाप रही हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों की सरपरस्ती के बिना क्या ऐसा संभव है।

### गढ़ी में नल खराब, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के गढ़ी मजरे देहली में रामगुलाम पुत्र स्वर्गीय रामदुलारे के घर के सामने लगा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प पिछले तीन माह से खराब होने के चलते ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। जिसको लेकर आक्रोशित मोहल्ले वासियों ने प्रदर्शन करते हुए खराब पड़े इंण्डिया हैण्डपम्प को बनवाने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे हैं अंकित, अनुज, अजीत, भारती, लीलावती,शिवकुमारी, रामलली ने बताया कि यह इण्डिया मार्का हैण्डपम्प पिछले 3 माह से खराब पड़ा है। जिसे बनवाने के लिए ग्राम प्रधान व सम्बंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई किन्तु नतीजा शून्य रहा। भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीणों की समस्या पर किसी ने ध्यान नही दिया। अतः अब ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## मतगणना स्थल पर रहेगा विशेष प्रबन्धः एडीएम

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना आगामी 4 जून 2024 को नियत है। मतगणना स्थल हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में बनाया गया है। अत्यधिक गर्मी एवं लू से बचाव हेतु मतगणना हाल में ए0सी0 एवं अन्य स्थानों पर कूलर की व्यवस्था की गयी है। मतगणना स्थल पर साफ-सफाई/पानी की व्यवस्था अधीशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा की गयी है, उनके द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर ग्राउण्ड के अन्दर स्टाल लगाकर पानी पिलाया जायेगा। मेडिकल की व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा की गयी है, उनके द्वारा मेडिकल टीम एवं एम्बूलेंस की व्यवस्था करायी गयी है। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिक, एजेन्ट एवं सुरक्षाकर्मियों से अपेक्षा है कि भीषण गर्मी को देखते हुए लू से सर्तक रहें एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करें।

# पक्षियों की प्यास बुझाने को पेड़ों में लटकाए गए पानी के प्याले



**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रचंड गर्मी को देखते हुए संरक्षक बसंत राम अध्यक्ष नेहा कुमारी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव संयोजक विनय प्रकाश मौर्य के साथ राजकीय डॉक्टर बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकली पर डॉ तुलसीराम रावत एवं डॉक्टर ए के खरवार द्वारा पेड़ों में पानी का प्याला लटका कर एवम पानी डालकर शुभारंभ किया इसके पश्चात विभिन्न जगहों पर संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने पानी के प्याले लटकाए और जन समुदाय में पक्षी बचाव के प्रति जागरूकता उत्पन्न किया।

संरक्षक बसंत राम ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष सदस्यों एवं लोगों के सहयोग से सेवा कार्य करती रहती है । अतिथि डॉक्टर रावत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पक्षी मनुष्य जीवन के अंग हैं पक्षी विभिन्न प्रकार के दाने को चुग कर बीट के द्वारा पौधे उगाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में सहायक बनती है। हम सबको पक्षियों के साथ अन्य जीव को भी बचाना मानव का परम कर्तव्य होना चाहिए।

# कालपी का जल स्तर 15 फुट नीचे चले जाने से हैंडपंपों ने पानी देना किया बंद



**कालपी, जालौन।** लगातार बढ़ते तापमान व सितम भरी गर्मी के जनकारण जलस्तर 12-15 फिट गिर जाने की वजह से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई हैं, इसके साथ ही हैंडपम्पों ने भी साथ छोड़ दिया है। जिस कारण लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। नगर के अलग-अलग स्थानों में जल संस्थान के 15 नलकूप स्थापित हैं, गर्मी के बढ़ते लगातार प्रकोप की वजह वजह से 15 फिट जलस्तर गिर गया है। जिससे नलकूपों में पानी निकलने में समस्या आ रही हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कई नलकूपों में एक या दो पाइपों को डालकर गहराई से पानी निकालने की कोशिश की गई हैं।

इसी प्रकार भीषण गर्मी में नलकूपों में विद्युत ट्रांसफार्मर तथा लाइनें गर्म हो रही हैं। बार-बार ट्रिपलिंग होने से नलकूपों के संचालन प्रभावित हो रहा हैं। रामगंज मुहल्ला निवासी बाबू सिंह यादव, महमूदपुरा निवासी लाखन लाल अहिरवार, इंद्रानगर निवासी अपूर्व शरद श्रीवास्तव एड. ने बताया कि रामगंज, गणेशगंज, महमूदपुरा, इंद्रानगर तथा ऊंचाई वाले स्थानों में पानी की आपूर्ति की समस्या बहुत बढ़ गई हैं। नगर में स्थापित 527 हैंडपम्पों में आधे से ज्यादा जबाब दे गए हैं। अगर इसी प्रकार गर्मी बढ़ती रही तो समस्या और भी विकराल हो सकती है।

## दिकौली मेला स्थल का एसपी ने लिया जायज़ा



**श्रावस्ती, सोनवा।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत दिकौली दरगाह में लगने वाले मेला स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मेला आयोजकों के साथ बैठक कर दरगाह समिति की तरफ की जाने वाली व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लगाई गई ड्यूटी के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मेले में शान्ति व्यवस्था व सुरक्षित व कुशल रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकतम पुलिस बल फायर सर्विस यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखनें हेतु यातायात पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सोनवा श्याम देव भी मौजूद रहे।

# चुर्खी एसओ को महंगा पड़ा भाजपा नेता के साथ बदसलूकी करना

**कालपी, जालौन।** भाजपा नेता से बदसलूकी और मारपीट चुर्खी थाना प्रभारी को महंगी पड़ सकती है। घटना से खफा नेताओं ने इस मामले की जानकारी विभाग के आला अफसरों के साथ पार्टी जिम्मेदारों को भी दी है जिसका परिणाम भी शीघ्र आने की संभावना है। वैसे तो चुर्खी थाना प्रभारी कमलेश कुमार की कार्यशैली किसी से छिपी नही रही है। फरियादियों के साथ बदसलूकी तो उनके लिए आम बात है जिसका आडियो भी कुछ दिनों पहले वायरल हुआ था जिसमें वह मां बहन की सरेआम गालिया बक रहे हैं।

लेकिन शुक्रवार को उन्होंने गोरा कला गाँव के पास निर्माणाधीन सोलर प्लान्ट में मिट्टी डाल रहे ट्रैक्टर चालक को खाना देने गये भाजपा के महेवा मण्डल उपाध्यक्ष सुधीर सिंह बैरई के साथ उन्होंने महज इस बात से मारपीट कर दी कि उन्होंने अपना परिचय भाजपा नेता के रूप में दे दिया था हालांकि उक्त घटना के संज्ञान मे आने के बाद भाजपा नेता आक्रोशित हो गए थे और शुक्रवार को उन्होने एस ओ चुर्खी के खिलाफसिरसा कलार पुलिस को मारपीट एवं लूटपाट का शिकायती पत्र दिया था हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नही की थी लेकिन शनिवार को यह मामला तूल पकड़ गया है और पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन के नेतृत्व मे एकजुट हुए भाजपा नेताओं ने शनिवार को पुलिस के आला अफसरों से मुलाकात कर एसओ की कारगुजारी पर आक्रोश जाहिर किया है साथ ही इस मामले की जानकारी प्रदेश मुख्यालय को भी दी है। सूत्रों की माने तो इस मामले को पार्टी एवं विभाग ने बेहद गंभीरता से लिया है।

सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार मामला सज्ञान में आया है और वह स्थलीय जांच करेंगे जो भी उसकी रिपोर्ट आला अफसरों को दी जाएगी। पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन के अनुसार चुर्खी थाना प्रभारी का अपराध अक्षम्य है उन्होंने विभाग के आला अफसरों को जानकारी दी है जिन्होंने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# डीआईओएस कार्यालय में शिक्षकों की समस्याओं में चल रहा कटमनी का खेल

● ए प्लस डी के मकड़जाल में फंसे जिला विद्यालय निरीक्षक

● माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मढ़े आरोप

संवाददाता। उरई, जालौन

**कतिपय** शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय हद दर्जे की हीलाहवाली बरतने के साथ ही समस्याओं से परेशान शिक्षकों को कार्यालय के चक्कर पर चक्कर लगवाने को विवश करता इसकी एक नहीं दर्जनों समस्यायें ऐसी हैं जिनके समाधान में कोई दिक्कत भी नहीं लेकिन डीआईओएस कार्यालय में बगैर कटमनी के किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता है। शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान समय में डीआईओएस कार्यालय ए प्लस डी के मकड़जाल में फंसा हुआ है जब तक वहां विटामिन की पूर्ति नहीं की जाती किसी शिक्षक की छोटी से लेकर बड़ी समस्या का निदान नहीं होता। उक्त आरोप उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष गिरेंद्र सिंह कुशवाहा ने लगाते हुये दर्जनों शिक्षकों की समस्याओं का उल्लेख भी किया है।

प्रदेशीय शिक्षक नेता ने बताया कि 12 जून 1985 के पश्चात तथा 13 जून 1989 के पूर्व सीटी ग्रेड में नियुक्त हुये वह शिक्षक जिनका नियमानुसार स्नातक वेतनक्रम में संविलियन हुआ है उनमें से कुछ प्रकरणों का निस्तारण अपर शिक्षा निदेशक द्वारा किया जा चुका है। लेकिन उनके प्रोन्नति वेतनमान, पेंशन, पारिवारिक पेंशन, यदि सेवाकाल में मृत्यु हुई है तो मृतक आश्रित का लाभ देने हेतु संबंधित विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को उनकी पत्रावली कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये या नहीं यह भी स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता है। ऐसे प्रकरणों की कितनी पत्रावलियों को लेकर भी गोपनीयता बरती जा रही है। ऐसी स्थिति में यदि समय से पत्रावलियां मंगाकर उप शिक्षा निदेशक कार्यालय न भेजी गयी तो ऐसे मामले लंबित रखने के पीछे डीआईओस की मंशा समझी जा सकती है। जनता इंटर कालेज निबहना के 1 अप्रैल 2024 से कार्यवाहक प्रधानाचार्य विनोद कुमार पटैरया के हस्ताक्षर अद्यावधि तक प्रमाणित न होना तथा उन्हीं के साथ अन्य प्रभारी प्रधानाचार्यों का हस्ताक्षर प्रमाणित होना क्या दर्शाता है।

अशासकीय असहायता प्राप्त बालघर इंटर कालेज उरई के प्रधानाचार्य देवेंद्र शुक्ला को प्रबंधतंत्र द्वारा 30 मार्च 2024 को निलंबित किया जा चुका है जिसको दो माह पूर्ण हो चुके हैं। श्री शुक्ला के प्रकरण में प्रबंधतंत्र द्वारा जांच अधिकारी, जांच समिति का गठन न किया जाना श्री शुक्ला को जांच अधिकारी, जांच समिति द्वारा साक्ष्यों सहित आरोप पत्र न दिया जाना, निलंबन अवधि का जीवन निर्वाह भत्ता न दिया जाना प्रबंधतंत्र की स्वेच्छाचारिता का स्पष्ट उदाहरण है।

# मतगणना कार्य संपन्न कराने को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति राजापुर में 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ गल्ला मण्डी के चप्पे-चप्पे की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जा रहे हैं। प्रत्याशियों से यह भी अपेक्षा की कि अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं को समय से गल्ला मण्डी परिसर में उपस्थित होने के लिए कहें ताकि मतगणना कार्य की प्रक्रिया समय से प्रारम्भ की जा सके। बैठक के दौरान जानकारी दी गयी कि गणना अभिकर्ता अपनी विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित टेबिल पर ही रह सकेंगे। उन्हें दूसरी टेबिल या अन्य स्थान पर इधर-उधर जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई मतगणना अभिकर्ता/निर्वाचन अभिकर्ता/प्रत्याशी मतगणना केन्द्र पर मोबाइल, स्पाई पेन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा ज्वलनशील पदार्थ/वस्तु, लाईटर, बीड़ी-सिगरेट, गुटका, पान मसाला, पान, पानी की बोतल आदि लेकर नहीं जायेंगे। मतगणना एजेन्ट को जो बैज/प्रवेश पास दिया जायेगा उसे वह अपने वस्त्र पर सम्मुख इस प्रकार लगायेंगे कि वह दूर से ही प्रदर्शित होता रहे।

# पैनल में आग लगने से ठप हुई बिजली आपूर्ति, मचा कोहराम

**फतेहपुर।** मुराइनटोला उपकेंद्र के ब्रेकर मशीन के पैनल में आधी रात आग लगने से हरिहरगंज फीडर की अवाम गरमी के मारे उबल पडी। बिजली गुल हो जाने से संबंधित फीडर की जनता की आंखों की नींद उङ़ गई। सारी रात जागते गुजरने से इसका असर शनिवार के कामकाज में देखने को मिला। समस्या से पार पाने को सुबह से बिजली कर्मियों को मशक्कत करनी पडी तब जाकर बिजली बहाल हो सकी। 10 हजार की तादाद वाले मुराइनटोला उपकेंद्र से हरिहरगंज फीडर का भी संचालन होता है। इस फीडर में सिविल लाइंस, आईटीआई रोड, डॉ भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महिला विद्यालय रोड, दक्षिणी मुराइनटोला व दक्षिणी गौतम नगर के 1800 उपभोक्ता समाहित है। शुक्रवार की रात दो बजे के आसपास इन मोहल्लों की बत्ती गुल हो गई।

इलाकाइयों के पता करने पर जानकारी मिली कि ब्रेकर मशीन के पैनल में आग लगने से ऐसा हुआ है। नतीजा, जिनके पास इंनवर्टर जैसी सुविधाएं रहीं। उनकी रात तो कुछ हद तक ठीक रही लेकिन जिनके पास ऐसा विकल्प नहीं रहा। उनकी रात करवटें बदलते और छत पर टहलते गुजरी। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना बीमार लोगों के साथ मासूम बच्चों में देखने को मिली जो बिन बिजली के तडपने को मजबूर हो गए।

किसी तरह रात गुजरी लेकिन दिन होने के साथ बिजली की समस्या उक्त फीडर की जनता पर भारी पडती नजर आई। पैनल में आग लगने के बाद इस सुविधा को बहाल करने में बिजली विभाग को दोपहर का दो वक्त बज गया। इस मामले में एसडीओ एमएम सिददीकी ने बताया कि पैनल में बीती रात आग लगने से बिजली का संबंधित फीडर पर ब्रेक रहा। दूसरे उपकेंद्र के कर्मियों को लगाकर काम को जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास किया गया।

# हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर हिंदुत्व की भावना को देंगे धार

संवाददाता। फतेहपुर



**अखिल** भारत हिंदू महासभा जिला कमेटी की बैठक जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन मजबूती सदस्यता अभियान चालाए जाने पर चर्चा की गई साथ मे भीषण गर्मी को देखते हुए अन्ना मवेशियों के लिये नगर पालिका परिषद से पेय जल आपूर्ति की मांग रखी गयी।

रविवार को आईटीआई रोड स्थित कैंप कार्यालय अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे पदधिकारियो ने संगठन मजबूती के साथ-साथ सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा की। साथ ही संगठन को धार देने के लिये निष्क्रिय पदाधिकारियों को कार्य मुक्त कर तेज़ व कर्मठ व्यक्तियों को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। पड़ रही भीषण गर्मी में अन्ना मवेशियों की समस्याओ को देखते हुए पेय जल की उपलब्धता के लिये नगर पालिका से प्रमुख चौराहों पर टैंकरों की व्यवस्था करने की मांग की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने काहाकि संगठन से निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय व ज़िम्मेदार लोगों को पदाधिकारी बनाया जाएगा।

संगठन के लिए एक जुलाई से बृहद सदस्य अभियान चलाकर गांव-गांव में महासभा के समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन की हिंदुत्व वादीनीतियों को बताकर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, डॉ. प्रमोद पांडे, संतोष नेता, धनंजय पांडे, ब्रमहेश तिवारी उर्फ गोरे, राधेश्याम साहू, शिवाकांत तिवारी, एसके गुप्ता, राम सिंह मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य, संत केशव दास, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता, नीलम यादव, आदि मौजूद रहे।

# बर्खास्त हुए फर्जी शिक्षक से वेतन की वसूली करेगा राजस्व विभाग

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में जाली दस्तावेजो के सहारे एक दशक तक सरकारी नौकरी करने वाले बहुआ निवासी फ़र्ज़ी शिक्षक साकेत तिवारी के ख़िलाफ़ विभागीय वसूली की तैयारी शुरू हो गई है। विभागीय सूत्रों की माने तो राजस्व विभाग साठ लाख से अधिक की होने वाली वसूली के लिये तेज़ी से जुटा गया है। बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी शिक्षक की दस वर्ष तक नौकरी कर वेतन आहरित करने के साथ स्थानीय मोरंग खदानों के जरिए अकूत दौलत जुटाने वाले शिक्षक के खिलाफ विभागीय जांच में सभी पत्रजात फ़र्ज़ी साबित होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बहुआ ने ललौली थाना में मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन सांठ-गांठ में महारत हासिल करने वाले साकेत तिवारी को ललौली पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी, जबकि उक्त फ़र्ज़ी शिक्षक लगातार पुलिस के संपर्क में रहता है। सूत्रों की मानें तो आज भी विभिन्न प्रकार के होने वाले अपराध में किसी न किसी के पक्ष में पुलिस से सेटिंग-गेटिंग का खेल खेलता रहता है। आरोपी पर ललौली पुलिस की मेहरबानी स्थानीय जनता के बीच चर्चा का विषय बना है। मामले में सरकार से वेतन के रूप में भुगतना की गई 6839145 रुपए की धनराशि के लिए बेसिक शिक्षा विभाग, बैंक से लेकर शिक्षक के घर तक नोटिस दे रहा है, लेकिन ललौली पुलिस पर इन सब का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। मुक़दमा होने के लंबे समय के बाद भी पुलिस आज तक इसे गिरफ्तार करने की जुर्रत नहीं कर सकी, जबकि तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी असोथर ने इसके ख़िलाफ़ जालसाज़ी, धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओ में मुक़दमा पंजीकृत करवाया था, और शिक्षक को विभागीय कार्रवाई के तहत बर्खास्त किया गया था। ललौली थाना में मुक़दमा दर्ज होने के बाद लगभग आधा दर्जन इंस्पेक्टर और दारोगा इस केस के विवेचक बन चुके। बावजूद इसके सभी के हाथ ख़ाली रहे।

# पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा, चार को दबोचकर टेबलेट, लैपटाप व नगदी की बरामद

● एसओजी, सर्विलान्स टीम व तिर्वा पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

संवाददाता। कन्नौज

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा डा. प्रियंका बाजपेयी के पर्यवेक्षण में दिनांक 03 मई को थाना तिर्वा क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के अनावरण के निर्देश दिये गये थे।

शनिवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द नें चोरी की घटना का खुलासा करते हुये बताया कि एसओजी टीम प्रभारी कमल भाटी, सर्विलान्स टीम प्रभारी पंकज कुमार एवं तिर्वा प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद ने संयुक्त टीम बनाकर शनिवार को मुखविर की सूचना पर छापेमारी कर चोरी में संलिप्त चार अभियुक्तगणों विवेक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी सुख्खापुरवा थाना तिर्वा, शिवम कुमार उर्फ टाटा पुत्र रामगोपाल, करन सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासीगण ग्राम करसहा थाना ठठिया, अर्पित कुमार पुत्र उदय नारायण निवासी ग्राम सरसई (औसेर) थाना ठठिया को ग्राम सुख्खापुरवा से गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का सामान एक लैपटाप, दो टैबलेट, तीन मोबाइल फोन, 13500 रूपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि हम चारो लोग दोस्त है और तिर्वा में किराये पर रहते हैं, रात्रि में जिन घरों में घुसना आसान होता है ऐसे घरों को चिन्हित कर उसमें रखे पैसे, मोबाइल, आदि चोरी करते है। चोरी में मिले मोबाइल को 3 से 4 हजार में बेच देते हैं।



## पुलिस ने पैदल भ्रमण कर कराया सुरक्षा का अहसास



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक ने भारी दल बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर जहां एक ओर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया वही दूसरी ओर अराजक तत्वों में हडकम्प मच गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के संबंध में कस्बा प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। बीती शाम प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा नें दल बल के साथ नगर के रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, जीटी रोड सहित प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं शराब ठेकों के आसपास जमघट लगाये लोगों में हडकम्प मच गया और इधर उधर खिसकते नजर आये। उन्होनें मतगणना के दृष्टिगत कोतवाली पुलिस को एक्शन मोड पर रहने के आदेश देते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, मझपुरवा चौकी प्रभारी विनय शर्मा सहित कांस्टेवल विनय कुमार, विनीत कुमार, गगन कुमार, पवन कुमार, महिला आरक्षी प्रियंका रानी, आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नवजात बच्ची पुराने सूखे कुएं में मिली

**फर्रुखाबाद।** पुराने सूखे कुएं में एक नवजात बच्ची को किसी नें फेंक दिया। बाद में जानकारी होनें पर ग्रामीणों ने बच्ची को बाहर निकाला। मोहम्मदाबादकोतवाली क्षेत्र के माडल शंकरपुर निवासी उदयपाल सिंह के खेत में बने पुराने कुएं में नवजात बच्ची मिली। सुबह लगभग 8रू30 बजे बलराम सिंह पुत्र उदयपाल सिंह अपने खेत में परेवट के लिए गये थे तभी उन्हें बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी जिसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। मौके पर भीड़ लग गयी। रिंकू पुत्र राम औतार ने कुएं में उतर कर बच्ची को तौलिए से लपेट कर रस्सी के बाहर निकाला। शालू पुत्र देवेंद्र सिंह गौड़ व शिवम पुत्र ब्रजपाल निवासी माडल शंकरपुर बच्ची को जहानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए वहां से डॉक्टर ने लोहिया रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर ताजपुर चौकी इंचार्ज अमित कुमार गुप्ता मौके पर पंहुचे तब तक ग्रामीणों के साथ बच्ची को लोहिया पहुंचा दिया गया था।एसआई अमित कुमार गुप्ता ने जिला चाइल्ड केयर को सूचना दे दी है।

### ग्राम पंचायत मिश्रामऊ में मनरेगा का सच

**फतेहपुर।** विकास खण्ड तेलियानी की ग्राम पंचायत मिश्रामऊ में मनरेगा की गाइड लाइन खुद अपनी हकीकत बयाँ कर रही है, यहाँ पर तालाब का निर्माण धड़ल्ले से जेसीबी से किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जांच कमेटी बनाने का वायदा कर रहे हैं। दो दिनों से चल रहे इस निर्माण की जानकारी ग्रामीणों ने राजस्व विभाग को दी है लेकिन कोई सुनने को तैयार ही नहीं हैं आखिर अब शिकायत कहाँ की जाय। जॉब कार्ड धारकों को सौ रुपये देकर एक हजार की रकम निकलवा ली जाती है। राजस्व विभाग और पुलिस की मिली भगत से चल रही है। जेसीबी मशीन। भाजपा भिटौरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोला है। ग्रामीणों की इस बात को लेकर भाजपा भिटौरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष गिरजादत्त बाजपेई ने अब अपनी ही सरकार के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को जिला अधिकारी के समक्ष रखेंगे और ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे और दोषी अधिकारियों को दंडित करा कर ही दम लेंगे।

### नगदी जेवरात के साथ युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में युवक अपने प्रेमजाल फंसाकर युवती को भगा ले गया युवती अपने साथ नगदी व जेवर ले गयी,पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के एक गांव की उन्नीस वर्षीय बालिका की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री को कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील क्षेत्र निवासी अमित शर्मा बीते शुक्रवार की सुबह बहला फुसला अपने जाल में फंसा कर चालीस हजार रुपये नगद व सोने चांदी के जेवरात के साथ ले गया,इसके बाद से लगातार उसका फोन भी बंद जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### सेंट जेवियर हाई स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** सेंट जेवियर हाई स्कूल में 5 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों के साथ अन्य विद्यालय के छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। कैंप में जुंबा, योगा, इंदौर, आउटडोर गेम्स, डांसिंग, पेंटिंग, सिंगिंग, धनुर्विद्या आदि गतिविधियों में भाग लिया। प्रबंधक नीतीश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को जीवन में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी पारागत पारंगत होना चाहिए, जिससे बच्चों में मानसिक शारीरिक विकास हो सके। इस मौके पर को-ऑर्डिनेटर मनोरंजन प्रसाद, कोऑर्डिनेटर अविनाश मौर्य, विनीता सिंह, राजकुमार, बुशरा सिद्दीकी, अपूर्वा, तृप्ति मिश्रा, अमरदीप, आदित्य सिंह, उदित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान महोबा जिले की गैंगस्टर एक्ट में फरार बीस हजार का ईनामी सदस्य को चंद्रपुरवा गेट के समीप से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि चंद्रपुरवा गेट के समीप से महोबा जनपद के फरार गैंगस्टर एक्ट के सदस्य रोपिन उर्फरूपेंद्र कंजड़ निवासी मुहल्ला आलमपुरा कोतवाली महोबा गिरफ्तार किया है। इस फरार आरोपी पर महोबा पुलिस द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने अपराधी को न्यायालय भेजा है।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रबन्धक पद से हटानें के लिये जबरिया दस्तखत करनें से मना करनें पर महिला के साथ छेडछाड व मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली है। सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला द्वारा कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में बताया कि विगत 15 मई की सुवह वह अपने रिश्तेदारी समधन से कन्नौज वापस आ रही थी उसी समय जनपद हरदोई के बिलग्राम निवासी अनवार, अकील अहमद तथा थाना बिलग्राम के अंतर्गत आने वाले गांव दिवाली निवासी हारून ने उसे रोक लिया और कुछ कागजातों पर जबरन दस्तखत करानें के प्रयास किये उसके द्वारा मना करने पर उक्तगणों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुये छेड़छाड़ की जिसका विरोध करनें पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच शुरू कर दी है।

### संविदा लाइन मैन की करंट लगने से मौत

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी विद्युत लाइन मैन की दोपहर में फॉल्ट ठीक करते समय लाइन में आ रहे करेंट की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी योगेंद्र (26) कुरारा के मंडी समित के पास आवास बनाकर निवास करता था। यह संविदा के पद पर विद्युत सब स्टेशन कुरारा में लाइनमैन था। आज दोपहर में डेढ़ बजे के बाद कस्बे के बड़ेदेव बाबा मोहाल में भौली पंप कैनाल को गई विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से अकेले जाकर ठीक करने गया था। इसके लिए विद्युत पावर हाउस से शट डाउन दिया गया था।इसके बाद उसने काम खत्म करने के बाद लाइन मैन ने शट डाउन वापस कर दिया था। इसके बाद फिर से उसी लाइन में चढ़ गया। तथा करेंट की चपेट मे आकर गड्ढे में गिर गया। तथा घंटो वही पर गंभीर हालत में पड़े रहने से उसकी हालत बिगड़ गई। मोबाइल फोन न उठने से साथी कर्मचारियों ने उसकी खोजबीन की तब उसको लेकर सीएचसी गए। जहां से जिला अस्पताल रिफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### ताइक्काडो एसोसिएशन ने किया यात्रियों का गला तर

**फतेहपुर।** राजकीय परिवहन निगम बस स्टाप ज्वालागंज में शनिवार यात्रियो को राहत देने के लिए शर्बत वितरित किया गया। करीब पांच घटें चले इस आयोजन में दो हजार से ज्यादा यात्रियो ने अपना गला तर करते हुए सामाजिक सरोकार का इस्तकबाल किया। यह कार्यक्रम श्री हनुमान मंदिर के पास हुआ ताइक्काडों एसोसिएशन के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा की टीम ने बसो का इंतजार करने वाले यात्रियो से लेकर बसो में सवार मुसाफिरो के बीच पहुचकर उन्हे सर्बत पिलाया। बस स्टाप परिसर का वाटर एटीएम बंद होने से यात्रियो को सुखते हलक को गीला करने में अन्य दिनो की अपेक्षा शनिवार को पैसे नही खर्च करने पडे। चेयरमैन ने मानवता का संदेश देते हुए कहा कि हर एक धर्म के सर्वोपरि स्थान दिया गया है। ऐसी गर्मी में जब जिले में एक के बाद एक लोग मर रहे हैं ऐसे में इस तरह के आयोजन की शक्त दरकार है। जागरूक तबके को आगे आकर इस मुहिम को धार देनी चाहिए।

# चुनाव डियूटी न करने पर 15 शिक्षकों समेत 19 कर्मियों का दो दिन का वेतन अवरुद्ध

संवाददाता। हमीरपुर

**लोकसभा** चुनाव में डियूटी पत्र प्राप्त करने के बाद भी मतदेय स्थल पर न जाने पर पंद्रह शिक्षकों समेत 19 कर्मियों का दो दिन का बेतन रोक दिया गया है। जिससे कर्मियों में हड़कंप मचा है। मुख्य विकास अधिकारी(सीडीओ) चंद्रशेखर शुक्ला ने शनिवार को बताया कि जिले में बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में 19 मई को डियूटी पत्र मिलने के बाद भी पोलिंग पार्टी के साथ नही गये जिससे व्यवस्था में काफी व्यवधान उत्पन्न हुआ।

जिसमें पवन गुप्ता हेडमास्टर प्राथमिक विद्यालय ददरी ब्लाक कुरारा,अजय सिंह शिक्षक जूनियर हाईस्कूल उजनेड़ी ब्लाक सुमेरपुर,कृष्ण कुमार दीक्षित शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बंगरा,रविशंकर पटेल शिक्षक प्राइमरी विद्यालय बांधुर खुर्द ब्लाक मुस्करा,अर्चना शिक्षक जूनियर हाईस्कूल टेढ़ा ब्लाक सुमेरपुर,गीता प्रजापति जूनियर हाईस्कूल बांक ब्लाक सुमेरपुर,रुबी गुप्ता हेडमास्टर प्राइमरी विद्यालय नैठी ब्लाक कुरारा, विनीता शिवहरे शिक्षक प्राथमिक विद्यालय काछिन का डेरा ब्लाक मौदहा, सैय्यद इरफान,अर्चना श्रीवास्तव शिक्षक इस्लामिया इंटर कालजे हमीरपुर, महबूब अली शिक्षक फैज आम इंटर कालेज राठ, श्रद्धा अर्ग्वाल शिक्षक टोलारावत राठ, शिवांगी स्वर्ण कार शिक्षक जीजीआईसी हमीरपुर के अलावा हरचरन,रहीसिंह सफाई कर्मी,सविता बुधौलिया लिपिक,सफाई कर्मी नगर पालिका राठ, सतीश कुमार लिपिक रजिस्ट्रार कार्यालय हमीरपुर,लालू बेलदार लोनिवि हमीरपुर आदि सभी कर्मियों का 19 मई व बीस मई का बेतन रोकने के आदेश कर दिये गये है। इसके पहले जिलाधिकारी ने तीस प्राइमरी शिक्षकों को निलंबित कर तीन शित्रा मित्रों की सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं।

## मिलावटी वस्तुओं की बिक्री से हो रही गंभीर बीमारियां

**हमीरपुर।** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। खाद्य सुरक्षा विभाग इस मामले में हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सड़को के किनारे खुले में बिक रही वस्तुएं गंभीर बीमारी को निमंत्रण दे रही है। जानकारी के मुताबिक जिले में हर खाद्य पदार्थ मिलावटी बिक रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि इस समय मिलावटी वस्तुएं खाने से अस्पताल में पेट के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कभी कभार अभियान चलाया जाता है। उसमे जो भी दूध,दही मिठाई व अन्य वस्तुए का सैंपल भर कर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा जाता है उसमे सभी मिलावटी आता है, खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि जब शासन से जांच करने का अभियान आता है तभी टीम द्वारा जांच की जातीहै। जिससे मिलावट खोरों की बल्ले बल्ले हो रही है।

## जनरल स्टोर की दुकान में लगी आग, सामान खाक

**फर्रुखाबाद।** देर रात जनरल स्टोर की दुकान में लगी भीषण आग से लाखों का सामान राख हो गया। मौके पर पंहुची दमकल नें कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया शहर कोतवाली के मोहगा चमचा वाली गली निवासी राहुल राठौर पुत्र मुन्ना राठौर की थाना कादरी गेट के नरकसा मार्ग पर परचून की दुकान है। राहुल ने बताया कि वह बीती रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गये थे। दुकान में कोल्डड्रिंक के चक्कर में फ्रिज चल रहा था। रात लगभग 11 बजे दुकान में आग लगने की सूचना पड़ोसी सजू मिश्रा नें राहुल को दी। कुछ देर बाद दुकानदार राहुल मौके पर आ गये । स्थानीय लोगों ने समर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन बात नही बनी। कुछ देर बाद दमकल भी मौके पर आ गयी। डायल 112, थाना कादरी गेट पुलिस भी मौके पर आ गयी । दमकल नें कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया । राहुल नें बताया कि दुकान में लगभग 10 से 12 लाख का सामान जलकर राख हुआ है।

# जनपद के कुल तालाबों में से बचे 135 तालाबों में भरा जा रहा पानी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन के द्वारा अधिशाषी अभियंता नलकूप अधिशाषी अभियंता सिंचाई एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार से सर्वे कराया गया, जनपद में कुल 2951 तालाबों में से 2044 तालाब भरे पाये गये तथा 907 तालाब सूखे पाये गये। सर्वे के अनुसार जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंता नलकूप अधिशाषी अभियंता सिंचाई एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार को सूखे तालाब भराने का निर्देश दिया गया। सर्वे के उपरान्त जिन तालाबों के नजदीक नहर, तथा सरकारी नलकूप थे, उन तालाबों में नहर/नलकूपों से पानी भरवाया गया। नहरों से 549 तालाब, नलकूपों से 57 तालाब, व अन्य संसाधनों से 166 तालाब भराये गये। इस प्रकार कुल 772 भरा दिये गये है, शेष 135 तालाबों को भराने की प्रक्रिया चल रही है, जिन्हे जल्द ही भरा दिया जायेगा। अत्यधिक गर्मी के कारण पशु, पक्षियों को पानी की समस्या न हो इस लिये सभी तालाबों में पानी भरवाया जा रहा है।

गर्मी के चलते नहरों से पंपिंग सेट के माध्यम से जिले के करीब 772 तालाबों में पानी भरा गया है। तालाबों को बार-बार न भरना पड़े, इसके लिए नहरों से तालाबों को जोड़ा जा रहा है। इससे नहरों के कुलाबा से गहरी नाली बनाकर नहरों को जोड़ा जा रहा है साथ ही करीब 50 नालियों का निर्माण/सफाई कार्य कराया जा चुका है। जिससे तालाबों को नहरों से नियमित पानी मिलता रहेगा। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने नहरों से ऐसे तालाबों को जोड़ने पर जोर दिया था। इसकी समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने साफ कहा कि चुनाव हो चुका है अब कार्य जल्द ही शीघ्र पूर्ण करा लिए जाए।

# लखनऊ हरदोई बस स्टॉप का हाल बेहाल बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेलते यात्री

संवाददाता। संडीला, हरदोई

**लखनऊ** हरदोई मार्ग का स्थानीय बस स्टॉप पूर्ण रूप से सुविधाहीन होने के साथ यात्रियों के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन ने इस प्रकरण में उपेक्षात्मक रवैया अपना रखा है।

लखनऊ हरदोई बस स्टॉप, जहां से रोडवेज़ और प्राइवेट बसों का संचालन किया जाता है और प्रतिदिन हज़ारों यात्री लखनऊ हरदोई, उन्नाव आदि के लिए प्राइवेट बसों से यात्रा करते हैं। इस बस स्टॉप पर यात्री सुविधाएं हैं ही नहीं। भीषण गर्मी के मौसम में जबकि पानी के लिए त्राहि त्राहि मची रहती है, इस बस स्टॉप पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जबकि नगर पालिका द्वारा नगर में कई स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। आखिर इस बस अड्डे पर पानी की कोई व्यवस्था क्यों नहीं हो सकी? यह प्रश्न हर एक की जबान पर है। इसके अलावा इस बस स्टॉप पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है। यदि नगर पालिका द्वारा स्थाई शौचालय स्थापित करने में कोई आर्थिक समस्या है तो भी नगर पालिका के पास चलते फिरत शौचालय हैं, जिनमें से एक आध को बस स्टॉप पर रखा जा सकता है और इससे यात्रियों को काफी सुविधा हो सकती है। बताते चलें कि इसी बस स्टॉप पर पुरानी तहसील का कार्यालय, ग्राम न्यायालय और उपनिबंधक कार्यालय स्थित है। ग्राम न्यायालय में अपने वादों की पैरवी के लिए तथा नवीन तहसील में अपने वादों के लिए सैकड़ों लोग वकीलों के तख्त पर आते हैं। उनके सामने भी पीने के पानी और शौचालय की समस्या बनी रहती है।

बस अड्डे पर बुनियादी सुविधाओं के पूर्ण अकाल को लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों यथा विधायक, विधान परिषद सदस्य अथवा सांसद ने भी कोई प्रयास नहीं किया ऐसा वर्तमान व्यवस्था को देखकर लगता है क्योंकि यदि बस अड्डे के पास ही अपना आवास और कार्यालय बनाकर रहने वाली क्षेत्रीय विधायक ने इस ओर ध्यान दिया होता तो यह मामूली समस्या हल हो गयी होती।

विधायक के निकटस्थ ने बड़ा मासूम सा जवाब देते हुए कहा कि चूंकि हाई वे निर्माण कार्य चल रहा है इसलिए इस समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। जब उनसे यह पूछा गया कि आखिर एक रेडीमेड शौचालय और दो स्थानों पर अस्थाई स्टैंड पोस्ट लगवाने में क्या दिक्कत थी? तो उन्होंनें आगे बात नहीं की। उधर अधिशासी अधिकारी से इस संबंध में प्रतिक्रिया लेने के लिए जब फोन किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र कवरेज से बाहर बताता रहा। इसलिए उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

# प्रदेश बार काउंसिल ने सदर तहसील की बार काउंसिल के चुनाव किए स्थगित

**फर्रुखाबाद।** सदर तहसील बार एसोशिएशन के तत्कालीन एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष व कार्यकारणी के चुनावी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया है । पूर्व में जारी चुनाव संबंधी आदेश को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने स्थगित कर दिया है।

आपको बता दे कि तत्कालीन एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद कनौजिया द्वारा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को भेजे गए एक पत्र में कहा गया था कि तहसील सदर वार संघ का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद अध्यक्ष की हठधर्मिता ध् तानाशाही के कारण पुनः चुनाव सम्पन्न होने नहीं दिया जा रहा है। वहीं जिसके जवाब में अध्यक्ष ध्सचिव तहसील बार एसोसिएशन ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से तत्कालीन एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विनोद कनौजिया की शिकायत की थी जिसको संज्ञान में लेते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने एक पत्र जारी करते हुए कहा कि प्रेषित पत्रों का संज्ञान लेते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा आदेश दिनांक 19.05.2024 पारित किया गया था।

पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि बार संघ का चुनाव दिनांक 02.02.2023 को सम्पन्न हुआ था तथा शपथ ग्रहण समारोह 16.02.2023 को सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद अध्यक्ष की हठधर्मिता व तानाशाही के कारण पुनः चुनाव सम्पन्न होने नहीं दिया जा रहा है। चूंकि बार संघ का चुनाव दिनांक 02.02.2023 को सम्पन्न हुआ था एवं कार्यकारिणी ने दिनांक 16.02.2023 को कार्यभार ग्रहण कर लिया था। ऐसी स्थिति में एक वर्ष से %यादा का समय व्यतीत हो चुका है एवं मॉडल बाईलॉज के नियमानुसार बार संघ की नयी कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न होना न्यायहित में अति आवश्यक है।

उपरोक्त तथ्यों से अधोहस्ताक्षरी को गुमराह करके एवं पूर्व आदेशों को छुपाकर आदेश दिनांक 19.05.2024 पारित करवाया गया था। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.05.2024 अग्रिम आदेश तक स्थगित किया जाता है ।

## टप्पेबाजों ने ज्वैलर्स की दुकान में की लाखों की हेरा-फेरी

**फतेहपुर।** ज्वैलर्स की दुकान से लाखों के जेवरों की टप्पेबाजी हो गई। ज्वैलर्स ने करीब लगभग 25 ग्राम सोने के जेवर पार होने की तहरीर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आनन फानन घटना स्थल पहुंची। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बा के भादर रोड पर रौनक़ ज्वैलर्स घर के नीचे ज्वैलरी की दुकान खोल रखी है। दीपू सोनी ने बताया कि दुकान में सुबह नाबालिग बेटा रौनक़ बैठा था। इस दौरान दो लोग चकमा देकर लगभग पचीस ग्राम सोने के जेवर उठा ले गए। उनके दुकान आने पर घटना का पता लगा। दीपू सोनी ने तहरीर देकर बताया कि जेवर देखने के लिए उन्होंने मांगे। बेटे का ध्यान भटका कर जेवर भरे दो डिब्बे उठा ले गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दो लोगों के चेहरे दिखे हैं। दोनों दुकान के भीतर आये और एक बैठा व्यक्ति और एक खड़ा व्यक्ति भी दिखा। थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना घटित हुई है, सीसी टीवी के आधार पर कई पहलुओं से जांच की जा रही है।

# अदालत ने राहुल को 7 जून को पेश होने को कहा

- सिद्धारमैया व शिवकुमार को मिली जमानत
- भाजपा द्वारा दायर किया गया था मानहानि मामला

**भाषा।** बेंगलुरू



**भाजपा** द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं। कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नई दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिए। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धरमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने मामले को दीवानी मामला बताया और कानून के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केपीसीसी अध्यक्ष शिवकुमार और राहुल गांधी भी इस मामले में शामिल हैं। तीनों नेताओं ने इस मामले से संबंधित अदालती पेशी से बचने के लिए स्थाई रोक का अनुरोध किया है। इस बीच, मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विज्ञापन भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित हैं, जिनकी मीडिया में रिपोर्ट आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी कानूनी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है तथा उन्होंने भाजपा नेताओं के उन दावों का भी उल्लेख किया कि उन्हें मुख्यमंत्री पद तथा अन्य पदों के लिए भारी भरकम भुगतान किया गया है।

## मसूरी में शुरू भारत का पहला खगोल पर्यटन अभियान

**देहरादून।** भारत के पहले खगोल पर्यटन अभियान नक्षत्र सभा का शनिवार को मसूरी में जॉर्ज एवरेस्ट शिखर पर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम स्थल, जॉर्ज एवरेस्ट पीक मसूरी का एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है, जहां से बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों और दून घाटी का शानदार दृश्य दिखाई देता है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड भारत की अग्रणी खगोल पर्यटन कंपनी स्टारस्केप्स के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जो दो जून तक चलेगा। इसके बाद हर्षिल-जादुंग, बेनीताल, ऋषिकेश, जागेश्वर और रामनगर आदि स्थानों पर भी खगोल पर्यटन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जैसे विशेष उपकरणों के माध्यम से तारों को देखना, सौर चश्मों और एच-अल्फा फिल्टर के माध्यम से सूर्य का अवलोकन करना। राज्य पर्यटन विभाग का धार्मिक पर्यटन के अलावा राज्य में बहुआयामी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास है।

# पशु बलि वाला अनुष्ठान केरल के मंदिर में नहीं बल्कि पास में किया गया: शिवकुमार का दावा

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि पशुओं की बलि देने वाला शत्रु भैरवी यज्ञ नामक अनुष्ठान केरल के राजराजेश्वर मंदिर में नहीं, बल्कि पास के एक निजी स्थान पर किया गया। इस बीच, केरल सरकार ने दोहराया कि राज्य के उत्तरी हिस्से में किसी मंदिर के पास कोई पशु बलि नहीं दी गई, जैसा कि शिवकुमार ने दावा किया था। शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें, कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और राज्य की कांग्रेस सरकार को निशाना बनाकर शत्रु भैरवी यज्ञ केरल के राजराजेश्वर मंदिर के पास किया जा रहा है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि राज्य में कुछ राजनीतिक लोग इसे करवा रहे हैं और इसके लिए अघोरियों से सलाह ली जा रही है। केरल सरकार द्वारा उनके (शिवकुमार के) दावों की जांच किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में शिवकुमार ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, मैं आपको बता रहा हूं, मंदिर के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है...मैंने यह नहीं कहा कि मंदिर में कोई अनुष्ठान हुआ था। मंदिर में कुछ भी नहीं हुआ है, मैं जानता हूं। यह मंदिर के पास ही एक निजी स्थान है, जहां कुछ हुआ है। मुझे यही जानकारी मिली है। सटीक स्थान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं खुलासा नहीं करना चाहता। उस (अनुष्ठान) में शामिल एक पुजारी ने मुझे कुछ जानकारी दी है। मैं राजराजेश्वर मंदिर गया हूं...मुझे पता है कि पहले मंदिर में कुछ प्रथाएं थीं, लेकिन अब वे मंदिर में नहीं हो रही हैं।

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 11 जिलों में 3.5 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और 11 जिलों में 3.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चक्रवात रेमल के परिणामस्वरूप हुई भारी बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में सड़क एवं रेल संपर्क कट गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सर्वाधिक प्रभावित कछार जिले में, मौसम की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद हैं। इसमें कहा गया है कि निर्धारित सेमेस्टर और पूरक परीक्षाएं कार्यक्रम के मुताबिक आयोजित की जाएंगी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कार्बी आंगलोंग, धीमाजी, होजई, कछार, करीमगंज, डिब्रूगढ़, नगांव, हैलाकांडी, गोलाघाट, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में करीब 3.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

# सलमान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में बिश्नोई गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई (भाषा)।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्महाउस में उनपर हमला करने की साजिश रची गई है, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस ने पिछले महीने जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि चारों गिरफ्तार आरोपी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं। नवी मुंबई पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में लॉरेंस बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई समेत 17 व्यक्तियों को नामजद किया है। चार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनंजय तापेसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वास्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर की गई है। अधिकारी ने बताया कि इन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश रचने) और 506 (आपराधिक धमकी) एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लॉरेंस बिश्नोई अभी गुजरात के अहमदाबाद की साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद है, जबकि ऐसा माना जाता है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल पर आए लोगों ने मुंबई के बांद्रा में सलमान के गैलेक्सी स्थित अपार्टमेंट के बाहर कई गोलियां चलाई थी। हमलावरों विक्की गुप्ता और सागर पाल को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। हमलावरों को कथित तौर पर अपराध उपलब्ध कराने वाले सोनू बिश्नोई और अनुज थापन को बाद में पंजाब से पकड़ा गया था। थापन ने एक मई को यहां हवालात में कथित तौर पर फांसी लगा ली थी। मुंबई पुलिस ने बाद में मामले में और गिरफ्तारियां कीं।

# केरल में मॉनसून और प्रबल हुआ, कई क्षेत्रों में भारी बारिश

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल में दस्तक देने के दो दिन बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून के और प्रबल होने से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई तथा दक्षिण और मध्य जिलों में भूस्खलन, पेड़ों के उखड़ने एवं जलभराव की स्थिति देखने को मिली है। कोट्टायम और इडुक्की जिलों के उंचाई वाले इलाकों में घंटों तक लगातार बारिश होने के कारण बड़े पैमाने पर तबाही हुई, जबकि भारी बारिश के कारण त्रिशूर जिले के निचले इलाकों में जलभराव हुआ और यातायात अवरुद्ध हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी मौसम चेतावनी को अद्यतन करते हुए शनिवार को त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया।

इडुक्की, पलक्कड़ और वायनाड जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया और छह जिलों में एलो अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट 24 घंटे में 20 सेंटीमीटर (सेमी) से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब 11 सेमी से 20 सेमी की बहुत भारी बारिश से है। एलो अलर्ट का आशय छह सेमी से 11 सेमी की भारी बारिश से है। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से भारी बारिश हो रही है।

पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा में भूस्खलन और पेड़ों के उखड़ने की सूचना मिली है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन से कुछ मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। फसलें नष्ट हो गईं और स्थानीय लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली आंतरिक सड़कें पहाड़ी से विशाल चट्टानें गिरने से ना केवल क्षतिग्रस्त हो गईं, बल्कि रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच फाटक खोले जाने के बाद जिले के अधिकारियों ने थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पड़ोसी कोट्टायम जिले के विभिन्न भागों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के निकट रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। शुक्रवार शाम से कोट्टायम के कई हिस्सों में लगातार कई घंटों तक हुई बारिश के कारण जलभराव हो गया और यातायात अवरूद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को वडावथूर क्षेत्र में 100 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई, जबकि कोट्टायम के शहरी क्षेत्रों में 99 मिमी बारिश हुई। बंदरगाह शहर कोच्चि में हालांकि मध्यम बारिश हुई, लेकिन एर्नाकुलम के अलुवा क्षेत्र में 31 मई की रात से भारी बारिश हो रही है।मौसम विभाग से मिली अद्यतन जानकारी के अनुसार, सुबह एर्नाकुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 40 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। तिरुवनंतपुरम, इडुक्की, कोझिकोड और कन्नूर जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। त्रिशूर जिले में आज सुबह से भारी बारिश हो रही है, जिससे लोग बड़ी संख्या में बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर फंसे हुए हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव और यातायात अवरूद्ध होने की सूचना है। मौसम विभाग के अनुसार, त्रिशूर में मध्यम से तेज बारिश के साथ 40 किमी प्रति घंटे तक की गति से हवाएं चलने की संभावना है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है क्योंकि प्रमुख सड़कों पर जलभराव और खराब दृश्यता के कारण यातायात अवरूद्ध हो सकता है। उन्होंने निचले इलाकों और नदी के किनारों के कई हिस्सों में बाढ़ की चेतावनी भी दी। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने 30 मई को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में दस्तक दी थी।
मैसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बीते रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से टकराने वाले चक्रवात रेमल ने मॉनसून को बंगाल की खाड़ी में खींच लिया था, जो पूर्वोत्तर में मॉनसून के जल्द दस्तक देने का एक कारण हो सकता है।

## एग्जिट पोल में हमारा कोई विश्वास नहीं: शिवकुमार

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि एग्जिट पोल में उनका विश्वास नहीं है और अनुमान जताया कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में राज्य में दोहरे अंक में सीट जीतेगी, लेकिन कोई आंकड़ा बताने से परहेज किया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और शिवकुमार सहित कांग्रेस के नेता दावा करते रहे हैं कि राज्य में पार्टी 28 सीट में से 15 से 20 लोकसभा क्षेत्रों में जीत दर्ज करेगी। शिवकुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भी हैं। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने कहा है कि एग्जिट पोल में मेरा विश्वास नहीं है। आज भी मैं यही कह रहा हूं। अभी किसी ने मुझे फोन किया और कहा कि (टेलीविजन) चैनल दिखा रहे हैं कि कर्नाटक में हमें केवल दो या तीन या चार सीट मिलेगी। हमें दोहरे अंकों में अधिक सीट मिलेगी, इंतजार करें और देखें। उन्होंने कहा, मुझे एग्जिट पोल और उनके आकलन पर कोई भरोसा नहीं है क्योंकि वे अंदरूनी इलाकों में नहीं जाते। उन्होंने कुछ लोगों से बातचीत के आधार पर ऐसा किया होगा, मुझे इस पर विश्वास नहीं है। इंडिया गठबंधन कमान संभालने के लिए तैयार है। शुरुआती एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है।

# पेज 1 का शेष

## मतदान खत्म...

गैस के गोले दागे। बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हुसैन मेहदी रहमान ने कहा कि संदेशखालि के बयारामारी में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प के दौरान तीन लोग घायल हो गए, उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जादवपुर एवं डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर भी झड़प हुईं। जादवपुर में भी झड़प हुई और तृणमूल, आईएसएफ (इंडियन सेक्युलर फ्रंट) और भाजपा समर्थकों ने एक-दूसरे पर देसी बम फेंके जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और कई देसी बम जब्त किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान आरंभ होने पर लोगों से बड़ी संख्या में वोट डालने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, आइए, मिलकर अपने लोकतंत्र को और अधिक जीवंत बनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में आज मतदान हो रहा है। इस चरण के सभी मतदाताओं से मेरा निवेदन है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मुझे विश्वास है कि हमारे युवा और महिला मतदाता वोट डालने के लिए रिकॉर्ड संख्या में आएंगे। चुनाव मैदान में कुल 904 प्रत्याशी हैं। इनमें प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और अभिनेत्री कंगना रनौत शामिल हैं। इस चरण में लगभग 5.24 करोड़ पुरुषों, 4.82 करोड़ महिलाओं और 3,574 ट्रांसजेंडर मतदाताओं सहित 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, टेलीविजन चैनल और समाचार संस्थान एक जून को शाम साढ़े छह बजे के बाद एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के आंकड़े और उसके नतीजे प्रसारित कर सकेंगे। अंतिम चरण के लिए प्रचार बृहस्पतिवार शाम को समाप्त हो गया था। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता ॉपार्टी (भाजपा) नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर भ्रष्ट होने, हिंदू विरोधी होने, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति में संलिप्त होने जैसे आरोप लगाए। विपक्षी दल दावा कर रहे थे कि भाजपा किसान विरोधी, युवा विरोधी है और चुनाव जीतने पर संविधान को बदल देगी तथा उसे खत्म कर देगी। बिहार की आठ लोकसभा सीट के साथ-साथ अगिआंव विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री आर के सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भी मैदान में हैं। झारखंड में दुमका, राजमहल और गोड्डा सीट पर इस चरण में मतदान हो रहा है। सबकी निगाहें दुमका पर टिकी हैं, जहां जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी एवं भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन इंडिया गठबंधन के नलिन सोरेन के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की तीन बार विधायक रहीं सीता सोरेन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुई थीं। ओडिशा में छह लोकसभा और 42 विधानसभा सीट के लिए मतदान हुआ। विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मलिक, सरकार के मुख्य सचेतक प्रशांत मुदुली, ओडिशा भाजपा प्रमुख मनमोहन सामल और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर सीट के लिए भी मतदान हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मौजूदा सांसद सुदीप बंदोपाध्याय, सौगत रॉय और माला रॉय, भाजपा की पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता सुजान चक्रवर्ती समेत कई दिग्गज उम्मीदवार मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश की 13 सीट पर मतदान हुआ, जो सभी राज्यों में सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सदस्य भेजता है। पंजाब में, इंडिया गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीट - हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा और शिमला और छह विधानसभा सीट-सुजानपुर, धर्मशाला, लाहौल और स्पीति, बड़सर, गगरेट और कुटलेहड़ के लिए उपचुनाव के तहत मतदान हो रहा है। सभी की निगाहें मंडी पर हैं, जहां भाजपा की कंगना रनौत का मुकाबला कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह के साथ है। मतदान समाप्त होने का समय शाम 6 बजे था, हालांकि तय समय सीमा से पहले मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं को छह बजे के ॉबाद भी मतदान की अनुमति दी गई है।

## केजरीवाल...

प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। इसने उन्हें मतदान के अंतिम चरण के समाप्त होने के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र में प्रचार किया। न्यायाधीश द्वारा आदेश सुरक्षित रखे जाने के बाद केजरीवाल के वकील ने यह उल्लेख करते हुए अदालत से शनिवार को ही आदेश पारित करने का आग्रह किया कि केजरीवाल को रविवार को आत्मसमर्पण करना है। हालाँकि, न्यायाधीश ने अनुरोध को अस्वीकार कर दिया और कहा कि आरोपी के वकीलों के साथ-साथ अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत दलीलें एवं दस्तावेज़ भी भारी-भरकम हैं। कार्यवाही के दौरान, ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि केजरीवाल ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में भ्रामक दावा किया कि वह दो जून को खुद ही आत्मसमर्पण कर देंगे। केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आत्मसमर्पण करने के लिए (रविवार को) अपराह्न लगभग तीन बजे अपने घर से चलूंगा। संभव है कि इस बार वे मुझे और अधिक प्रताड़ित करेंगे, लेकिन मैं झुकूंगा नहीं।' आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख यह भी आरोप लगाया था, उन्होंने मुझे तोड़ने की कोशिश की। जब मैं जेल में था तो उन्होंने मेरी दवाएं बंद कर दीं। गिरफ्तार होने के बाद मेरा वजन छह किलोग्राम कम हो गया। जब मुझे गिरफ्तार किया गया तो मेरा वजन 70 किलोग्राम था। जेल से बाहर आने के बाद मेरा वजन नहीं बढ़ा है। केजरीवाल ने दावा किया था कि डॉक्टरों ने कई परीक्षणों की सलाह दी है और उन्हें लगता है कि यह किसी अंतर्निहित चिकित्सा स्थिति का संकेत हो सकता है। ईडी के वकील ने अदालत में कहा, केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत अवधि के दौरान प्रचार किया और अब उन्होंने अचानक दावा किया है कि वह बीमार हैं। केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया और अपने स्वास्थ्य सहित अन्य चीजों के बारे में गलत बयान दिए। केजरीवाल के वकील ने अदालत से कहा कि मुख्यमंत्री बीमार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है। ईडी ने कहा कि अंतरिम जमानत बरकरार रखने योग्य नहीं है क्योंकि निचली अदालत केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करने का आदेश देने वाले उच्चतम न्यायालय के आदेश को संशोधित नहीं कर सकती। जांच एजेंसी के वकील ने कहा, उच्चतम न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि वह आत्मसमर्पण करेंगे। उस आदेश को आज तक संशोधित नहीं किया गया है। उन्हें समर्पण करना होगा। इस अदालत के आदेश के कारण वह अंतरिम जमानत पर नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद वह अंतरिम जमानत पर हैं। वह उच्चतम न्यायालय के आदेश को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। मेहता ने कहा कि उन्हें स्वतंत्रता दी गई है कि वह नियमित जमानत के लिए आवेदन करेंगे और अंतरिम जमानत के विस्तार की कोई स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति कह रहा है कि उसकी हालत गंभीर है, उसके आचरण को देखो। जिस दिन से वह रिहा हुआ है, वह हर जगह प्रचार कर रहा है और एक मिनट या दो मिनट नहीं, बल्कि घंटों तक प्रचार कर रहा है। उस समय, उसके स्वास्थ्य को कुछ नहीं होता है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल चिकित्सा जांच में देरी कर न्यायालय को धोखा देना चाहते हैं। इसने कहा, 'अगर किसी परीक्षण की आवश्यकता होगी, तो हम जेल में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो हम (केजरीवाल को) एम्स या किसी अस्पताल में ले जाएंगे।' इसके वकील ने कहा, एक व्यक्ति जो टीवी पर दावा करता है कि मैं मर सकता हूं, किडनी फेल हो सकती है आदि, वह 25 मई के बाद से किसी बुनियादी परीक्षण के लिए नहीं गया? वादी द्वारा व्यवस्था के साथ खेल खेला जा रहा है। राहत की मांग करते हुए केजरीवाल के वकील ने अदालत से कहा कि खराब स्वास्थ्य के बावजूद आप नेता ने प्रचार किया क्योंकि यही वह उद्देश्य था जिसके लिए शीर्ष अदालत ने अंतरिम जमानत दी थी। उन्होंने कहा, 'प्रचार अभियान के कारण तनाव से उनका शर्करा स्तर बढ़ गया। आज, जब मैं (केजरीवाल) बिना परीक्षण कराए वापस जेल जा रहा हूं, तो मैं खुद को जोखिम में डाल रहा हूं। यह केवल इस तथ्य को सुनिश्चित करने के लिए है कि मुझे दिया गया उपचार मेरी बीमारी के अनुरूप हो। मैं दो महीने या तीन महीने के लिए अंतरिम जमानत नहीं मांग रहा हूं। ऐसा कौन सा पूर्वाग्रह है जो उन्हें परेशान करेगा।

## रक्त नमूना..

पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार के 17 वर्षीय चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया कि आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। मामले में नाबालिग के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को परिवार के वाहन चालक का कथित तौर पर अपहरण करने और उस पर हादसे की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने के लिए गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एक अदालत ने नाबालिग के पिता और दादा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी पुलिसहिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। पुलिस ने नाबालिग के रक्त नमूने बदलने के आरोप में ससून जनरल हॉस्पिटल के फॉरेंसिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. अजय तावड़े, चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और कर्मचारी अतुल घाटकाम्बले को गिरफ्तार किया था। पुलिस का आरोप है कि उन्होंने यह दिखाने के लिए रक्त के नमूने बदले कि आरोपी दुर्घटना के वक्त नशे की हालत में नहीं था।

## इंडिया गठबंधन..

टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही कहा था कि वे बैठक में शामिल नहीं होंगी क्योंकि राज्य में चुनाव हैं, जबकि पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती परिवार में कुछ चिकित्सीय कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुईं। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस द्वारा एग्जिट पोल की बहस में भाग न लेने की घोषणा के एक दिन बाद खड़गे ने ऐलान किया कि इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने बैठक में टेलीविजन पर बहस में भाग लेने का फैसला किया है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियों ने बैठक की और पूर्वनिर्धारित एग्जिट पोल पर भाजपा और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को बेनकाब करने का फैसला किया। शुक्रवार को, खेड़ा ने कहा था कि लोगों ने अपना वोट डाल दिया है और उनका फैसला सुरक्षित है। खड़गे ने पहले कहा था कि यह एक अनौपचारिक बैठक थी जहां वे केवल इस बात पर चर्चा करेंगे कि मतगणना के दिन उन्हें किस तरह की तैयारी करनी चाहिए और लोगों को कैसे सतर्क रहना चाहिए, चाहे वह ईवीएम के बारे में हो या फॉर्म 17 सी के उपयोग के बारे में। उन्होंने कहा था कि यह बैठक केवल मतगणना तैयारियों पर चर्चा के लिए थी और कांग्रेस ने पहले ही अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी के बारे में सतर्क रहने को कहा है।

## उत्तर प्रदेश...

गोरखपुर में मतदान करने के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, लोक सभा चुनाव-2024 के लिए आज गोरखपुर में मतदान किया। आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के निर्माण के लिए आप सभी मतदान अवश्य करें। जय हिंद मिर्जापुर से प्राप्त खबर के अनुसार अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मिर्जापुर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल ने शनिवार सुबह सात बजे नगर स्थित सेंट मैरी स्कूल के मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस मौके पर पटेल ने संवाददाताओं से कहा, देश के उज्जवल भविष्य के लिए मैंने सुबह-सुबह अपना वोट दे दिया है। आपसे निवेदन है कि आप भी अपने घर से निकलिए और सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कर्तव्य का पालन कीजिए। आप का एक वोट देश की दशा और दिशा बदल सकता है। बलिया जिले में एक मतदान केंद्र पर शनिवार को 70 वर्षीय बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिकंदरपुर के उप जिलाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि चक बहुद्दीन गांव निवासी रामबचन चौहान (70) सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के अधीन सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के चक बहुद्दीन गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या-257 पर वोट डालने के लिए पहुंचे थे।

## हिमाचल प्रदेश...

की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया। एक स्थानीय ग्रामीण रवि ने कहा, जब तक जिला प्रशासन यहां नहीं आता और हमारी शिकायतें नहीं सुनता, हम वोट नहीं देंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम छह बजे खत्म होगा। इन चार लोकसभा सीट के लिए 37 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि विधानसभा उपचुनाव के लिए 25 उम्मीदवार चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।

## पंजाब...

आप उम्मीदवार करमजीत सिंह अनमोल एवं लालजीत भुल्लर तथा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह शामिल थे। पंजाब की कांग्रेस इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने अपनी पत्नी के साथ मुक्तसर में वोट डाला। कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला ने अमृतसर में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन ने अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में मतदान किया। शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल, उनकी पत्नी और बठिंडा से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल ने अपने बेटे और दो बेटियों के साथ मुक्तसर में वोट डाला। पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अपना वोट डाला, जबकि अभिनेता आयुष्मान खुराना और चंडीगढ़ से मौजूदा भाजपा सांसद किरण खेर ने केंद्र शासित प्रदेश में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के फिरोजपुर सीट से उम्मीदवार सुरिंदर कंबोज पर इस आरोप को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है कि गुरुहरसहाय में एक मतदान केंद्र पर उनके मतदान करने के दौरान किसी ने उनका वीडियो बनाया और फिर इस वीडियो को सार्वजनिक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मुक्तसर में खुड्डियां गांव में एक मतदान केंद्र पर ईवीएम में तकनीकी खराबी आ गई। संगरूर में संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री मान ने पंजाब के लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की और उम्मीद जताई कि शहरों और ग्रामीण इलाकों में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालेंगे। मान की पत्नी गुरप्रीत कौर ने भी महिलाओं से बड़ी संख्या में वोट डालने की अपील की। इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं तथा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तथा भारतीय जनता पार्टी भी 1996 के बाद पहली बार अकेले लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस, आप, शिअद और भाजपा के अलावा शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। आप , कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल (शिअद), भाजपा, बसपा और शिअद (अमृतसर) पंजाब की सभी सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, कांग्रेस और आप ने चंडीगढ़ में गठबंधन किया है।

## ओडिशा...

राज्य की जिन 42 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है, उनमें से मयूरभंज जिले के जशीपुर में सबसे अधिक 70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि भद्रक जिले के धामनगर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 53.40 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जाजपुर जिले के ओलीचंदनपुर में बूथ स्तर के अधिकारी के रूप में तैनात सहायक शिक्षक मनोरंजन साहू ने बेचैनी की शिकायत की जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह, बालासोर जिले के नीलगिरि विधानसभा क्षेत्र के ईश्वरपुर में मतदान केंद्र पर कतार में खड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों की मौत संभवत: लू लगने के कारण हुई होगी। जगतसिंहपुर लोकसभा सीट के गोप इलाके और केन्द्रपाड़ा लोकसभा सीट के सालीपुर में एक मतदान केन्द्र के बाहर अलग-अलग समूहों के बीच झड़प में दो लोग घायल हो गए।इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सलिपुर से उम्मीदवार अरिंदम रे ने इलाके में और महांगा विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर बीजू जनता दल (बीजद) कार्यकर्ताओं द्वारा चुनावी धांधली करने का आरोप लगाया।

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने 15 मई को यह टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो।

इसने कहा, जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा, हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। मामले के अनुसार, महिला के साथ मारपीट की गई तथा उसके हाथ-पैर बांध दिए गए और मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई। घटना में महिला पूरी तरह झुलस गई। उसके पड़ोसी उसे अस्पताल ले गए जहां उसका मृत्यु-पूर्व बयान दर्ज किया गया। इसके बाद बीड जिले के अंबाजोगई थाने में संबंधित प्रावधानों में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का पुनर्गठन किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्ईय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं। खंड 4(2)(सी) के अनुसार, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अधिवक्ता सौम्यजीत पाणि, अधिवक्ता अनिंदिता पुजारी, मधु चौहान, प्रोफेसर श्रुति पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता एवं मेनका गुरुस्वामी और भारत में शिकागो विश्वविद्यालय केंद्र की कार्यकारी निदेशक लेनी चौधरी समिति के सदस्यों में शामिल हैं।

# प्रत्येक साधु, गुरु को सार्वजनिक भूमि पर समाधि बनाने की इजाजत दी गई तो विनाशकारी परिणाम होंगे: अदालत



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि प्रत्एक साधु, बाबा और गुरु को सार्वजनिक भूमि पर मंदिर या समाधि स्थल बनाने और निजी लाभ के लिए इसका इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे तथा व्यापक जनहित खतरे में पड़ जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि भगवान शिव के भक्त नागा साधु को सांसारिक मामलों से पूरी तरह विरक्त जीवन जीने की दीक्षा दी जाती है और उनके नाम पर संपत्ति का अधिकार मांगना उनकी मान्यताओं एवं प्रथाओं के अनुरूप नहीं है। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा, हमारे देश में, हमें विभिन्न स्थानों पर हजारों साधु, बाबा, फकीर या गुरु मिल जाएंगे और यदि उनमें से प्रत्एक को सार्वजनिक भूमि पर मंदिर या समाधि स्थल बनाने की अनुमति दी गई और निहित स्वार्थी समूह इसका निजी लाभ के लिए उपयोग करना जारी रखें, तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे एवं व्यापक सार्वजनिक हित खतरे में पड़ जाएगा।

उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी महंत नागा बाबा शंकर गिरि द्वारा उनके उत्तराधिकारी के माध्यम से दायर याचिका खारिज करते हुए की, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को यहां त्रिवेणी घाट, निगमबोध घाट पर नागा बाबा भोला गिरि की समाधि की संपत्ति का सीमांकन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि दिल्ली विशेष कानून अधिनियम के तहत निर्धारित समयसीमा (वर्ष 2006) से काफी पहले ही उसे संपत्ति पर कब्जा मिल गया था। याचिकाकर्ता की शिकायत थी कि फरवरी 2023 में दिल्ली सरकार के बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने उक्त संपत्ति के आसपास की विभिन्न झुग्गियों और अन्य भवनों को ध्वस्त कर दिया, जिसके कारण उसे समाधि ढहाए जाने का खतरा सता रहा है।अदालत ने याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इसमें कोई दम नहीं है और याचिकाकर्ता के पास संपत्ति का उपयोग एवं कब्जा जारी रखने का कोई अधिकार, हक या हित नहीं है।उच्च न्यायालय ने कहा,"यह स्पष्ट है कि उसने जमीन पर अवैध कब्जा किया है और केवल इस तथ्य के आधार पर कि वह 30 साल या उससे अधिक समय से खेती कर रहा है, उसे संबंधित संपत्ति पर कब्जा जारी रखने के लिए कोई कानूनी अधिकार, मालिकाना अधिकार नहीं मिल जाता। अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ता ने पूजनीय बाबा की समाधि के अलावा एक टिन शेड और अन्य सुविधाओं के साथ दो कमरे बनाए हैं। बाबा का 1996 में निधन हो गया था। हालांकि फिर, रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि उक्त स्थान किसी ऐतिहासिक महत्व का है या पूजा के लिए या श्रद्धेय दिवंगत बाबा की प्रार्थना के लिए जनता को समर्पित है।

# सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथ: शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भगवान सोमनाथ सनातन संस्कृति में गौरव के प्रतीक हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गुजरात में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सभी की समृद्धि की कामना की। मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट के न्यासियों में से एक शाह ने शुक्रवार शाम को ध्वज पूजा की। अनुष्ठान के बाद ध्वज मंदिर के शीर्ष पर फहराया गया।

शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, "जय श्री सोमनाथ। प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अविरल, अमिट और अडिग सनातन संस्कृति के गौरव प्रतीक हैं। ए हमें अनेक संघर्षों के बाद भी दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हैं। बाबा सोमनाथ के दर्शन व पूजन-अर्चन कर सभी के कल्याण व भारत की निरंतर समृद्धि की कामना की। शाह ने सोमनाथ जाने से पहले शुक्रवार शाम को राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने संक्षिप्त ठहराव के दौरान, पिछले शनिवार को टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग के बाद की गई कार्वाई का जायजा लिया, जिसमें 27 लोगों की जान चली गई थी। भाजपा की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गांधीनगर के सांसद शाह ने जिलाधिकारी को गांधीनगर क्षेत्र में हैजा के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक निवारक उपाय करने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है,"शाह ने महामारी को नियंत्रित करने और प्रभावित लोगों को उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए गांधीनगर के हैजा प्रभावित क्षेत्रों में एहतियाती उपाय करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

# राहुल ने अग्निपथ को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा, दखल का आग्रह किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अग्निपथ योजना के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि इस योजना के चलते वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभ में भेदभाव हो रहा है। राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में अपवाद जरूरी है क्योंकि वह भारत के सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करता है। राष्ट्रपति को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि वह उन्हें देश की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले अग्निवीरों को न्याय प्रदान करने की अपील के साथ लिख रहे हैं। उन्होंने अपना पत्र साझा करते हुए कहा, नियमित सैनिकों की तुलना में हमारे मारे गए अग्निवीरों के परिवारों को दिए जाने वाले लाभों की प्रकृति और सीमा में भेदभाव पर आपको तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह अन्याय है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के हमारे सहयोगियों ने अग्निपथ योजना का कड़ा विरोध किया है और सरकार बनने पर इसे रद्द करने का वादा किया है। पत्र में राहुल गांधी ने कहा, मैं आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं। मैं मानता हूं कि एक राष्ट्रपति आम तौर पर नीति के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, जो निर्वाचित सरकार का क्षेत्र है। हालांकि, मेरा मानना है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें एक अपवाद हो सकता है। आप भारत के सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर हैं। आपने खुद को भारत के लोगों के कल्याण के लिए समर्पित करने की शपथ ली है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अग्निवीर शहीदों के खिलाफ यह भेदभाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है? क्या यह देश के युवाओं के साथ गंभीर अन्याय नहीं है जो बहादुरी से अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा करते हैं? उन्होंने कहा, इसलिए, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप अपने पद का उपयोग न्याय करने के लिए करें तथा अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीर सैनिकों को न्याय दिलाएं, यह सुनिश्चित करके कि उन्हें हमारी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले किसी भी सैनिक के समान लाभ मिले।

**शीर्ष 100 कंपनियां एक जून से बाजार अफवाहों की तुरंत सच्चाई बताएंगी:**नई दिल्ली। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह नियम एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा। सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी।

# मौसम बदलने से राजस्थान के कई इलाकों में गर्मी से राहत

**जयपुर।** नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजस्थान के कई इलाकों में शनिवार को मौसम बदल गया और अधिकतम तापमान में गिरावट से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि राज्य में भीषण गर्मी या लू से मरने वालों की संख्या भी शनिवार को बढ़कर नौ हो गई जो बृहस्पतिवार को पांच थी। राज्य में शनिवार को गंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोटा में यह 46.1 डिग्री रहा। इसी तरह अधिकतम तापमान करौली में 45.9 डिग्री, धौलपुर में 45.4 डिग्री, पिलानी (झुंझुनू) में 44.4 डिग्री, बीकानेर और फतेहपुर (सीकर) में 43.3 डिग्री, जैसलमेर में 43 डिग्री, जैसलमेर में 42.6 डिग्री और जोधपुर में 41.3 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में पिलानी और चूरू में भी बूंदाबांदी हुई। कोटा और बीकानेर संभाग के कुछ स्थानों पर लू चली। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आगामी 48 घंटों के दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में आंशिक बादल छाए रहने व दोपहर बाद मेघ गर्जन के साथ अचानक 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने व हल्की- मध्यम बारिश होने की संभावना है। शेष अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा। इससे आगामी 48 घंटे में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने तथा अधिकांश भागों में 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड होने की संभावना है। इसके अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में अगले दो-तीन दिन भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4-5 जून को पुन: अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड होने तथा कहीं-कहीं लू की संभावना है। इस बीच एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में भीषण गर्मी से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 30 मई तक पांच लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी, ताजा रिपोर्ट में एक जून तक मरने वालों की संख्या नौ बताई गई है।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून के 15 जून तक मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना: मौसम विभाग

**भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य प्रदेश में 15 जून तक पहुंचने की संभावना है जो राज्य में उसके सामान्य आगमन से दो दिन पहले है। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बृहस्पतिवार को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में समय से पहले ही दस्तक दे दी। केरल और पूर्वोत्तर में मानसून का एक साथ आना काफी दुर्लभ है और इससे पहले चार मौकों-2017, 1997, 1995 और 1991 में, ऐसा हुआ था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भोपाल केंद्र के मौसम विज्ञानी प्रमेंद्र कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, मध्य प्रदेश में मानसून के 15 जून के आसपास या अपने सामान्य समय से एक या दो दिन पहले आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में राज्य में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में औसतन 949 मिलीमीटर बारिश होती है।

## कांग्रेस ने एफडीआई आंकड़े को लेकर फडणवीस की आलोचना की, कहा-महाराष्ट्र हमेशा शीर्ष पर रहा

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र प्रत्यक्ष विदेश निवेश (एफडीआई) प्राप्तकर्ताओं की सूची में लगातार शीर्ष पर रहा है। साथ ही, कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के उस बयान की आलोचना की जिममें उन्होंने कहा था कि महाविकास आघाडी (एमवीए) शासन में राज्य की रैंकिंग नीचे चली गई थी। केंद्रीय उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि महाराष्ट्र को 2000-2012 के दौरान देश में संपूर्ण एफडीआई का 33 प्रतिशत हिस्सा मिला। सावंत ने कहा, अक्टूबर 2019 से जून 2022 तक एमवीए सरकार के कार्यकाल के दौरान भी संपूर्ण एफडीआई के संदर्भ में महाराष्ट्र पहले नंबर पर था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार जून 2022 में एकनाथ शिंदे द्वारा शिवसेना में बगावत करने तथा मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के कारण गिर गई थी। कांग्रेस एमवीए में सहयोगी दल है।फडणवीस ने शुक्रवार को कहा था कि एमवीए शासनकाल के दौरान एफडीआई आकर्षित करने में पीछे रह गया महाराष्ट्र पिछले लगातार दो वर्षों में शीर्ष पर पहुंच गया है। सावंत ने कहा, आपने (फडणवीस ने) अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक का आंकड़ा पेश किया और तब कर्नाटक पहले नंबर पर आया। यदि आपने यह कहा होता कि अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक गुजरात एफडीआई में पहले नंबर पर आया तो और अधिक तर्कसंगत होता। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र महाराष्ट्र की उपेक्षा करता है जिसके कारण गुजरात और कर्नाटक उससे आगे निकल गए।

## बिहार के रोहतास जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात चार सुरक्षाकर्मियों की भीषण गर्मी से मौत

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले में पिछले एक हफ्ते में, चुनाव ड्यूटी पर तैनात चार सुरक्षाकर्मियों की भीषण गर्मी के चलते मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।रोहतास के पुलिस उपमहानिरीक्षक नवीन चंद्र झा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान नगालैंड के दो सुरक्षाकर्मी सहित कुल पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई, जिनमें से चार की मौत भीषण गर्मी के कारण हुई।रोहतास जिला पुलिस द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, रोहतास जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात जिन सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई, उनमें नागालैंड निवासी निकिए सुमी उर्फ निकिए (जुनहेबोटो), पितलोही लोशो (फेक) शामिल हैं। बयान के अनुसार, मृतकों में बिहार पुलिस के सुभाष प्रसाद सिंह (मुंगेर), देवनाथ राम (भोजपुर) और समीउल्लाह (पूर्वी चंपारण) शामिल हैं। साथ ही, राज्य में बृहस्पतिवार से लू के कारण चार आम लोगों के अलावा 10 मतदान कर्मियों की भी मौत हुई है। राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और कई स्थानों पर पारा 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। लू की स्थिति के कारण प्रदेश में सभी स्कूल, कोचिंग संस्थान और आंगनवाड़ी केंद्र आठ जून तक बंद कर दिए गए हैं।

## जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह वृद्धि घरेलू लेनदेन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है।माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।मंत्रालय ने बयान में कहा, मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा है। मई माह के कर संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि, आयात में कमी (4.3 प्रतिशत की गिरावट) के बीच घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि (15.3 प्रतिशत) के कारण हुई है।रिफंड के बाद मई, 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल मई से 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# अवैध धन हस्तांतरण मामले में सरकार किसी का बचाव नहीं करेगी: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध धन हस्तांतरण मामले में किसी का बचाव नहीं करेगी तथा कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े इस मामले में कानून के अनुसार कार्वाई की जाएगी।

राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अवैध धन हस्तांतरण मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। साथ ही, पार्टी ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को बर्खास्त करने की भी मांग की है। सिद्धरमैया ने मंत्री नागेंद्र से जुड़े मामले और उन्हें पद से हटाने की मांग से संबंधित एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, हम किसी को भी नहीं बचाएंगे...चाहे (मामले में शामिल) कोई भी क्यों न हो, हम कानून के अनुसार कार्वाई करेंगे। धन के अवैध हस्तांतरण का यह मामला उस वकत सामने आया था, जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी। उनका एक सुसाइड नोट भी मिला था। इससे यह खुलासा हुआ था कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपए के अनधिकृत हस्तांतरण किया गया, और उसमें से 88.62 करोड़ रुपए अवैध रूप से विभिन्न खातों में स्थानांतरित किए गए, जो कथित तौर पर जानी-मानी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और हैदराबाद स्थित एक सहकारी बैंक से संबंधित थे। चंद्रशेखर ने सुसाइड नोट में, निगम के अब निलंबित किए जा चुके प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगनवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिया है। नोट में यह कहा गया कि मंत्री ने धनराशि हस्तांतरित करने के लिए मौखिक आदेश जारी किए थे। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए बेंगलुरु स्थित आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में आर्थिक अपराध के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मनीष खरबीकर की अध्यक्षता में चार सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि सरकार किसी को नहीं बचाएगी और मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा राजनीति कर रही है, मैं उनसे सवाल नहीं करूंगा। भाजपा के शासनकाल में भी ऐसी चीजें हुई हैं। बसवराज बोम्मई (पूर्व मुख्यमंत्री) को इसकी जानकारी है, बाकी सभी को भी इसकी जानकारी है...हम मामले की जांच कर रहे हैं, हम किसी को नहीं बख्शेंगे।

# सार्वजनिक संस्थान अभिजात्य वर्ग के स्थान बनने पर अनुपयोगी हो जाएंगे : पायल

**नई दिल्ली।** फिल्मकार पायल कपाड़िया ने कहा है कि यदि सार्वजनिक संस्थानों को अभिजात्य वर्ग के स्थानों में तब्दील कर दिया जाए तो वे राष्ट्र के लिए अनुपयोगी हो जाएंगे। कपाड़िया ने स्वतंत्र रूप से फिल्म निर्माण किए जाने को बढ़ावा देने के लिए एक कोष बनाने के वास्ते बड़े बजट की फिल्मों पर कर लगाने की भी हिमायत की।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने कान फिल्म महोत्सव में ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्मकार बनकर इतिहास रच दिया है। कपाड़िया ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक लंबा बयान पोस्ट कर कई विषयों पर अपनी राय रखी। फिल्मकार ने कहा कि सार्वजनिक संस्थान हमेशा सभी लोगों के लिए सुलभ होने चाहिए। कपाड़िया ने कहा, दुर्भाग्य से, मौजूदा समय में सार्वजनिक संस्थान अधिक महंगे होते जा रहे हैं। ए स्थान तभी प्रासंगिक रह सकते हैं और संवाद को बढ़ावा दे सकते हैं जब ए सभी के लिए सुलभ हों। यदि ए संस्थान अभिजात्य वर्ग के स्थान बन जाते हैं, जैसा कि विभिन्न विश्वविद्यालय बीते कई वर्षों के दौरान बन गए हैं, तो यह राष्ट्र के लिए अनुपयोगी हो जाएंगे।



कपाड़िया ने कहा, ऐसे कई निजी संस्थान हैं जो केवल यथास्थिति बनाए रखने और अभिजात वर्ग को अवसर देने के लिए बनाए गए हैं। एफटीआईआई जैसी जगह इस समय इन सबके बीच में है। हमें इसे और भी अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए। निर्देशक ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। कपाड़िया ने कहा कि हालांकि वह सुविधाओं से संपन्न पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं, फिर भी उनके परिवार में महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी मां नलिनी मालानी एक प्रख्यात चित्रकार हैं। कपाड़िया ने अपने करियर में एफटीआईआई के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) में बहुत कुछ सीखा। एफटीआईआई एक ऐसी जगह थी, जहां हम न केवल फिल्म निर्माण के बारे में बल्कि उस दुनिया के बारे में भी अपने विचार तैयार कर सकें, जिसमें हम रहते हैं। फिल्म निर्माण विचारों के आदान प्रदान के बिना नहीं होता। बहस और चर्चा, सवाल और आत्मचिंतन के माध्यम से ही हम उन फिल्मों के करीब पहुंचते हैं जिन्हें हम बनाना चाहते हैं।कपाड़िया 2015 में उन प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों में से एक थीं, जिन्होंने अभिनेता गजेंद्र चौहान की एफटीआईआई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि प्रमुख फिल्म संस्थान के छात्र हमेशा एक-दूसरे से सहमत नहीं होते थे, लेकिन उन्होंने अपने मतभेदों से बहुत कुछ सीखा है।

उन्होंने कहा, किफायती सार्वजनिक शिक्षा ने इसे संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। और यह सिर्फ एफटीआईआई की बात नहीं है। अगर हम अपने देश में बन रही फिल्मों पर विचार करें, तो आप पाएंगे कि उनकी टीम में हमेशा कोई न कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो सार्वजनिक संस्थान - जामिया (मिल्लिया इस्लामिया), जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय), एसआरएफटीआई (सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान) आदि से पढ़ा है। कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट कान में 30 वर्ष में मुख्य प्रतिस्पर्धा में दिखाई गई भारत की पहली और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले शाजी एन. करुण की स्वाहम (1994) मुख्य प्रतिस्पर्धा में दिखाई गई थी। लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा में कुछ ही दिन बचे रहने के बीच, कपाड़िया ने उम्मीद जताई कि नई सरकार कहीं अधिक समानता वाला समाज बनाने की दिशा में काम करेगी, जहां प्रत्एक व्यक्ति का हमारे देश के संसाधनों पर अधिकार होगा और वे कुछ लोगों के हाथों में ही सीमित नहीं होंगे।

# अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण पर आधारित : ऑस्टिन

भाषा। सिंगापुर



**अमेरिकी रक्षा** मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आएगी। सांगरी ला डायलॉग में ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा, फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा, हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं मानता हूं कि जो गति मुझे नजर आती है, वह न केवल बनी रहने वाली है बल्कि एक वक्त पर इसमें तेज भी आएगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में ऑस्टिन ने कहा, इस क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ मिलकर हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं तथा अपने रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता रहेगा। हिंद प्रशांत एक जैव-भौगोलिक क्षेत्र है जिसमें हिंद महासागर, पश्चिमी एवं मध्य प्रशांत सागर शामिल हैं। उसमें दक्षिण चीन सागर भी शामिल है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर क्षेत्र पर अपना दावा करता है। हालांकि ताइवान, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी उसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। अमेरिका, भारत एवं कई अन्य वैश्विक शक्तियां संसाधनों के लिहाज से संपन्न इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के आलोक में मुक्त एवं खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देती रही हैं। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका रक्षा उद्योग जापान समेत इस क्षेत्र के देशों के साथ हाथ मिला रहा है।

## मेक्सिको में ब्रिटेन के राजदूत ने पद छोड़ा

**लंदन।** मेक्सिको में ब्रिटेन के राजदूत ने सोशल मीडिया पर उस वीडियो के पोस्ट होने के बाद अपना पद छोड़ दिया है, जिसमें उन्हें दूतावास के एक कर्मचारी पर असॉल्ट राइफल कथित तौर पर तानते हुए देखा जा सकता है। फाइनेंशियल टाइम्स की खबर के अनुसार जिस दौरान यह घटना हुई, उस वक्त जॉन बेंजामिन उत्तरी मेक्सिको के दो राज्यों सिनालोआ और डुरंगो की यात्रा पर थे। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट की गई वीडियो में बेंजामिन जैसा दिखने वाला एक व्यक्ति वाहन की अगली सीट पर बैठे हुए हैं और उन्हें पीछे की सीट पर बैठे किसी व्यक्ति पर राइफल कथित तौर पर तानते हुए देखा जा सकता है।

## ब्रुकलिन संग्रहालय में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के बाद 34 लोग पुलिस हिरासत में

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी पुलिस ने शनिवार को कहा कि उन्होंने ब्रुकलिन संग्रहालय में फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के बाद 34 लोगों को हिरासत में लिया है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा कुछ कलाकृतियों को नुकसान पहुंचाने और सुरक्षा कर्मचारियों को परेशान करने की बात कही गई है। शुक्रवार दोपहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने संग्रहालय तक मार्च किया, लॉबी में तंबू लगाए और इमारत की छत से स्वतंत्र फलस्तीन का बैनर फहराया। इसके बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कदम उठाया। न्यूयॉर्क शहर के पुलिस अधिकारियों ने संग्रहालय के बाहर भीड़ में हुई हाथापाई के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों को पकड़ लिया और मुक्का मारा, जबकि कुछ प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर प्लास्टिक की बोतलें फेंकीं और अपमानजनक नारे लगाए। अन्य प्रदर्शनकारियों ने बैनर दिखाए, फलस्तीनी झंडे लहराए और भव्य ब्यूक्स आर्ट्स संग्रहालय की सीढ़ियों पर नारेबाजी की जो शहर का दूसरा सबसे बड़ा संग्रहालय है।शहर पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए 34 लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है तथा आरोप निर्धारित किए जा रहे है।संग्रहालय के प्रवक्ता टेलर माटमैन ने एक बयान में कहा कि लोगों की सुरक्षा और कला संग्रहों के बारे मे चिंताओं के कारण संग्रहालय को एक घंटा पहले बंद कर दिया गया। माटमैन ने कहा, दुर्भाग्यवश, हमारे प्लाजा पर मौजूदा और नव स्थापित कलाकृति को नुकसान पहुंचाया गया तथा हमारे जन सुरक्षा कर्मचारियो का शारीरिक और मौखिक रूप से उत्पीड़न किया गया।

## आईओआरए और हिंद महासागर के बहुपक्षीय समूहों को अलग-अलग एजेंडा निर्धारित करने की जरूरत: शोधार्थी

**सिंगापुर।** लंदन के एक शोधार्थी ने कहा है कि हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) और हिंद महासागर क्षेत्र के अन्य बहुपक्षीय समूहों को अलग-अलग एजेंडा निर्धारित करने की जरूरत है और समान मुद्दो के समाधान मे उन्हे एक दूसरे को प्रभावित नही करना चाहिए। दक्षिण एवं मध्य एशिया रक्षा, रणनीति एवं कूटनीति के लिए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) के शोध छात्र विराज सोलंकी ने शुक्रवार को कहा, प्रतएक संगठन के भीतर सहयोग होना चाहिए तथा एक ही मुद्दे पर काम करते हुए एक दूसरे को प्रभावित नहीं करना चाहिए। सोलंकी ने पीटीआई -भाषा से कहा, क्या वे अलग-अलग मुद्दे तैयार कर सकते है ताकि प्रतएक समूह अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और एक दूसरे का सहयोग कर सकेउन्होंने कहा, आईओआरए और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी एवं हिंद महासागर आयोग जैसे अन्य समूह सुरक्षा से संबंधित कई समान मुद्दों पर काम कर रहे हैं, लेकिन वे सहयोग नही कर रहे हैं। सोलंकी ने कहा कि भारत को मालदीव के साथ भी अपने संबंधों को पुनः सुधारने की जरूरत है। उन्होने 2019 के हाइड्रोग्राफिक (जलीय) सर्वेक्षण समझौते को नवीनीकृत न करने के मालदीव के फैसले का भी उल्लेख किया। सोलंकी ने इस महीने की शुरुआत मे नई दिल्ली मे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर और विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर के बीच हुई बैठक को एक अच्छा कदम बताया। इस बैठक मे क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दो और द्विपक्षीय संबंधो पर चर्चा की गई। सोलंकी ने कहा, भारत और मालदीव के बीच विश्वास और अधिक मजबूत होना चाहिए, ताकि दोनों देश आईओआरए के साथ-साथ अन्य बहुपक्षीय क्षेत्रीय कार्यक्रमों पर काम करना जारी रख सकें।

## आंग सान सू की के साथ म्यांमा की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के सह-संस्थापक टिन ऊ का निधन

**बैंकॉक।** म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की के सबसे करीबी सहयोगियो मे से एक और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के सह-संस्थापक टिन ऊ का शनिवार को निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। एक चैरिटी कार्यकर्ता मोह खान ने उनके परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि टिन ऊ का शनिवार सुबह यांगून जनरल अस्पताल मे निधन हो गया। म्यांमा मे चैरिटी कार्यकर्ता अंतिम संस्कार की व्यवस्था संभालते हैं। मोह खान ने बताया कि टिन ऊ को मूत्र विसर्जन मे कठिनाई और कमजोरी सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण बुधवार को यांगून जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन का कारण तत्काल नही बताया गया। टिन ऊ ने 1988 में सैन्य शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद सू की के साथ मिलकर नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की स्थापना मे मदद की। वे नई पार्टी के उपाध्यक्ष और फिर अध्यक्ष बने। लेकिन बाद के सालो मे जब सेना ने उन पर कार्वाई की, तो उन्हें घर मे नजरबंद कर दिया गया जैसा कि सू की के साथ हुआ था। उनकी ही तरह उन्होंने 2010 के आम चुनाव से पूर्व रिहा किए जाने से पहले के 21 वर्षों में से 14 साल घर मे नजरबंद रहकर या जेल में रहकर बिताए। पार्टी ने 1990 का चुनाव जीता था, लेकिन सत्तारूढ़ सेना ने परिणाम रद्द कर दिए थे। जब पार्टी को पूरी तरह से राजनीतिक गतिविधियो को फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई, तो टिन ऊ ने इसके वरिष्ठ नेता और संरक्षक के रूप मे काम किया। वर्ष 2020 के चुनाव में फिर जीत दर्ज करने के बाद 2021 मे सेना ने सू की की सरकार को बेदखल कर दिया। सू की को गिरफ्तार करके उन पर कई आरोप मे मुकदमे चलाए गए, जिन्हे व्यापक रूप से राजनीतिक कारणों से उन्हें जेल में रखने के लिए गढ़ा गया माना गया था। इस बार टिन ऊ को गिरफ्तार नही किया गया और उन्हें उनके यांगून स्थित घर मे चुपचाप रहने दिया गया। टिन ऊ सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी मे शामिल हुए थे। वे दिवंगत तानाशाह जनरल ने विन की सरकार के तहत 1974 और 1976 के बीच सशस्त्र बलों के चौथे कमांडर-इन-चीफ थे। सेवानिवृत्ति के एक साल बाद उन्हें ने विन के खिलाफ एक असफल तख्तापलट के बारे मे कथित तौर पर जानकारी छिपाने के लिए कैद किया गया था, लेकिन 1980 मे आम माफी के तहत उन्हे रिहा कर दिया गया था।

## श्रीलंका पुलिस ने भारत में हिरासत में लिए गए चार आईएसआईएस संदिग्धों के आका को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के साथ कथित संबंधो के कारण भारत मे अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के संदिग्ध आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी मे मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमे जनता से उसके बारे मे जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था। गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आईएसआईएस से संबंध रखने के आरोप मे चार श्रीलंकाई नागरिको को अहमदाबाद में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। ए लोग इंडिगो की उड़ान के जरिए श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से 19 मई को चेन्नई पहुंचे थे। श्रीलंकाई सुरक्षा बलों को संदेह है कि 46 वर्षीय संदिग्ध उस्मान इन चार श्रीलंकाई नागरिको का आका है। अब तक की जांच पर टिप्पणी करते हुए पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने कहा कि पुलिस अभी तक यह सत्यापित नही कर पाई है कि चारों संदिग्धों का आईएसआईएस से कोई संबंध है या नही। उन्होने कहा, क्या चारो संदिग्धो ने श्रीलंका मे आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा दिया था, इस बारे मे अभी तक पुष्टि नही हुई है। अधिकारियों का कहना है कि वे 2019 के ईस्टर हमले के बाद द्वीप पर संभावित आईएसआईएस गतिविधियों को लेकर कोई जोखिम नही लेंगे। ईस्टर पर हुए हमले मे 270 से अधिक लोग मारे गए थे। श्रीलंकाई प्राधिकारियों ने गुजरात मे गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के खिलाफ जांच के लिए पिछले महीने एक उच्च स्तरीय अभियान शुरू किया था।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज सेवानिवृत्त

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र में** भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने शनिवार को बताया कि 35 वर्ष से अधिक के शानदार करियर के बाद वह सेवानिवृत्त हो गई हैं। वैश्विक संस्था में भारत की राजदूत के रूप में इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली पहली महिला राजनयिक कंबोज 1987 में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में शामिल हुई थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।वरिष्ठ राजनयिक कंबोज (60) ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, इन बेहतरीन वर्षों और अविस्मरणीय अनुभवों के लिए धन्यवाद भारत। कंबोज सिविल सेवा के 1987 बैच की अखिल भारतीय महिला टॉपर और विदेश सेवा के 1987 की बैच की टॉपर थीं। उन्होंने दो अगस्त, 2022 को औपचारिक रूप से न्यूयॉर्क में भारत की स्थाई प्रतिनिधि।राजदूत का पदभार संभाला था।कंबोज की सेवानिवृत्ति की घोषणा पर पूर्व राजदूतों से लेकर आम लोगों तक ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हिंदी, अंग्रेजी और फ्रेंच तीन भाषाएं बोलने वाली कंबोज ने 1989 से 1991 तक पेरिस स्थित भारतीय दूतावास में तृतीय सचिव के रूप में अपनी राजनयिक यात्रा शुरू की थी।

# दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका में ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। बुधवार को हुए चुनाव के लिए लगभग 99 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40 प्रतिशत से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया।निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है।विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया, लेकिन अफ्रीका की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आगे का रास्ता जटिल है क्योंकि अभी तक कोई गठबंधन सहयोगी वार्ता के वास्ते तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को लगभग 21 प्रतिशत वोट मिले। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई एमके पार्टी अपने पहले चुनाव में 14 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही।सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी।

## अफगानिस्तान में नदी पार करते वक्त नाव डूबी, कम से कम 20 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में एक नदी पार करते हुए शनिवार सुबह एक नाव पलटने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नंगरहार प्रांत में सूचना व संस्कृति विभाग में प्रांतीय निदेशक कुरैशी बदलोन ने कहा कि मोहमंद दारा जिले में एक नदी पार करते हुए नौका डूबने से महिलाओं और बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गई। बदलोन ने बताया कि नाव में 25 लोग सवार थे। ग्रामीणों के अनुसार, इनमें से पांच ही लोग जीवित बचे हैं। नंगरहार के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में बताया कि अभी तक एक पुरुष, एक महिला, दो लड़कों और एक लड़की समेत पांच शव बरामद किए गए हैं। एक चिकित्सा दल और एम्बुलेंस को इलाके में भेजा गया है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि हादसे किस वजह से हुआ। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी अब भी अन्य शवों की तलाश कर रहे हैं। इलाके के निवासी गांवों और स्थानीय बाजारों के बीच सफर करने के लिए स्थानीय रूप से बनाई गई नौकाओं का अक्सर इस्तेमाल करते हैं।

## पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार सैनिकों की मौत, तीन घायल

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तरपश्चिम क्षेत्र में एक आईईडी विस्फोट में सेना के कम से कम चार जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई जब सुरक्षाबल देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सरा बंग्ला और तारखानन इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि आईईडी से किए गए विस्फोट में पाकिस्तानी सेना के कम से कम चार जवानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया और उन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। विस्फोट में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया गया है। पुलिस ने बताया, मृतक जवानों की पहचान जुबैर, एजाज, फैसल और आसिफ के तौर पर की गई है जबकि घायलों की पहचान कादिर, नजीब और रहमान के रूप में की गई है। अभी किसी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदार नहीं ली है।

## रूस और यूक्रेन ने युद्ध में बंदी बनाए गए सैनिकों एवं आम नागरिकों की अदला-बदली की

**सुमी ( यूक्रेन )।** यूक्रेन और रूस ने युद्ध में बंदी बनाए गए एक दूसरे के 75-75 सैनिकों की शुक्रवार को अदला-बदली की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच पिछले तीन महीनों में पहली बार युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) की अदला-बदली की गई है। यूक्रेन के चार आम नागरिकों सहित युद्धबंदियों को कई बस से उत्तरी सुमी क्षेत्र में पहुंचाया गया। बस से उतरते ही वे खुशी से चिल्लाने लगे और उन्होंने अपने परिजनों को फोन करके अपने स्वदेश लौटने की जानकारी दी। कुछ लोग घुटनों के बल बैठ कर जमीन को चूमने लगे जबकि कई लोगों ने अपने आप को पीले-नीले झंडों में लपेट कर एक-दूसरे को गले लगाया और फूट-फूट कर रोने लगे। अधिकारियों ने बताया कि युद्धबंदियों की अदला-बदली से कुछ समय पहले इसी स्थान पर दोनों पक्षों ने सैनिकों के शव भी एक-दूसरे को सौंपे थे।इस वर्ष में चौथी बार और फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से 52वीं बार युद्ध बंदियों की अदला-बदली की गई है।

# हमास अब इजरायल पर एक और बड़ा हमला करने में सक्षम नहीं है: बाइडन

वाशिंगटन, । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को दावा किया कि हमास अब इजरायल पर बड़े पैमाने पर एक और हमला करने में सक्षम नहीं रह गया है। साथ ही उन्होंने इजरायल और हमास से आग्रह किया कि वे शेष बंधकों को रिहा कर युद्ध-विराम समझौता करें। बाइडन ने इजरायल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध के बारे में चर्चा की। इजरायली सेना ने शुक्रवार को पुष्टि की कि अब उसकी सेना रफह के मध्य हिस्सों में हमला करने की तैयारी कर रही है। बाइडन ने



इजरायली अधिकारियों द्वारा हमास को दिए गए तीन-चरणीय समझौते के बारे में बात करते हुए कहा, यह वास्तव में एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा, इजराइल ने अपना प्रस्ताव रखा है। हमास का कहना है कि वह भी युद्ध विराम चाहता है। ऐसे में यह समझौता यह साबित करने का एक अवसर है कि क्या वे वास्तव में ऐसा चाहते हैं। इस महीने की शुरुआत में हमास और इजरायल के बीच युद्ध-विराम समझौता होने से रुक गया था क्योंकि हमास ने यह मांग की थी कि युद्ध समाप्त होने के बाद इजरायली सेना गाजा से पूरी तरह हट जाएगी और इसके बदले में हमास उनके सभी बंधकों को रिहा कर देगा, लेकिन इजरायल ने हमास की इस मांग को अस्वीकार कर दिया था।

## स्पेलिंग बी के फाइनल में जगह बनाने वाले प्रतिभागी व्हाइट हाउस पहुंचे

वाशिंगटन। स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को शुक्रवार को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा। फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं जिनमें कैलिफोर्निया के ऋषभ साहा (14) और श्रेय पारिख (12), कोलोराडो की अदिति मुथुकुमार (13) तथा नॉर्थ कैरोलाइना निवासी अनन्या राव प्रसन्ना (13) हैं।

# रक्षा सहयोग पर भारत के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेंगे : फिलीपीन के राष्ट्रपति

भाषा। सिंगापुर

**फिलीपीन** के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा है कि उनकी सरकार क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसेै युद्ध के कृत्यै के रूप में मानेगा और इसी के अनुसार जवाबी कार्वाई करेगा। मार्कोस ने शुक्रवार रात वार्षिक शांगरी-ला संवाद में कहा, हमारी व्यापक द्वीपसमूह रक्षा अवधारणा के तहत, हम अपनी सेनाओं को उन क्षेत्रों में तैनात करने की क्षमता विकसित करेंगे जहां हमें संवैधानिक कर्तव्य और कानूनी अधिकार के अनुरूप अपने हितों की रक्षा तथा अपनी विरासत को संरक्षित करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि फिलीपीन क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत तथा दक्षिण कोरिया जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करेगा। दक्षिण चीन सागर और विशाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रेखांकित करते हुए मार्कोस ने कहा, जिस तरह हम अंतरराष्ट्रीय मामलों में कानून के शासन को कायम रखने के लिए काम करते हैं, वैसे ही हम अपने समुद्री क्षेत्र और वैश्विक परिदृश्य में अपने हितों की रक्षा के लिए अपनी क्षमताओं का निर्माण करेंगे। उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के चलते फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसेै युद्ध का कृत्यै मानेगा और इसी के अनुसार जवाब देगा। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। अप्रैल में, फिलीपीन ने 2022 में दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते के हिस्से के रूप में भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों की खेप प्राप्त की थी। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की संयुक्त उद्यम कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने फिलीपीन को तट आधारित पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करने के लिए जनवरी 2022 में मनीला के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। हाल में, एक भारतीय नौसैन्य पोत ने फिलीपीन की सद्भावना यात्रा की थी। भारत और दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) के बीच कई बहुपक्षीय सहयोग समझौते हुए हैं जिनमें फिलीपीन एक प्रमुख सदस्य है।

## या में तुर्किए के ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गए : कुर्द समूह

भाषा। कामिशली (सीरिया)

**उत्तरी सीरिया** में शुक्रवार शाम को तुर्किए के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गए जबकि 11 नागरिक घायल हो गए। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्किए के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्वाई करने से नहीं हिचकेगी। तुर्किए की सरकार का आरोप है कि इन समूहों का तुर्किए में प्रतिबंधित कुर्द उग्रवादियों के साथ संबंध है। एसडीएफ ने कहा कि ड्रोन ने कामिशली और उसके आसपास उसके परिसरों तथा आम लोगों के मकानों एवं वाहनों पर आठ बार प्रहार किया। उत्तरी सीरिया में तुर्किए के ऐसे हमले असामान्य नहीं हैं। कुर्दिश रेड क्रीसेंट ने कहा कि जब उसके अर्धचिकित्साकर्मी हमले वाले क्षेत्रों में पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

# किशोरावस्था में ही लग जाती है धूम्रपान की लत

द कन्वरसेशन। मेलबर्न

**विश्व स्वास्थ्य** संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं।2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7ऊ मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6ऊ माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था।शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं।मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और

## सिगरेट कंपनियां इसी समूह को बनाती है निशाना

युवा वयस्कों के बीच तंबाकू विपणन के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।पिछले एक दशक में, मैंने उन तरीकों पर शोध किया है जिनसे तंबाकू कंपनियां बच्चों और युवा वयस्कों को अपने उत्पाद बेचती हैं।धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है।किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है,



जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं।दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तम्बाकू कंपनियाँ अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तम्बाकू उत्पादों का विपणन करती रहीं।2021 के एक अध्ययन में, मेरी टीम और मैंने दिखाया कि कार्टून छवियों के साथ ई-सिगरेट मार्केटिंग के संपर्क में आने से हाई स्कूल के छात्रों की ई-सिगरेट से होने वाले नुकसान की धारणा में कमी आई है। अनुसंधान स्पष्ट करता है कि परिप्रेक्ष्य में यह बदलाव किशोरों को ई-सिगरेट आज़माने के लिए अधिक उत्सुक बना सकता है।पहले के एक अध्ययन में, मेरी टीम और मैंने युवा वयस्कों के बीच ई-सिगरेट का उपयोग करने की प्रवृत्ति पर संगीत वीडियो में ई-सिगरेट उत्पाद प्लेसमेंट और इमेजरी के प्रभाव की जांच की। हमने पाया कि संगीत वीडियो में ई-सिगरेट उत्पाद प्लेसमेंट के प्रदर्शन ने भविष्य में ई-सिगरेट आज़माने के लिए युवा वयस्कों के इरादों को बढ़ा दिया है।सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उद्भव ने तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों द्वारा स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया प्रभावितों की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है। उदाहरण के लिए, 2021 में, शोधकर्ताओं ने पाया कि किशोर गेमर्स के बीच लोकप्रिय वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन के स्वामित्व वाले ट्विच पर प्रभावशाली लोगों द्वारा ई-सिगरेट का उपयोग और प्रचार किया जा रहा था।इसी तरह, स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं। उदाहरण के लिए, 2022 के एक अध्ययन में, मैंने और मेरी टीम ने ई-सिगरेट से संबंधित सामग्री के लिए नेटफ्लिक्स के मूल टीवी शो और फिल्मों का विश्लेषण किया। सबसे विशेष रूप से, हमने पीजी-13 फिल्म ैह्यूबी हैलोवीनै में ई-सिगरेट रखने वाले किशोरों के संक्षिप्त प्रतिनिधित्व का दस्तावेजीकरण किया। हमारे निष्कर्ष पीजी-13 सामग्री के लिए नेटफ्लिक्स की ई-सिगरेट न देने की प्रतिज्ञा का खंडन करते हैं।यह नेटफ्लिक्स कार्यक्रमों में ई-सिगरेट के इस्तेमाल की बाहरी पार्टी निगरानी की आवश्यकता का सुझाव देता है। प्रत्एक देश को बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट विपणन पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तम्बाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है।अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तम्बाकू सामग्री के संपर्क में हैं।

# टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में दिखा भारत का दम

**● बांग्लादेश को 60 रन से हराया**

भाषा। न्यूयॉर्क

**भारत ने टी20** विश्व कप के अभ्यास मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 60 रन से शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश की ओर से महमूदुल्लाह (40) और शाकिब अल हसन (28) ने छठे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को बुरी हार से बचाया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने दो-दो जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट चटकाए। ऋषभ पंत ने टी20 विश्व कप के लिए भारत की अंतिम एकादश में


ऋषभ पंत ने खेली अर्धशतकीय पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अपनी दावेदारी को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में तूफानी अर्धशतक बनाकर मजबूत किया जिससे टीम ने पांच विकेट पर 182 रन बनाए। पंत दिसंबर 2022 में भयानक कार दुर्घटना के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे है। वह धीमी पिच पर 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। इस पारी से टीम में विकेटकीपर के दावेदार के तौर पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया।सैमसन ने कप्तान रोहित शर्मा (19 गेंद में 23 रन) के साथ पारी का आगाज किया था लेकिन वह छह गेंद में एक रन ही बना सके।विश्व कप के मुख्य मैचों में रोहित के साथ विराट कोहली के भारतीय पारी की आगाज करने की संभावना है लेकिन कोहली शुक्रवार को ही अमेरिका पहुंचकर टीम से जुड़े है। वह इस अभ्यास मैच का हिस्सा नहीं थे।पंत ने दूसरे विकेट के लिए 48 और सूर्यकुमार यादव (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रन की अहम साझेदारी की।हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवरों में सहजता से कुछ बड़े शॉट खेल 23 गेंद में नाबाद 40 रन का योगदान दिया। आईपीएल 2024 से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने शानदार करने वाले पंत ने अपनी लय को यहां भी जारी रखा।उन्होंने सौम्य सरकार के खिलाफ फ्लिक कर फाइन लेग पर शानदार चौका जड़ा तो वही महमुदूल्लाह रियाज के खिलाफ एक हाथ से गेंद को दर्शकों के पास पहुंचा दिया।उन्होंने शाकिब के खिलाफ लगातार गेंद पर छक्का लगाने के बाद 12वें ओवर में इस गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाकर 32 गेंद मे अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर रिटायर आउट हो गए।शिवम दुबे को चार रन पर जीवनदान मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह 16 गेंद में 14 रन बनाकर आउट हो गए।भारत को अब तेजी से रन बनाने की जरूरत थी और हार्दिक इस कसौटी पर खरे उतरे। हार्दिक को 26 रन पर जीवनदान मिला। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ा। आईपीएल में निराशाजनक अभियान के बाद इस तरह की पारी से हार्दिक का हौसला और टीम प्रबंधन का उन पर विश्वास जरूर बढ़ेगा।

# इम्पैक्ट खिलाड़ी का खुलासा टॉस के समय हो चाहिए: गांगुली

भाषा। मुंबई



**पूर्व** भारतीय कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम को जारी रखने के पक्ष में हैं लेकिन चाहते हैं कि टीम अपने इम्पैक्ट खिलाड़ी का फैसला टॉस के समय ही करें। हाल में खत्म हुए आईपीएल सत्र के बाद इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम काफी चर्चा में रहा क्योंकि इस चरण में आठ दफा 250 रन से ज्यादा का स्कोर बना। गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आईपीएल के आगामी सत्र में मैदान की बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है। आईपीएल में सिर्फ मैं एक चीज चाहता हूं कि इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, यह शानदार टूर्नामेंट है। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ आप सिर्फ एक चीज कर सकते हो कि इसका फैसला टॉस से पहले हो जाए। टॉस से पहले खुलासा करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी। लेकिन मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के पक्ष में हूं। पृथ्वी साव का इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन इतना शानदार नहीं रहा लेकिन गांगुली का कहना है कि वह अब भी युवा है और छोटे प्रारूप के दाव पेच सीख रहा है। उन्होंने कहा, वह (साव) काफी युवा है। वह अभी 23 साल का ही है। वह अब भी सीख रहा है कि टी20 क्रिकेट कैसे खेला जाए। वह शानदार प्रतिभा का धनी है और बेहतर ही होगा। कभी कभार हम हर किसी से पहले ही काफी कुछ उम्मीद लगाने लगते हैं और पृथ्वी के कौशल को देखते हुए मुझे पूरा भरोसा है कि वह अच्छा करेगा। गांगुली ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 2022 में कार दुर्घटना से पहले की तरह खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, वह आईपीएल में हमारे लिए (दिल्ली कैपिटल्स) शानदार रहा इसलिए उसने जिस तरह से वापसी की, उसे देखकर खुश हूं। मैंने हमेशा ही कहा है कि वह विशेष खिलाड़ी है।

## बालाजी-मार्टिनेज की जोड़ी पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेएस-वेरेला मार्टिनेज ने शनिवार को यहां डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। पेरिस ओलंपिक में बालाजी के रोहन बोपन्ना का जोड़ीदार बनने की ज्यादा संभावना है। बालाजी और मार्टिनेज ने शुरुआती दौर में अमेरिका के रीस स्टेल्डर और नीदरलैंड के सेम वर्बीक को हराया था। इस जोड़ी के सामने प्री-क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी की चुनौती हो सकती है। इसके लिए हालांकि बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को दूसरे दौर में जीत दर्ज करनी होगी।

## नेपाल और नीदरलैंड टी20 विश्व कप में कर सकते हैं उलटफेर: गिलक्रिस्ट

बारबडोस। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि नेपाल और नीदरलैंड टी20 विश्व कप में बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी टीमों के खिलाफ चौंकाने वाले परिणाम दे सकते हैं। नेपाल और नीदरलैंड को बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। गिलक्रिस्ट का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के कारण नेपाल की टीम काफी मजबूत हो गई है। गिलक्रिस्ट ने शनिवार को एसईएन रेडियो से कहा, मेरा मानना है कि नेपाल एक ऐसी टीम है जो अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। उसके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो पिछले कुछ वर्षों से लगातार बड़ी लीग में खेल रहे हैं। नेपाल को हालांकि विश्व कप से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि उसके लेग स्पिनर संदीप लामिछाने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नीदरलैंड की टीम ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को हराकर उलटफेर किया था और गिलक्रिस्ट का मानना है कि इस टीम को हराना आसान नहीं होगा।नीदरलैंड की टीम हमेशा चुनौती पेश करती है तथा वह फिर से उसी ग्रुप में है जिसमें दक्षिण अफ्रीका है। पिछले विश्व कप में एडिलेड में खेले गए मैच में उसने दक्षिण अफ्रीका को हराया था और इस बार भी वह उलटफेर कर सकती है।

## जैस्मीन पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के करीब, सचिन बॉक्स-ऑफ खेलेंगे

बैंकॉक। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया यहां विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 57 किग्रा क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड की एना मारिजा मिलिसिक पर शानदार जीत दर्ज करके पेरिसओलंपिक कोटा हासिल करने के करीब पहुंच गई हैं। भारत की इस 22 साल की खिलाड़ी ने अंतिम 16 मुकाबले में जजों के सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से मिलिसिक को शिकस्त दी। क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में चार कोटा स्थान है। जैस्मीन को पेरिस खेलों में अपनी जगह पक्की करने और भारत के लिए 57 किग्रा कोटा पुन: प्राप्त करने के लिए रविवार को अपना क्वार्टर फाइनल जीतना होगा। परवीन हुड्डा ने 2023 एशियाई खेलों में 57 किग्रा कोटा हासिल किया था, लेकिन पिछले महीने डोपिंग (रहने के स्थान बताने में विफलता के कारण) के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया था, जिससे भारत को कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। जैस्मीन ने एशियाई खेलों और ओलंपिक के पहले क्वालीफायर में 60 किग्रा में चुनौती पेश की थी लेकिन टूर्नामेंट में रिजर्व के रूप में सूचीबद्ध होने के कारण उन्हें 57 किग्रा में भाग लेने की अनुमति मिल गई। जैस्मीन और मिलिसिक ने शुरुआत में एक-दूसरे को आंकने पर ध्यान दिया। जैस्मीन ने इसके बाद अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया और मिलिसिक लगातार मुक्के बरसाए। स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन जैस्मीन उनसे दूरी बनाए रखने में सफल रही। जैस्मीन ने अपनी कद का इस्तेताल करते हुए मिलिसिक पर दबाव बनाए रखा। पुरुषों के 57 किग्रा में पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने 57 किग्रा सेमीफाइनल में अच्छी कोशिश की लेकिन तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता फिलीपींस के कार्लो पालम से 0-5 से हार गए। सचिन को ओलंपिक कोटा हासिल करने का हालांकि एक और मौका मिलेगा क्योंकि 57 किग्रा में तीन कोटे उपलब्ध हैं। सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों मुक्केबाज सचिन और किर्गिस्तान के मुनारबेक सेइटबेक उउल रविवार को कोटा स्थान के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगे। निशांत देव (पुरुष, 71 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना स्थान पक्का कर चुके हैं। सचिन ने बहुत कोशिश की लेकिन पालम के मुक्कों का करारा जवाब नहीं दे सके। फिलीपींस के मुक्केबाज को मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाने का फायदा मिला। सचिन को रक्षात्मक खेल खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## तन्वी शर्मा ने बोन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिताब जीता

**बोन ( जर्मनी )।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे की वांग पेई यु को दो गेम में पराजित कर बोन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ फ्यूचर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग पर 181वें स्थान पर काबिज तन्वी ने आधे घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे की खिलाड़ी पर 21-19 22-20 से जीत दर्ज की। पंजाब की 15 साल की तन्वी मलेशिया में सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुर्खियों में आई थीं। पर भारत की श्रीनिधि नारायणन और राधिका शर्मा की महिला युगल जोड़ी को निराशा हाथ लगी। उन्हें एकतरफा मुकाबले में तुर्कीए की यास्मेन बेकटास और जेहरा अर्डम से 17-21 10-21 से हार मिली। पुरुष युगल में प्रकाश राज और गौस शेख की भारतीय जोड़ी को नीदरलैंड के नोआ हासे और डियोन वान विजलिक की जोड़ी ने 21-19 21-16 से मात दी।

# रिबाकिना और सबालेंका चौथे दौर में

**फ्रेंच ओपन : ऑगर अलियासिमे भी जीते**

भाषा। पेरिस



**ग्रैंडस्लैम विजेता** एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। चौथी वरीय और 2022 विम्बलडन चैम्पियन रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सबालेंका ने पाउला बडोसा पर 7-5, 6-। से जीत हासिल की। पूर्व शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी सबालेंका का रोलां गैरो पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है जबकि कजाखस्तान के लिए मेजर खिताब जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी रिबाकिना यहां क्वार्टरफाइनल तक पहुंच चुकी हैं। रूस में जन्मीं फ्रांस की वारवारा ग्राचेवा ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगु को 7-5, 6-3 से हराकर पहली बार मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के तीसरे दौर के मुकाबलों में 21वें वरीय कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने अमेरिका के 15वें वरीय बेन शेल्टन को 6-4, 6-2, 6-। से शिकस्त दी। यह मैच शुक्रवार शाम को बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और शनिवार को पूरा किया। अलियासिमे कभी भी यहां क्वार्टरफाइनल तक नहीं पहुंच सके हैं और ऐसा करने के लिए उन्हें स्पेन के दो बार के मेजर विजेता कार्लोस अल्काराज का हराना होगा। लगातार पांचवें दिन बारिश ने मुकाबलों में बाधा डाली। दोपहर एक बजे बारिश के साथ ठंडी हवा भी चल रही थी जिससे तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। बीती रात स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज़, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-। से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे।महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौज़कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

# डीपी मनु ने ताइवान ओपन में भाला फेंक का स्वर्ण पदक जीता

भाषा। नई दिल्ली

भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था। वह फेडरेशन कप में ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहने वाले मनु को अभी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना बाकी है, जिसके लिए क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर है। चोपड़ा और किशोर जेना पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में नित्या रामराज महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.23 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इससे पहले दिन की शुरुआत में हीट रेस के दौरान उन्होंने 13.12 सेकंड के साथ व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। महिलाओं की 400 मीटर फाइनल में वीके विस्मया ने 53.49 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# सर्जरी के बाद बेहतर आहार योजना के साथ सूर्यकुमार ने 15 किलो वजन कम किया

भाषा। न्यूयॉर्क

**प्रतिस्पर्धी क्रिकेट** में वापसी के बाद से सूर्यकुमार यादव पहले से कहीं अधिक दुबले और फिट दिख रहे हैं जिसमें स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के बाद कठोर परिश्रम के साथ उनकी नियमित आहार योजना ने अहम भूमिका निभाई।टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यह बल्लेबाज पिछले साल दिसंबर में टखने के ऑपरेशन और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लगभग चार महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहा था।किसी खिलाड़ी के लिए सर्जरी के बाद फिटनेस का शीर्ष स्तर हासिल करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। सूर्या बेहतर आहार योजना की मदद से 12 से 14 किलो वजन कम करने में सफल रहे।सूर्यकुमार के पोषण पर कुछ समय तक काम करने वाली आहार विशेषज्ञ और माइंड योर फिटनेस की संस्थापक श्वेता भाटिया ने कहा, सूर्यकुमार पहले से अधिक दुबले दिख रहे हैं लेकिन उनका शरीर पहले से ज्यादा मजबूत है। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्य आहार के साथ पूरक आहार की योजना बनाई थी। भाटिया ने कहा, सर्जरी के बाद उनका वजन थोड़ा बढ़ गया था जो एक नैसर्गिक प्रक्रिया है। फिर वह 14-15 किलोग्राम वजन कम करने में सफल रहे। डेक्सा मशीन इसकी पुष्टि कर सकता है कि इस 15 किलो में से 13 किलो वसा का वजन होगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खिलाड़ी के शरीर की संरचना की जांच करने के लिए एक डेक्सा मशीन होती है।

## आइपीएल में सीखा कि मैच परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम है : सुदर्शन

**चेन्नई।** युवा क्रिकेटर साई सुदर्शन ने हाल में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से काफी कुछ सीखा है जिसमें मैच की परिस्थितियों के अनुसार पारी को संवारना भी शामिल है। सुदर्शन आईपीएल के बीते सत्र में गुजरात टाइटन्स के लिए 12 मैच में 527 रन बनाकर सर्वाधिक रन जुटाने वाले टीम के खिलाड़ी रहे जिसमें उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक जड़े। उन्होंने यहां तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) द्वारा टीएनसीए क्रिकेटर ऑफ इ ईयर की बिष्णुराम मेधी ट्राफी जीतने के बाद पीटीआई से बातचीत में कहा, इस साल के आईपीएल से काफी कुछ सीखा। यह मेरा पहला सत्र था जिसमें मैंने सत्र के सभी मैच खेले। हमने सीखा कि एक अच्छी और खराब पारी को कैसे संवारना होता है। इस आईपीएल ने मुझे यह सिखाया। सुदर्शन तीन वनडे में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वह पिछले सत्र से शानदार फॉर्म में हैं। उनहोंने कहा, मैं भारत ए के लिए खेला हूं और मुझे लगता है कि परिस्थितियों के अनुरूप ढलना सबसे अहम है और यही मेरा फोकस रहा है।

## शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई, वीर और ओम प्रकाश चूके

**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है।पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई।इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## अदिति अशोक ने यूएस महिला ओपन में कट हासिल किया

लैकेस्टर (अमेरिका), एक जून (भाषा) भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यूएस महिला ओपन ने दूसरे दौर में एक ओवर 71 का कार्ड खेला जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दिन अदिति ने तीन ओवर 74 का कार्ड बनाया था जिससे उनका कुल स्कोर चार ओवर का हो गया है। वह लीडरबोर्ड पर संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई है। अदिति ने दूसरे दौर में दो बर्डी लगाई जबकि तीन बोगी कर बैठी। पहले दौर में उन्होंने तीन बर्डी, चार बोगी और एक डबल बोगी की थी।

## ग्लोबल बॉक्सिंग सीरीज में भाग लेंगे 16 मुक्केबाज

**मुंबई।** ईशान रावत और तायने डिविलियर्स उन 16 मुक्केबाजो में शामिल है जो शनिवार को यहां आयोजित होने वाली ग्लोबल बॉक्सिंग सीरीज के उद्घाटन सत्र के आठ मुकाबलो के लिए रिंग मे उतरेंगे। वर्ली में जेड गार्डन बैंक्वेट्स में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के ज्यादातर मुक्केबाज यहां पेशेवर पदार्पण करेंगे। इन मुक्केबाजो में नक्कलहेड वॉरियर के नाम से जाने जाने वाले इशान और डिविलियर्स प्रमुख नाम है। डिविलियर्स के पिता कई एमएमए चैंपियन के लिए प्रशिक्षक रहे हैं। महाराष्ट्र के मल्हार भोसले और राजकुमार वाघ, हैदराबाद के जयंत गुंजी, सुरेश पाशम और सैमुअल, तमिलनाडु के हाशिर और प्रदीश के साथ-साथ गुजरात के पारस चौहान इसमें भाग लेने वाले अन्य मुक्केबाज है। प्रतियोगिता का आयोजन रेडियो जॉकी, होस्ट और एंकर सलिल आचार्य के साथ देवराज दास द्वारा किया जाता है। दास, मरीन प्रो बॉक्सिंग (पेशेवर मुक्केबाजी) के संस्थापक है।

## डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन मे दूसरे दौर के बाद तालिका मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होने बारिश से प्रभावित पहले दौर मे दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर मे छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर आठ अंडर का है। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता मे कट मे जगह बनाने मे सफल रही है।अन्य भारतीयो मे त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वे स्थान पर है और वह कट मे आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर मे 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर मे अपना खेल शुरू नही किया है।

# सिंगापुर ओपन : त्रिसा-गायत्री का सफर सेमीफाइनल में हार से समाप्त

भाषा। सिंगापुर

**भारत की** त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह फरवरी में एशिया टीम चैम्पियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-। हो गया है।



# भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-0 से हराया

**एफआईएच प्रो हॉकी लीग**

भाषा। लंदन



भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गई। इसके बाद सुखजीत ने 41वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। सुखजीत ने अभिषेक को पास दिया और सर्कल की ओर दौड़े। अभिषेक ने इसे सुखजीत को वापस दिया जिन्होंने जर्मनी के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार शॉट लगाया। इसके तीन मिनट बाद गुरजंत ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया। संजय ने गोल लाइन पर गेंद जरमनप्रीत सिंह की ओर बढ़ाई। इस डिफेंडर ने फिर गेंद को गुरजंत को वापस भेज दिया, जिन्होंने स्टैडलर को छकाते हुए गोल दागा। जर्मनी की टीम दबाव में आ गई थी और उसने भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने की पूरी कोशिश की। लेकिन श्रीजेश ने उन्हें इसमें सफलता हासिल नहीं करने दी।

## कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था। लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 खिलाड़ियों को आउट किया है। वह अंतिम बार भारत के लिए 2022 टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। वह देश के लिए राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में भी खेल चुके हैं। उन्होंने लिखा, मैं अपने सभी कोच, कप्तानों, चयनकर्ताओं और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने मेरी लंबी यात्रा का खुशगवार और आनंददायक बनाया। कार्तिक का टेस्ट में अच्छा दौरा 2007 में इंग्लैंड का दौरा था जिसमें उन्होंने वसीम जाफर के साथ पारी का आगाज किया था और तीन मैच में तीन अर्धशतक से 263 रन बनाए थे। इस साल के शुरू में उन्होंने बांग्लादेश में पहला टेस्ट शतक भी जमाया था जो उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एकमात्र सैकड़ा भी बन गया। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ निधास ट्राफी के फाइनल में सौम्य सरकार की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर देश को खिताब दिलाया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।